सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 24.1 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 26.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80802.86 |
| निफ्टी | 24698.85 |
| सोना | 72,650 |
| चांदी | 88,041 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 21 अगस्त 2024 | 6 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 244, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



पार्टी में चार चांद लगाएंगे श्वेता के ये फैंसी सलवार-सूट

पृष्ठ 4 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### भूकंप के दो झटकों से हिला जम्मू-कश्मीर



**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह दो बार भूकंप के झटके लगे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, पहला भूकंप रिक्टर स्केल पर 4.9 तीव्रता और दूसरा 4.8 तीव्रता का था। भूकंप में एक व्यक्ति घायल हुआ है, जबकि कई घरों में दरारें पड़ गई हैं। भूकंप का केंद्र बारामूला था। वहीं, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से पीओके में भी 5.1 तीव्रता से दो बार भूकंप आया। (अनंत ज्ञान)

### 9 राज्यसभा सीटों के लिए भाजपा ने जारी की लिस्ट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने 8 राज्यों की 9 राज्यसभा सीटों पर तीन सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। किरण चौधरी को हरियाणा और रवनीत बिट्टू को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा असम से मिशन रंजन दास और रामेश्वर तेली, बिहार से मनन कुमार मिश्रा, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता और त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्जी को मैदान में उतारा है।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि 27 अगस्त तक बढ़ा दी। केजरीवाल न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुए। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने हिरासत अवधि 27 अगस्त तक बढ़ा दी।

### सीरम इंस्टीट्यूट का एमपॉक्स वैक्सीन बनाने का ऐलान

**नई दिल्ली।** दुनिया के कई देशों में एमपॉक्स वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी बीच कोरोना वैक्सीन बनाने वाले सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एमपॉक्स की वैक्सीन बनाने का ऐलान किया है। सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि हम एक वैक्सीन विकसित करने पर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर अच्छी खबर आएगी।

### हिमाचल में डॉक्टरों ने वापस ली हड़ताल

**शिमला।** हिमाचल के अस्पतालों में बुधवार से ओपीडी सुचारु रूप से चलेगी। डॉक्टरों ने हड़ताल को वापस ले लिया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ सेमडीकॉट की बैठक में डॉक्टरों की हड़ताल फिलहाल अहम शर्तों के साथ वापस ली गई है। आश्वासन के साथ आरडीए की सांकेतिक हड़ताल जारी रहेगी, लेकिन अस्पतालों में सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहेंगी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शिमला में भूस्खलन, प्रदेश में 4 दिन तक बारिश का अलर्ट -पेज 2
- शहर के 15 प्रतिशत लोगों ने जमा नहीं करवाया हाउस टैक्स -पेज 6
- चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर खड़ी बस से हजारों का सामान चोरी -पेज 9
- सहकारी बैंक नौहराधार शाखा में कार्यरत सात कर्मी निलंबित -पेज 12
- युवराज सिंह के जीवन पर फिल्म बनाएगी 'टी-सीरीज' -पेज 14

## कोलकाता रेप-मर्डर केस: सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल सरकार को लगाई फटकार

# डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स गठित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए 10 सदस्यों की नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) गठित कर दी है। इसमें मेडिकल मेंबर्स को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त अधिकारियों के रूप में कैबिनेट सचिव सहित केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक्शन प्लान भी तैयार कर दिया है।

सीजेआई ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अस्पतालों में नर्सों और महिला डॉक्टरों के लिए अलग से रेस्ट रूम तक भी मौजूद नहीं हैं। नाइट शिफ्ट के दौरान वाहन की सुविधा भी नहीं दी जाती है। अस्पतालों के सीसीटीवी काम नहीं करते और अस्पताल में हथियारों को लेकर भी सतर्कता नहीं बरती जाती है। ऐसे में अस्पतालों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। कोर्ट ने कहा कि देश जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव के लिए एक और बलात्कार या हत्या की घटना का इंतजार नहीं कर सकता।



### टास्क फोर्स में कौन-कौन?

**सर्जन** वाइस एडमिरल आर सरिन, डॉक्टर डी नागेश्वर रेड्डी, डॉक्टर एम श्रीनिवास, डॉक्टर प्रतिमा मूर्ति, डॉक्टर गोवर्धन दत्त पुरी, डॉक्टर सौमित्र रावत, प्रोफेसर अनिता सक्सेना, प्रोफेसर पल्लवी सापरे, डॉक्टर पद्मा श्रीवास्तव।

**राष्ट्रीय कार्यदल के पदेन सदस्य :** भारत सरकार के कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष, राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के अध्यक्ष।

### अब तक क्या-क्या हुआ

- ब्लूटूथ से पकड़ा गया मुख्य आरोपी
- सुप्रीम कोर्ट ने टास्क फोर्स को रिपोर्ट देने के लिए दिया तीन हफ्ते का समय।
- लगाई लताड़ : भीड़ देख भागने वाली पुलिस क्या सुरक्षा करेगी?
- प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ वित्तीय भ्रष्टाचार का मामला किया दर्ज
- सीबीआई ने संदीप से 13 घंटे की पूछताछ
- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भाजपा को पांच दिन तक प्रदर्शन की अनुमति दी
- महिला डॉक्टर्स को धमकी देने पर भड़के मुख्य न्यायाधीश
- सीआईएसएफ करेगी आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा
- राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिले गवर्नर, महिला डॉक्टर के पिता से की बात

### सीबीआई और बंगाल सरकार से 22 तक मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**सुप्रीम** कोर्ट ने सीबीआई को अपनी जांच पर 22 अगस्त तक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने और पश्चिम बंगाल को आरजी कर अस्पताल में भीड़ के हमले की जांच की प्रगति पर 22 अगस्त तक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, बलात्कार-हत्या मामले से जुड़ी याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तारीख तय की है।

### केंद्र से नौ सवाल

- अस्पतालों की सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं।
- प्रवेशद्वार पर चेकिंग की सुविधा है।
- रेस्ट हाउस की संख्या कितनी है, ऐसे कमरों में क्या सुविधाएं हैं।
- क्या अस्पताल के सभी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।
- मरीजों की समस्या के समाधान का प्रशिक्षण दिया जता है या नहीं?
- अस्पतालों के बाहर पुलिस चौकी है।
- क्या स्मस्याओं के समाधान के लिए इंटरनल कमेटियां हैं?
- कोर्ट ने केंद्र सरकार से एक महीने के भीतर हलफनामे के साथ यह जानकारी देने को कहा है।

# लेटरल एंट्री वाली भर्ती का विज्ञापन रद्द, विवाद के बाद मोदी सरकार पीछे हटी

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने यूपीएससी की अध्यक्ष को लिखा पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने विवाद के बीच मंगलवार को यूपीएससी को नौकरशाही में 'लेटरल एंट्री' से संबंधित नवीनतम विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा है, ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

यूपीएससी ने 17 अगस्त को 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। लेटरल एंट्री को सरकारी विभागों में (निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित) विभिन्न विशेषज्ञों की नियुक्ति कहा जाता है। इस निर्णय की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। उनका दावा है कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), एससी और एसटी के आरक्षण अधिकारों का हनन हुआ है।

### रोजगार में आरक्षण हमारे न्याय ढांचे की आधारशिला

केंद्रीय मंत्री ने पत्र में कहा कि पीएम के लिए सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण हमारे सामाजिक न्याय ढांचे की आधारशिला है, जिसका उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना। इन पदों को विशिष्ट मानते हुए एकल-कैडर पद के रूप में नामित किया गया है, इसलिए इन नियुक्तियों में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं यूपीएससी से 17 अगस्त 2024 को जारी लेटरल एंट्री भर्ती विज्ञापन को रद्द करने का आग्रह करता हूं।

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC
Affiliated to: HPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE, Dharamshala
ADMISSION OPEN 2024-25
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH. — B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE — ITI in ELECTRICIAN, SANITARY HEALTH INSPECTOR, SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL), FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY — B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES — M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING — B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION — D.EL.Ed, B.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
CONTACT FOR ADMISSION:
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com

## भारी पुलिस बल की मौजूदगी में छात्र का अंतिम संस्कार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में चाकूबाजी में घायल छात्र की मौत की बाद भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। अभी दोनों समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश है। इसके चलते आज भी इंटरनेट बंद रहा। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद छात्र देवराज का शव परिजनों को सौंप दिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अशोक नगर मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार किया है। उधर, हालात को देखते हुए पूरे नगर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। चार दिन पहले दो छात्रों के बीच हुए चाकूबाजी हुई थी। इस दौरान चाकू लगने से छात्र देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल में चार दिन तक जीवन और मौत से जूझने के बाद सोमवार की रात दम तोड़ दिया।

**उदयपुर कांड : लोगों में अभी भी आक्रोश, इंटरनेट बंद**

## सुप्रीम कोर्ट से हिमाचल सरकार को झटका, पूनम ग्रोवर की पार्षदी होगी बहाल

# सोलन मेयर पद पर काबिज होगी उषा शर्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**सोलन** नगर निगम के दो पार्षदों को अयोग्य ठहराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को झटका देते हाईकोर्ट के फैसले पर स्टे लगा दिया है। अब अगली सुनवाई तक पूर्व की वस्तुस्थिति बनी रहेगी यानी उषा शर्मा फिर से मेयर पद पर बहाल हो जाएगी।

वहीं, उषा शर्मा का साथ देने वाली पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर की पार्षदी भी बहाल हो जाएगी। प्रदेश सरकार यूडी सचिव की तरफ से अयोग्य करार दिया था और दोनों पार्षदों को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली थी। इस फैसले को लेकर दोनों पार्षदों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका पेश की थी। सुप्रीम कोर्ट में नालागढ़ की अधिवक्ता राधिका गौतम और सोलन के अधिवक्ता बीआर शर्मा ने पार्षदों की याचिका की पैरवी की। इस मामले की अगली सुनवाई 14 अक्तूबर को होगी। इसके बाद सरकार का जवाब मिलने पर कोर्ट में आगे की कार्रवाई होगी। कांग्रेस के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर की शिकायत पर डीसी ने यूडी सचिव को स्टेटस रिपोर्ट भेजी थी। यूडी सचिव ने दोनों पार्षदों को दल-बदल कानून का दोषी मानते हुए उन्हें पार्षद पद पर आयोग घोषित कर दिया गया था। हाईकोर्ट से राहत न मिलने पर उषा शर्मा को मेयर पद छोड़ना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

**पार्षदों के अयोग्य करार देने के मामले में हाईकोर्ट के ऑर्डर पर लगाया स्टे**



उषा शर्मा।



पूनम ग्रोवर।

# महाराष्ट्र में दो बच्चियों का यौन शोषण, बवाल

## प्रिंसिपल समेत 3 सस्पेंड; आरोपी काबू, उग्र लोगों पर लाठीचार्ज



**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** के बदलापुर के एक स्कूल में 3 और 4 साल की दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आने के बाद पूरे शहर में बवाल मच गया है। गुस्साए लोगों ने बदलापुर स्टेशन पर प्रदर्शन किया और ट्रैक को जाम कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर रेलवे ट्रैक खाली कराया।

लोकल ट्रेनों की आवाजाही रुक गई है। लोगों ने पथराव भी किया। महाराष्ट्र सरकार ने लापरवाही बरतने के लिए तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित का आदेश दिया है। जांच के लिए एसआईटी गठित की है। पुलिस ने आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है।

## अजमेर कांड पर बड़ा फैसला, 32 साल बाद न्याय

# 100 छात्राओं से गैंगरेप व ब्लैकमेल मामले में छह दोषियों को उम्रकैद

**एजेंसी, अजमेर**



**अजमेर** में 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को जिला अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

कोर्ट ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा सुनाते वक्त सभी 6 दोषी कोर्ट में थे। एक आरोपी इकबाल भाटी को एंबुलेंस से दिल्ली से अजमेर लाया गया था। 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज छात्राओं के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई छात्राओं ने बदनामी के डर से सुसाइड कर लिया था। अजमेर के एक मशहूर निजी स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को फार्म हाउस में बुलाया जाता था, जहां उनके साथ दुष्कर्म किया जाता। पीड़ित लड़कियों की उम्र 11 से 20 साल के बीच थी। तत्कालीन सरकार ने यह केस सीआईडी-सीबी को सौंपा था। मामले में 18 आरोपी थे। 4 सजा भुगत चुके हैं। 4 को हाईकोर्ट दोष मुक्त कर चुका है। एक ने 30 साल पहले केस के दौरान ही सुसाइड कर लिया था।

For Best Placement & Research Oriented University in Himachal Pradesh.
SRI SAI UNIVERSITY
PALAMPUR (HP)
SSU SRI SAI UNIVERSITY Transforming Dreams into Reality
ADMISSIONS OPEN
Innovative Courses with IBM
IBM Innovation Centre for Education
COURSES UG PG Ph.D
www.srisaiuniversity.org 97365-01261, 94170-50602



Jetking CHANDIGARH SINCE 1993
शुक्रिया पापा !
"जेटकिंग चंडीगढ़ पर आपके भरोसे ने दिया मुझे सफल करियर"
एक साल पढ़ाई, फिर शुरू कमाई...
ADMISSIONS OPEN
- DIPLOMA IN CLOUD COMPUTING & CYBER SECURITY
- DIPLOMA IN CLOUD COMPUTING WITH AI
- MASTER IN CLOUD COMPUTING
- BCA-CLOUD COMPUTING
- MASTER IN BLOCKCHAIN DEVELOPMENT
- ETHICAL HACKING & Many More...
Special OFFER For Admissions Till 31st August 2024
100% JOB GUARANTEE Legacy of 31 Years
LEARN TO GROW WITH NEW TECHNOLOGIES
76 YEARS of Brand Legacy | 100+ Successful Centers | LIMCA BOOK OF RECORDS For achieving highest no. of placements in vocational training industry | Skill India | N·S·D·C
CONTACT- +91-9875909385, 0172-2608956
ADDRESS- SCO 96-97, Ground & 3rd Floor, Sector34-A, CHANDIGARH
T&C Apply

## न्यूज ब्रीफ

### दाडगी स्कूल में मनाया विश्व संस्कृत दिवस



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाडगी में संस्कृत भाषा एवं साहित्य के महत्व पर गहन चिंतन के साथ-साथ श्लोक गायन एवं संस्कृत गीतिका प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संस्कृत अध्यापक कामेश्वर शर्मा ने कहा कि संस्कृत केवल वेदों की भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। भारतवर्ष में संस्कृत साहित्य बहुत समृद्ध रहा है। महर्षि वेदव्यास जी ने चारों वेदों की रचना संस्कृत में ही की। हिंदू धर्म के महान ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता, उपनिषद, वाल्मीकि रामायण संस्कृत साहित्य के प्राण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजलाल ने संस्कृत दिवस की सभी विद्यार्थियों और समस्त सहयोगियों को बधाई दी।

### विद्यार्थियों को दी डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** भारतीय डाक विभाग, शिमला मंडल के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय चायल- कोटी में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीपीओ शिमला के उपमंडल प्रमुख विजय कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ स्थानीय जनता को डाक विभाग की नई सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर कॉलेज प्रशासन के सहयोग से विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनता के आधार कार्ड भी अपडेट कराए। स्थानीय जनता ने कॉलेज के इस कार्य की सराहना की। प्रचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने इस सामुदायिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए डाक विभाग का आभार व्यक्त किया।

### चिड़गांव के आंध्रा में मिला लावारिस शव

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के क्षेत्राधिकार में आंध्रा गांव के नजदीक एक लावारिस व्यक्ति (45) का शव बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार लावारिस व्यक्ति की मृत्यु गिरने से गंभीर चोट लगने के कारण हुई है। जिसकी अभी तक शिनाख्त नंही हो पाई है। शव को शिनाख्त के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदासू के शव गृह में रखा गया है। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि उपमंडल रोहड़ू में यदि किसी के घर से कोई व्यक्ति या प्रवासी मजदूर लापता है तो वे शिनाख्त के लिए पुलिस थाना चिड़गांव में संपर्क करें।

### पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत कोटसारी (मुंछाडा) के नजदीक पिकअप एचपी 10ए 5238 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार पिकअप सड़क से लगभग 120 मीटर गहरी खाई में गिर गई। वाहन दुर्घटना में कोटसारी निवासी चालक निक्कम सिंह (42) पुत्र स्वर्गीय सोहन सिंह गांव कोटसारी की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सिविल अस्पताल रोहड़ू में परिजनों को सौंप दिया है।

### धर्मपुर में याद किए पूर्व पीएम राजीव गांधी




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 80वीं जयंती पर बचत भवन सरकाघाट में श्रद्धांजलि अर्पित करके एक दिवसीय प्रशिक्षण शिवर का आयोजन विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर ने स्व. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा किए गए विकास कार्यों से युवाओं को अवगत करवाया।

### उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को पूरे देश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सद्भावना की शपथ दिलाई।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण बिलासपुर की बैठक 19 सितंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निदेशक परिवहन, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण बिलासपुर की बैठक 18 सितंबर को होना प्रस्तावित हुई है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने बताया कि बैठक में वाहनों, रूट परमिटों से संबधिंत आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम, निजी बस मालिक रूट परमिटों के क्षेत्र में बढ़ोतरी या परिवर्तन/सीटिंग क्षमता में परिवर्तन किए जाने हेतु आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए 27 अगस्त से 7 सितंबर तक आवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल बस परमिट और इलेक्ट्रिक रिक्शा के नए परमिट प्राप्त करने वाले आवेदक भी इस अवधि के भीतर अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। सभी आवेदक 18 सितंबर की बैठक में प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त या अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### नेपाली व्यक्ति ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेऊ के गांव नसवाल में एक किराये के मकान में रहने वाले एक नेपाली मूल के व्यक्ति ने सोमवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मुकेश थापा (35) गांव नसवाल तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश थापा पिछले करीब तीन-चार वर्षों से नसवाल में किराए के कमरे में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। सोमवार रात घर में पति-पत्नी अकेले थे। पुलिस को दिए बयान के अनुसार मृतक की पत्नी ने बताया कि रात करीब 8 बजे दोनों ने इकट्ठे बैठकर खाना खाया। इस दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, उसके बाद थापा ने बाथरूम में चुन्नी से फंदा लगा लिया। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेजिडेंट डॉक्टर एसो. ने आईजीएमसी से सचिवालय तक निकाला पैदल मार्च

# ओपीडी बंद, दर-दर भटके मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या को लेकर डॉक्टर ने आईजीएमसी से सचिवालय तक पैदल मार्च किया।

वहीं आईजीएमसी में ओपीडी भी बंद रही। ऐसे में मरीज दर दर भटकते रहे। पीड़िता को न्याय देने और डॉक्टरों की सुरक्षा और दूसरी मांगों को पूरा करने को लेकर आईजीएमसी रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की ओर से मंगलवार सुबह मुख्य गेट से पैदल मार्च निकाला गया।

डॉक्टरों का दल पैदल मार्च करते हुए रीगल से ओक ओवर होते हुए सच डॉक्टर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके अलावा अगर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल से भी मुलाकात कर डॉक्टरों की मांगों और समस्याओं के बारे में अवगत करवाया जाएगा। पैदल मार्च में बड़ी संख्या में शामिल डॉक्टरों ने हाथों में पोस्टर व बैनर लेकर कोलकाता मामले में आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को सेवाएं देने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की। इसके अलावा मेडिपर्सन एक्ट लागू करने की मांग की।

वहीं जिला अस्पताल कुल्लू में डॉक्टरों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान सुबह करीब 9:30 बजे अस्पताल के सभी डॉक्टरों ने अस्पताल के बाहर आकर ओपीडी में काम बंद रखा। जबकि आपातकालीन सेवाएं लगातार जारी हैं। ओपीडी में उपचार की प्रक्रिया बंद होने से इसका असर आपातकालीन सेवाओं में देखने को मिल रहा है।



आईजीएमसी से सचिवालय तक पैदल मार्च निकालते हुए डॉक्टर्स।



आईजीएमसी में बंद ओपीडी का दृश्य।

### नाहन में तीन दिन बाद खुली ओपीडी

नाहन में फैकल्टी एसोसिएशन ने मंगलवार को हड़ताल का नहीं किया समर्थन डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में मंगलवार को तीन दिन बाद ओपीड़ी खुली। इसके के चलते यहां रोगियों की भारी भीड़ रही। पंजीकरण सहित ओपीड़ी के बाहर लाइनें देखने को मिलीं। एक प्रशिक्षु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या के बाद चिकित्सक हड़ताल पर हैं।

# शिमला में भूस्खलन, प्रदेश में 4 दिन तक कई भागों में बारिश का अलर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला के देवनगर में भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ। जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित रही। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से मंगलवार व बुधवार के लिए हिमाचल के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 25 व 26 अगस्त के लिए भी कुछ भागों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। प्रदेश में कई भागों में 26 अगस्त तक मौसम खराब बने रहने के आसार हैं।

अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और आसपास के क्षेत्रों में हल्के से मध्यम स्तर की बाढ़ का खतरा होने की संभावना है। उधर, सोमवार रात को बैजनाथ में 110.0, मंडी 103.0, नगरोटा सूरियां 80.2, श्रीनयना देवी 72.2, अघार 52.4, सियोबाग 52.0, सुंदरनगर 50.8, कांगड़ा 49.0, गुलेर 42.2, धर्मशाला 14.6, पालमपुर 32.4 व भरमौर में 17.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर जारी है।

उधर मंडी शहर में नगर निगम के बरसात को लेकर किए इंतजामों की पोल खुल गई है। कई वार्डों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। संपर्क मार्गों की हालत भी खस्ता है। शहर में रात को हुई बारिश से नालियां भी मलबे से भर गईं। सड़कों पर भी मलबा फैल गया।



भूस्खलन से बंद हुआ मार्ग।

# 5 साल में भी नहीं बन पाया धारा-बराड़ा सड़क पर पुल

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू के अंतर्गत आने वाले धारा-बराड़ा संपर्क सड़क मार्ग पर बनने वाले पुल का निर्माण कार्य पिछले 5 साल से अधर में लटका हुआ है। इससे यही साबित हो रहा है कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कितनी धीमी चाल से चल रहे है।

उल्लेखनीय है कि पुल के निर्माण के लिए लोनिवि ने 2018 में 35 लाख रुपए का टेंडर लगाया गया था। वहीं निर्माण के नाम पर खड्ड के दोनों छोर पर पक्के डंगे लगाए गए है और जब आगे का कार्य नहीं चला तो पुल के टेंडर के शेष बचे कार्य के लिए 16 लाख रुपए की रिटेंडरिंग की गई। जबकि रिटेंडरिंग को होकर भी अब एक साल हो गया है और पुल का शेष बचे कार्य का निर्माण अभी भी शुरू नहीं हो पा रहा है। बराड़ा गांव के ग्रामीण गीता राम, गुड्डु, राम कृष्ण, गोल्डी, संदीप नेगी व दीप नेगी ने बताया कि पुल के निर्माण को लेकर वे कई बार विधायक मोहन लाल ब्राक्टा से भी मिले है, लेकिन विधायक की ओर से दो या तीन दिन के अंदर पुल का निर्माण कार्य शुरु करने का आश्वासन ही दिया जाता है। लोक निर्माण विभाग रोहड़ू के सहायक अभियंता दुनी चंद ने बताया कि जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



## प्रदेश सचिवालय सेवाएं संगठन ने कर्मचारियों की मांगों का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश सचिवालय सेवाएं संगठन द्वारा उठाई कर्मचारियों की मांगों का भरपूर समर्थन किया है।

पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हुकम राम और महासचिव राजकुमार शर्मा ने कहा कि पर्यटन निगम में गत वर्ष 2022 जुलाई माह से देय 4 प्रतिशत डीए और जनवरी 2023 को भी 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता तक निगम कर्मचारियों को नहीं मिला है और इसके एरियर सहित 2016 से प्रदेश कर्मचारियों के देय छठे वेतनमान का एरियर सहित आईआर का 50 प्रतिशत एरियर निगम कर्मियों को अभी लेना शेष है। इसके अतिरिक्त नये वेतनमान का प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 50,000 रुपए का एरियर भीं पर्यटन निगम कर्मचारियों को अभी तक नहीं दिया गया है।

# आलू पर उद्योग स्थापित करने की आवश्यकता : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शाला द्वारा 76वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें प्रदेश के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में पधार कर इस आयोजन को सुशोभित किया। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार एवं शिमला शहर के मेयर सुरिंद्र चौहान क्रमशः अध्यक्ष एवं गेस्ट ऑफ आनर के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। उन्होंने प्रदेश में आलू पर आधारित उद्योग स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बागवानी फसलों का विविधीकरण और उपयोग महत्वपूर्ण रणनीति साबित हो सकती है।

उन्होंने संस्थान द्वारा लगभग 70 से अधिक किस्में विकसित करने तथा वायरस मुक्त बीज आलू के उत्पादन के लिए राज्यपाल ने इस अवसर पर आईसीएआर-सीपीआरआई शिमला के उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत किया। विभिन्न वर्ग जिसमें वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक के कर्मचारियों को बेस्ट वर्कर के अवार्ड से नवाजा गया जिसमें वैज्ञानिक वर्ग से डॉ मेहिलाल, डॉ. आरती बैरवा, तकनीकी वर्ग से श्रुति गुप्ता, लक्षण, प्रशासनिक वर्ग से संदीप दहिया और सीमा वर्मा को नवाजा गया। इससे पूर्व उत्कृष्ट किसान बहन मंजुबाला, लच्छी राम को कृषि उपकरण देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने संस्थान के कर्मचारियों को उत्तर भारत खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। अवसर पर, शिमला नगर निगम के महापौर श्री सुरेंद्र चौहान ने संस्थान के 76वें स्थापना दिवस पर बधाई दी।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को राज्यपाल सम्मानित करते हुए।

# जिला भाषा कार्यालय बिलासपुर में हुई मासिक संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला भाषा कार्यालय बिलासपुर में मासिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार शीला सिंह ने की। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। शीला सिंह का कहना था कि सभी साहित्यकारों ने बेहतर कविताएं सुनाईं। हर तरह के रंग कविताओं में थे।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने भी देश प्यार का गीत गाया और उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से साहित्य को बढ़ावा मिलता है और संस्कृति का संरक्षण भी होता है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान भी किया। मंच संचालन रविंद्र भट्टा ने किया।

उन्होंने खाने की वस्तुओं की बरबादी पर बेहतर पत्र वाचन किया। इसके अलावा उन्होंने कविता भी पढ़ी। रविंद्र कुमार शर्मा ने पहाड़ी गीत सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। संगोष्ठी में अपनी कविताओं में चार चांद लगा दिए।

सुरेंद्र मिन्हास ने कहा गंगा साही निर्मल यह प्यारा त्योहार हुंदा। शीला सिंह का कहना था चलो हर गली-मोहल्ले में मनाएं आजादी का त्योहार। कर्मवीर कंडेरा ने गीत और कविता राखी पर्व सुनाई। सरदार अनूप सिंह मस्ताना ने सुनाया यूं तो कायर भी जिंदगी में जीते मरते हैं हजार बार। एन आर हितेषी ने कहा आजाद भगत सिंह सुभाष कहां चले गए सारे। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि न जाने किसकी नजर लग गई मेरे देश को। पत्रकार अरुण डोगरा रीतू ने कहा कि हिमाचल की सुंदरता में, मैं खो जाना चाहता हूं। संगोष्ठी में कई लोगों ने कविताएं सुनाईं। इसके अलावा कवि गोष्ठी में बृज लाल, लखनपाल, आद राम सांख्यान, विजय कुमार शर्मा एडवोकेट तथा कौशल्या ने भाग लिया।



संगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में तीव्रता लाने के दिए निर्देश



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आज ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पंचायत में विकास के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाएं और निर्धारित समयपर पुरा करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को इनका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। उन्होंने खंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत में कितने कार्य प्रगति पर हैं और कितने कार्य अभी प्रारंभ करना बाकी हैं, इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत के न्यायालय में चल रहे मामलों को तुरंत हल करवाने का प्रयास करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 22 अगस्त को सभी पंचायतें पूर्ण रूप से भाग लें और अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करें इसके साथ ही पंचायतें अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर फोकस करें और पौधरोपण के फोटोग्राफ्स संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिकारियों को संबंधित पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, सीएससी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास यशपाल, जिला पंचायत अधिकारी तिलक राज, जिला के सभी विकास खंड अधिकारी, जिला योजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार जनता के लिए बनी आर्थिक बोझ : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



अपने कांग्रेस विधायकों और नेताओं को फायदा देने के लिए कांग्रेस सरकार जनता के लिए आए दिन आर्थिक बोझ बनती जा रही है। आय के साधन बढ़ाने की बजाए सरकार जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा कर जनता को परेशान कर रही है। यह बात प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने कही।

बिलासपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस सत्ता में आई है तब से जन विरोधी निर्णय लेने का सिलसिला जारी है। प्रदेश में सरकार ने 518 स्कूलों पर ताले लटका दिए, जबकि हिमाचल जैसे राज्य में यह निर्णय बिलकुल गलत है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह भी इस बात को मानते थे कि राज्य के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना सरकार का कर्तव्य है, लेकिन आज कांग्रेस इस बात को भूल गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी को चुनाव जिताने के लिए देहरा में पुलिस जिला खोल दिया।

वहीं, प्रदेश में अन्य स्थानों पर संस्थान बंद किए जा रहे हैं। विधायक ने बताया कि उन्होंने कोठीपुरा में जल शक्ति विभाग का कार्यालय पिछली सरकार के समय में खुलवाया था जिसे कांग्रेस ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया। सरकार का तर्क था कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। वहीं, नादौन और हरोली में जलशक्ति और लोक निर्माण विभाग के नए कार्यालय खोले गए। इनके लिए पैसा कहां से आ रहा है। रणधीर ने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि यह सरकार द्वेष भावना और क्षेत्रवाद की राजनीति कर रही है। आर्थिक बदहाली का रोना रोने वाली सरकार केवल क्षेत्रवाद तक सीमित है।

### डंगार में पशु चिकित्सा शिविर 22 अगस्त को

**बिलासपुर।** बिलासपुर, उपनिदेशक डॉ. विनोद कुमार कुंदी पशु स्वास्थ्य प्रजनन बिलासपुर ने बताया कि पशुपालन विभाग बिलासपुर के सौजन्य से पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन 22 अगस्त को पशु औषधालय डंगार में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सा शिविर में वेटरिनरी पॉलीक्लिनिक बिलासपुर के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पशुओं का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में पशुओं में होने वाले सभी प्रकार के ऑपरेशन गाय व भैंसों में बांझपन का इलाज व अन्य सभी प्रकार की बीमारियों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मौके पर निशुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुत्तों में वर्थ कंट्रोल के ऑपरेशन एवं कुत्तों को निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण भी कैंप में किए जाएंगे।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती मनाई



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**अनंत ज्ञान, झंडूता/घुमारवीं**

झंडूता कांग्रेस की ओर से झंडूता कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी जयंती मनाई गई। इसमें प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश चंदेल ने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार व अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। विवेक कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का देश के विकास में अहम भूमिका रही है। उनके द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ आज भी देश की जनता को मिल रहा है। विवेक ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान महासचिव सर्वजीत सिंह, कर्मदेव गौतम, संजीव कुमार, परवेज मोहम्मद, राजेश ठाकुर, मनजीत सिंह आदि मौजूद थे।

वहीं, राजीव गांधी की 80वीं जयंती के उपलक्ष पर बिलासपुर जिला के घुमारवीं उपमंडल के लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस भराड़ी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के टीसीपी, हाउसिंग व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद भराड़ी व आसपास के इलाकों से संबंधित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

## बैठक | सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में युवाओं को करें जागरूक : उपायुक्त

# दुर्घटनाओं में कमी लाने को सड़क सुरक्षा योजना करें तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बचत भवन में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा का पूरा प्लान तैयार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिला में जिन स्थानों पर ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं, उन स्थानों की मैपिंग करें और दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाएं, ताकि इन स्थानों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए की अभी तक हुए दुर्घटनाओं का डाटा उपलब्ध करवाएं, ताकि यह पता चल सके की किस प्रकार के वाहनों से अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं, इसकी जानकारी भी उन्होंने उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिला में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट को रिमूव किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष वाहनों के चालान की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, ताकि बहुमूल्य मानव जीवन को बचाया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि दुर्घटना के समय एंबुलेंस का तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित बनाएं।

उन्होंने विशेष कर युवाओं से अपील की है कि वह यातायात नियमों का सदैव पालन करते हुए यात्रा करें। बैठक में सहायक आयुक्त नरेंद्र आहलूवालिया, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दुनी चंद ठाकुर, डीएसपी मुनीष चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक।

अनंत ज्ञान साक्षात्कार
डॉक्टर हेमराज बैरवा
डीसी, कांगड़ा



# हर उपमंडल में बनेगी बढ़िया लाइब्रेरी : डीसी

**आपदा में प्रशासन, हादसों में प्रशासन, राहत में प्रशासन, नाकामियों और तानों में भी प्रशासन की बात अक्सर होती है। किसी जिले या राज्य को चलाने में प्रशासन तथा प्रशासन प्रमुख की भूमिका अहम रहती है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े तथा ऐतिहासिक, वाणिज्यिक तथा सामरिक रूप से महत्वपूर्ण कांगड़ा जिले के प्रशासन की कमान भौगोलिक तौर पर विपरीत राजस्थान के अधिकारी के हाथ है। चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट रखने वाले कांगड़ा जिला प्रशासन प्रमुख डॉक्टर हेमराज बैरवा 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। कांगड़ा जिला के प्रशासन प्रमुख डीसी हेमराज बैरवा के अनुसार हिमाचल प्रदेश में वह 10 साल से सेवाएं दे रहे हैं तथा उन्हें हिमाचल अपने घर जैसा लगता है। कांगड़ा के लिए बड़ी कार्ययोजना को लेकर वह बेरोजगारी से लेकर कचरे की समस्या तक के ध्यान में होने की बात कहते हैं तथा प्रदेश हित में काम करना चाहते हैं। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा के साथ 'अनंत ज्ञान' के जिला ब्यूरो प्रमुख पुनीत शर्मा की बातचीत के कुछ अंश-**

*[ प्रदेश के सबसे बड़े जिले तथा आपकी होम स्टेट से भौगोलिकता में विपरीत हिमाचल प्रदेश में प्रशासन को संभालना कैसा अनुभव है?*

अभी अगर आप देखेंगे तो मुझे हिमाचल प्रदेश में लगभग 10 वर्ष हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश में काम करके हिमाचल प्रदेश अपना घर जैसा ही लगता है। यहां पर खासकर कांगड़ा जैसे बड़े जिले में यहां पर रहकर जनता की सेवा करना, लोगों के कार्य करना, सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना अपने आप में एक अलग अनुभव है और हमेशा के लिए यादगार रहेगा।

*[ जिला में बरसात से अब तक कितना नुकसान हुआ है तथा कौन से बड़े कदम उठाए गए?*

ओवरऑल बात करूं तो हमारे जिले में इस बार मौसम की मेहरबानी रही है कि कुल्लू, मंडी तथा शिमला जैसे जिलों में आई आपदा जैसा कुछ नहीं हुआ। हालांकि बरसात में बारिश से रास्ते अवरुद्ध तथा क्षतिग्रस्त हुए हैं। वाटर स्कीमों को नुकसान हुआ है। कुछ मवेशी मरे हैं तथा कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। व्यक्तिगत रूप से देखा जाए तो ये करीब 2 करोड़ का नुकसान जिला में हुआ है। बिजली, पीडब्ल्यूडी तथा जल शक्ति विभाग की योजनाओं को करोड़ों का नुकसान हुआ है।

*[ कांगड़ा को लेकर आपकी क्या बड़ी योजना है?*

कांगड़ा में बेरोजगारी से लेकर कचरे की समस्या तक पर मेरा फोकस है। हर उपमंडल मुख्यालय में एक बढ़िया लाइब्रेरी बनाने को लेकर भी प्लान किया जा रहा है। यहां के किसान और बागवान, फलों और फसलों में नए तथा सफल प्रयोग कर रहे हैं। उनको सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार की पहल की जाने की भी योजना है।

*[ एक चर्चा रही है कि आपको एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कार्य विशेष के लिए कांगड़ा में तैनात किया गया है, इसमें कितनी सच्चाई है?*

इस पॉइंट पर मैं यही बोलना चाहूंगा कि जब भी सरकार किसी भी जगह पर किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग करती है, तो एक ओवरऑल पिक्चर को देखकर करती है, न कि किसी कार्य विशेष के लिए। मैं होलिस्टिक अप्रोच के साथ जिले के विकास की धारणा रखता हूं।

*[ जिला कांगड़ा प्रशासन प्रमुख होने के नाते आप कांगड़ा तथा प्रदेश की जनता को क्या संदेश देना चाहेंगे?*

हमारा प्रदेश एक समृद्ध राज्य है। यहां पर्यटन में अपार संभावनाएं हैं तथा कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के प्रयास को सभी लोगों को मिलजुलकर सफल करना है। पर्यटन बढ़ने के साथ पर्यावरण दूषित न हो तथा प्रदेश का माहौल खराब न हो इसके लिए लॉ एंड ऑर्डर का भी ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है।

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

सद्भावना दिवस



शिमल। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सद्भावना दिवस के अवसर पर छोटा शिमला स्थित राजीव चौक में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई। राजीव गांधी जी ने भारत के लिए जो तकनीकी विकास का स्वप्न देखा था, उसे हम साकार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### केके पंत को मिला अतिरिक्त मुख्य सचिव वन का जिम्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में 7 आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर व पोस्टिंग हुई है। इसको लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बकायदा अधिसूचना जारी की है। सेंट्रल डेप्युटेशन से लौटे केके पंत को अतिरिक्त मुख्य सचिव वन का जिम्मा सौंपा गया है। पंत को फाइनेंशियल कमिश्नर अपील का जिम्मा भी सौंपा गया है। यह अतिरिक्त प्रभार के तौर पर रहेगा। डॉ. अभिषेक जैन को डिजिटल टेक्नॉलजी का सेक्रेटरी बनाया गया है। इसके अलावा वह फाइनेंस, प्लानिंग, 20 सूत्री कार्यक्रम के सेक्रेटरी के तौर पर भी जिम्मा संभालेंगे। स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी को सचिव कार्मिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके अलावा सीपी वर्मा को राज्यपाल का सचिव लगाया गया है।राज्यपाल के पूर्व सचिव राजेश शर्मा को 'ग्रामीण विकास और पंचायती राज' सचिव का जिम्मा सौंपा गया है। आईएएस अधिकारी प्रियंका बसु इंग्टी को 'सचिव श्रम एवं रोजगार, मुद्रण एवं स्टेशनरी, मत्स्य पालन और युवा सेवाएं एवं खेल' का जिम्मा सौंपा गया है। आईएएस राकेश कंवर को 'शिक्षा, पशुपालन, भाषा, कला और संस्कृति' का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा इनके पास एमपीपी एवं पावर और एनसीईएस का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

### श्री मणिमहेश यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

**भरमौर।** अध्यक्ष श्री मणिमहेश न्यास व कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि आधिकारिक तौर पर श्री मणिमहेश यात्रा- 26 अगस्त से शुरू होकर 11 सितंबर तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को पंजीकरण हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की जा रही है। यात्री मणिमहेश न्यास की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करके स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण सुविधा www.manimaheshyatra.hp.gov.in पर उपलब्ध होगी।

### कांग्रेस ने कृषि विश्वविद्यालय को दाव पर लगाया : बिंदल



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश के बड़े-बड़े संस्थानों को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने आते ही नौकरी देने वाला संस्थान, हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को बंद कर दिया। उसके बाद 1100 संस्थान पूरे प्रदेशभर में बंद कर दिए और उसके बाद 800 स्कूल प्रदेशभर में बंद कर दिए। इसके बाद अब सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को दाव पर लगा दिया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि देश का जाना माना कृषि संस्थान जो हर साल देश को कृषि विशेषज्ञ पैदा करके देता है, उसे तबाह करने का निर्णय प्रदेश की कांग्रेस व कांग्रेस सरकार ले रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय की 115 एकड़ भूमि को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपकर रीयल एस्टेट का व्यापार करने की तैयारी हो रही है। यह किसी भी सूरत में हिमाचल प्रदेश के हित में नहीं है, यह भाजपा का स्पष्ट मत है और भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार के किसी भी निर्णय का सड़क से विधान सभा तक पुरजोर विरोध करेगी।

### घुमारवीं में माफिया हावी : पूर्व मंत्री गर्ग



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि घुमारवीं में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की शह पर वन माफिया व भू माफिया मनमर्जी कर संपदा को लूट रहा है। गर्ग का आरोप है कि तकनीकी शिक्षा मंत्री के नाक तले घुमारवीं में वन माफिया व भू माफिया हावी है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने अपने चहेतों को खुली छूट दे रखी है, जिसके चलते वन माफिया का जहां मन कर रहा है, वहां पर कुल्हाडी चला रहा है। गर्ग ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में आज तक जितने भी पेड काटे गए हैं, उनकी उच्च स्तरीय जांच की जाए। तथा अवैध कटान में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी संपदा को लूटने नहीं दिया जाएगा। यदि इसकी जांच नहीं की, तो भाजपा सडकों से लेकर विधानसभा तक इस मुद्दे को उठाएगी तथा उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गर्ग ने कहा कि वन विभाग से परमिशन की आड में तकनीकी शिक्षा मंत्री की शह पर वन माफिया फलदार पौधों पर भी बिना डर के कुल्हाडी चला रहे हैं। प्रदेश की वन संपदा को लूटकर बाहरी राज्यों में बेचा जा रहा है और विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घुमारवीं की पट्टा पंचायत के बलोह व शासन गांवों में वन माफिया ने सैंकडों फलदार पौधों पर कुल्हाडी चला दी है। (अनंत ज्ञान)

# अध्यापकों के साथ विद्यार्थी भी विदेश में एक्सपोजर विजिट पर जाएंगे : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सम्मानित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला सोलन के एक दिवसीय दौरे के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठी देवरा घट्टी स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी देवरा घट्टी स्कूल में कॉमर्स की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की और कहा कि कबड्डी खिलाड़ियों को किट प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि जिन शिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है, उन्हें पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाएगी ताकि दो वर्षों के भीतर ही ये बनकर तैयार हो जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार पिछले 20 महीने से कार्य कर रही है, ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाया जा सके। हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा रैंकिंग में खिसककर 18वें स्थान पर पहुंच गया है, इसलिए वर्तमान सरकार शिक्षा में व्यापक व्यवस्था परिवर्तन कर रही है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जिनमें स्मार्ट क्लास रूम, ऑडियो-वीडियो विजुअल टीचिंग और खेल जैसी सुविधाएं होंगी।

सुक्खू ने कहा, ''मैं स्वयं सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं। स्कूल में हम मैट पर बैठते थे और कभी-कभी अध्यापकों से डांट भी पड़ती थी। मैं कहना चाहता हूं कि घर के बाद बच्चे के विकास में स्कूल का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन हमें सोचना होगा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम क्यों हो रही है।''

उन्होंने कहा कि गुणात्मक शिक्षा पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा पहली बार 200 अध्यापकों को सिंगापुर में एक्सपोजर विजिट पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से राज्य सरकार अध्यापकों के साथ विद्यार्थियों को भी एक्सपोजर विजिट पर विदेश भेजेगी।

### नाले की सफाई करते फिसला पैर, मौत

अनंत ज्ञान, मंडी। पुरानी मंडी में सेवानिवृत्ति जेई कुमार शर्मा की नाली की सफाई करने के दौरान उसमें बहने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार तड़के कुमार शर्मा नाले की ब्लोकएज खोल रहे थे कि इस दौरान पैर फिसलने से उसमें बह गए, करीब 10 मीटर दूर कुमार का सिर पाइप में फंस गया। सुबह लोगों ने देखा कि कुमार शर्मा नाले में गिरे हुए हैं। उनका शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जोनल हॉस्पिटल मंडी ले जाया गया। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

'अनंत ज्ञान' की रिपोर्टर पर शांगल से हमला करने का मामला

## हमलावार और डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

'अनंत ज्ञान' की रिपोर्टर पर शांगल से हमला करने के मामले में पुलिस ने उदयपुर थाने में हमलावर और डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा सोमवार को लाहौल-स्पीति जिले के एसपी मयंक चौधरी से केलांग जाकर मिली थी।

इसके बाद एसपी ने इस मामले का संज्ञान लेकर उदयपुर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश दिए। एसपी के आदेश के बाद ही एफआईआर दर्ज हो पाई है। घटना वाले दिन डॉक्टर ने सिर्फ पेन किलर देकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा था तथा कोई उपचार नहीं किया था। वहीं, पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज करने से आनाकानी की थी। एचएचओ उदयपुर मुकुल ने एफआईआर दर्ज करने के बाद बताया कि पुलिस पीड़िता को साथ लेकर घटनास्थल पर ले जाएगी तथा हमलावार को भी वहां बुलाकर पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे। पुलिस इस घटनक्रम के मौका-ए-वारदात पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए वीडियो भी खंगाल रही है।

इस बीच हमले की शिकार हुई कमलेश की मेडिकल रिपोर्ट भी आ गई है। हालांकि, मेडिकल रिपोर्ट सामान्य है और शरीर के किसी हिस्से में फ्रेक्चर नहीं है, लेकिन अंदरूनी चोटें ज्यादा हैं जिसकी वजह से दर्द हो रहा है। गौरतलब है कि लाहौल-स्पीति के राज्यस्तरीय पोरी मेले के अंतिम दिन रविवार को त्रिलोकीनाथ से मणिमहेश यात्रा के लिए जत्था रवाना रवाना हो रहा था, जिसकी कवरेज अनंत ज्ञान की रिपोर्टर कर रही थी। इसी दौरान हमलावर ने गुस्से में आकर देव कारज की लाइव कवरेज कर रही कमलेश के सिर पर जोर से शांगल मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

# महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने की योजना में बदलाव

## अब ग्राम पंचायतों की आमसभा में तय होंगे नाम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

महिलाओं को प्रदेश भर में हर माह मिलने वाले 1500 रुपए के अब तक भरे गए तमाम फॉर्म क्या रद्दी की टोकरी में चले जाएंगे? इस पर इसलिए असमंजस पैदा हो गई है क्योंकि अब ग्राम सभाओं में पात्र महिलाओं के आवेदनों की सूची जिला कल्याण अधिकारियों को भेजी जाएगी यानी पंचायत के माध्यम से ही सूची तैयार करके जिलाधिकारी तक पहुंचेगी।

यह सिलसिला इसलिए शुरू हो रहा है क्योंकि कल्याण अधिकारी कार्यालय में लाखों की तादाद में महिलाओं के आवेदन पहुंच चुके हैं असमंजस्य भी है कि इनमें कितने सही हैं, और कितने गलत? वैसे भी इस मामले को लेकर चुनावों के समय कांग्रेस और भाजपा ने खूब राजनीति की।

कुछ महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सरकार ने उनके खाते में भेज भी दिए, लेकिन हालात यह है कि प्रदेश के जिला कल्याण अधिकारियों के कार्यालयों में अभी तक तकरीबन 6 लाख आवेदन पहुंच चुके हैं। यह सिलसिला थमा नहीं है। इसीलिए चिंता सरकार की भी है और व्यवस्था चलाने वालों की भी। तभी तो नई अधिसूचना संयुक्त सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जारी कर दी है। अब मतलब यह हुआ कि फिलहाल 1500 रुपए प्रतिमाह देने का शोर शराबा थम गया है। (अनंत ज्ञान)



सरकार के नए आदेश आए हैं। उनके मुताबिक पंचायतें आम सभा की बैठक में तय करेंगी कि पात्र महिलाएं कौन-कौन हैं। उसकी सूची जिला कल्याण अधिकारी को भेजेंगी।
-अमरजीत सिंह, डीसी हमीरपुर

### क्या रद्दी की टोकरी में जाएंगे अभी तक के आवेदन

अब सवाल यह उठ रहा है कि अभी तक पिछले कई महीनों से महिलाओं के आवेदनों का जो सिलसिला चल रहा था, बड़ी तादाद में यह आवेदन जिला कल्याण अधिकारियों के कार्यों में पहुंचे हुए हैं। इन पर कार्रवाई होगी या फिर यह रद्दी की टोकरी में चले जाएंगे? इसका जवाब अभी फिलहाल ऊहापोह में फंस गया है।
कारण यह है कि अब पंचायतों के माध्यम से आवेदन लेने के लिए जो नई अधिसूचना जारी हुई है, उसी पर अमल होगा। क्योंकि इतने सारे आवेदन कल्याण अधिकारी कार्यालयों में पहुंचने के बाद सरकार खुद सकते कि स्थिति में आ गई थी।

### अभी तक तकरीबन 6 लाख आवेदन

1500 रुपए प्रतिमाह के लिए राज्य भर में अभी तक तकरीबन 6 लाख आवेदन पहुंच चुके हैं। इनमें अकेले कांगड़ा जिले में पौने दो लाख से ज्यादा है। हमीरपुर में 45,000 से ज्यादा का है। उपचुनाव के समय चुनाव आयोग ने 3,452 महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की स्वीकृति प्रदान की थी, लेकिन केवल 756 को ही यह भेजी जा सकी। वह भी केवल हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में। अभी यह डाटा क्लियर नहीं हो पाया है कि कितनी महिलाओं को यह 1500 रुपए प्रतिमाह दिया गया है।

### नई अधिसूचना के आधार पर लिए जाएंगे आवेदन

इधर जिला कल्याण अधिकारी गीता मारवाह का कहना है कि नई अधिसूचना की प्रति के आधार पर ही अब आवेदन लिए जाएंगे। पुराने आवेदनों का क्या बनेगा। इस पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। फिलहाल नई डायरेक्शन के आधार पर ही महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने के आवेदनों का चयन होगा।

बदहाल शिक्षा | शिक्षा विभाग कर रहा प्रदेश सरकार द्वारा तय किए मापदंडों की अनदेखी

# किचन शैड में मर्ज कर दिया तरस्वाण स्कूल

**अनिल शर्मा, मंडी**

शिक्षा विभाग पर आए दिन प्रदेश सरकार द्वारा तय किए गए मापदंडों की अनदेखी कर स्कूलों को मर्ज करने के आरोप लग रहे हैं। मंडी जिला के शिक्षा खंड द्रंग-2 में सिर्फ नौनिहालों की इनरोलमैंट को आधार बनाकर पांच प्राइमरी स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है, जिसको लेकर अब शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। खंड की राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला तरस्वाण को 3 किलोमीटर दूर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला धार-2 में मर्ज किया गया है जबकि धार-2 ऐसा स्कूल है जो खुद किचन शैड में चलाया जा रहा है।

जब धार-2 स्कूल के पास नौनिहालों को बैठाने के लिए एक कमरा तक नहीं है फिर मर्ज किए जा रहे तरस्वाण स्कूल के नौनिहालों व सामान को रखना लोगों की समझ से परे है। तरस्वाण स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पुरषोत्तम सिंह सहित अन्य अभिभावकों ने कहा है कि तरस्वाण स्कूल की धार-2 स्कूल से तीन किलोमीटर की दूरी है और ऊपर जंगली रास्ता होने से जानवरों का डर व सर्दी के मौसम में बर्फबारी पड़ने से नौनिहाल स्कूल पहुंचने में असमर्थ होंगे। उन्होंने कहा कि प्री प्राइमरी के साथ स्कूल की 6 इनरोलमैंट है और इस वर्ष बच्चों की 6 वर्ष की शर्त से कोई भी बच्चा स्कूल में दाखिला नहीं ले पाया है।

स्कूल की इनरोलमैंट में प्री-प्राइमरी की इनरोलमैंट को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में स्कूल की इनरोलमैंट में बढ़ोतरी होगी इसलिए स्कूल को मर्ज न किया। बहुत से नौनिहाल आगामी समय में स्कूल दूर होने की वजह से शिक्षा से वंचित रह सकते हैं। (अनंत ज्ञान)





### इन स्कूलों की दूरी भी 2 किलोमीटर से ज्यादा

**शिक्षा** खंड द्रंग-2 की चार अन्य प्राथमिक पाठशालाओं को मर्ज किया जा रहा है, जिनकी दूरी 3 से 5 किलोमीटर के करीब है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला झगरकूट को बुलंद स्कूल में मर्ज किया जा रहा है, जिसकी दूरी 3 किलोमीटर से अधिक है। वहीं चेला-1 की चेला-2 से करीब 5 किलोमीटर, बड़ागांव की सिलग से 5 किलोमीटर से अधिक जबकि राजकीय प्राथमिक पाठशाला टिल्ली पाटन की दूरी राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कथोग से करीब 5 किलोमीटर है।

### अन्य खंडों में 2 बच्चों वाले स्कूल मर्ज न कर द्रंग-2 के साथ भेदभाव क्यों : भीम सिंह

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग-2 के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा खंड द्रंग-1 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बदन व फेगडू में 2-2 इनरोलमैंट है, जिन्हें शिक्षा विभाग द्वारा दूरी को देखते हुए मर्ज नहीं किया गया जबकि द्रंग-2 के 5 स्कूलों की दूरी को दरकिनार कर सिर्फ इनरोलमैंट को आधार बनाकर मर्ज भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि दूरी को ध्यान में रखते हुए खंड के पांचों स्कूलों को मर्ज न कर संबंधित क्षेत्र के नौनिहालों के साथ न्याय करें।

# रामपुर बुशहर में 3 से 9 सितंबर तक होगी अग्निवीरों की भर्ती रैली

## शिमला, सोलन, सिरमौर व किन्नौर के युवा लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भर्ती वर्ष 2024-25 के लिए अग्निवीरों की भर्ती रैली के आयोजन के लिए प्रिथी मिलिटरी स्टेशन अवेरीपट्टी रामपुर में समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कर्नल पुष्विंदर कौर निदेशक भर्ती कार्यालय शिमला ने कहा कि सेना भर्ती कार्यालय शिमला द्वारा भारतीय सेना में शिमला, सोलन, सिरमौर व किन्नौर जिले के युवा जिन्होंने अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उतीर्ण की है उनके लिए भर्ती रैली का आयोजन 3 से 9 सितंबर तक प्रिथी मिलिटरी स्टेशन अवेरीपट्टी रामपुर में किया जा रहा है, जिसमें फिजिकल, ग्राउंड व मेडिकल टेस्ट होगा।

उन्होंने कहा कि यदि मौसम खराब रहा तो इस तिथि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने उप मंडलाधिकारी नागरिक रामपुर व निरमंड तथा डीएसपी रामपुर से इस भर्ती रैली को सफल बनाने के लिए सहयोग करने के लिए कहा।



उपमंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर व उपमंडलाधिकारी निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि इस भर्ती रैली को प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, अग्निशमन व नगर परिषद के अधिकारियों को सेना भर्ती कार्यालय शिमला से समन्वय स्थापित कर उन्हें पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई से संबंधित सभी व्यवस्था नगर परिषद रामपुर द्वारा किया गया। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने कहा कि भर्ती रैली स्थल पर कानून व व्यवस्था बनाएं रखने व ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राधा-कृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** प्राचीन मंदिर जीर्णोद्वार कमेटी डाडासीबा द्वारा प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में मंगलवार को विशाल कलश शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। वहीं, इस मौके पर दर्जनों महिलाओं व अन्य भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ राधा-कृष्ण मंदिर से डाडा सीबा झील तक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ब्यास नदी से जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। इस दौरान जयकारों से पूरा कस्बा गुंजायमान रहा। मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन सैकडों श्रदालुओं ने हाजिरी लगाई। कथा वाचक पंडित रजनीश शर्मा द्वारा देवी-देवताओं के प्रसंग सुनाकर हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन मंडली ने भी एक से बढ़कर एक भेंटें सुनाकर खूब समा बाधां।

### कृषि सेवा समिति मतेहड़ का वार्षिक अधिवेशन 25 को

**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत दि मतेहड कृषि सेवा सहकारी सभा समिति मतेहड़ नौरा का वार्षिक अधिवेशन 25 अगस्त रविवार को प्रातः 11 बजे सामुदायिक भवन मतेहड़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति के सदस्यों से अनुरोध है कि वे समय अनुसार सामुदायिक भवन में पहुंचने की कृपा करें। यह जानकारी सभा की सचिव आशा रानी ने दी। (अनंत ज्ञान)

### ढलियारा में पीटीए कार्यकारिणी का गठन 24 को

**सालबिया शर्मा, गरली।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु पीटीए कार्यकारिणी का गठन अगामी 24 अगस्त दोपहर एक बजे होग, जिसमें स्टूडेंट्स के अभिभावक पहुंचेंगे। प्राचार्य अंजू चौहान ने बताया कि इस संदर्भ में अविभावकों का सम्मेलन दोपहर एक बजे महाविद्यालय परिसर में रखा गया है। सभी अभिभावकों से इस सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया गया है तथा विद्यार्थियों के माध्यम से उन्हें सूचित किया जा रहा है। यदि किसी कारणवश उक्त दिवस को संघ का कोरम पूरा नहीं होता है तो बैठक का आयोजन 31 अगस्त को किया जाएगा। कारणवश अगर कोरम पूरा नहीं होता है तो बैठक का आयोजन 16 अगस्त को किया जाएगा और मौजूद सदस्यों में से कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अभिभावक संघ की बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित बनाएं तथा नई कार्यकारिणी की बैठक में अपना योगदान दें।

### पीटीए कार्यकारिणी का गठन 22 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में शैक्षिक सत्र 2024-26 हेतु पीटीए कार्यकारिणी का गठन अगामी 22 अगस्त सुबह 11 बजे को होगा, जिसमें विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले स्टूडेंट्स के अभिभावक पहुंचना सुनिश्चित करें। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बताया कि इस संदर्भ मे अविभावकों का सम्मेलन सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में रखा गया है। सभी अभिभावकों से इस सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया गया है अतः आग्रह है कि वे अभिभावक संघ की बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित बनाएं तथा नई कारकारिणी की बैठक में अपना योगदान दें।

# टांडा अस्पताल में बिना पंखों के मरीज-तीमारदार गर्मी से बेहाल

## रेडियोलॉजी विभाग में छत से टपक रहा पानी, मरीज बैठें तो बैठें कहां

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



टांडा में रेडियोलॉजी विभाग में छत से टपकता पानी।

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा अपनी दयनीय स्थिति पर आंसू बहा रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा अस्पताल में देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ अस्पताल में इमरजेंसी में लगे पंखों के सिर्फ डंडे ही नजर आ रहे है जिसे यहां मरीजों के तीमारदार बाहर गर्मी में बैठने को मजबूर हैं, तो वहीं दूसरी और इसे हटकर ऐसा ही कुछ दृश्य रेडियोलॉजी विभाग में देखने को मिल रहा है, जहां मरीजों के बैठने के लिए बनाए गए स्थल के पास लगी कुर्सियों के ऊपर से छत से पानी टपक रहा है। इससे बचने के लिए उक्त स्थल पर एक कूड़ेदान रखा गया है, जिसमें यह पानी गिर रहा है।

रेडियोलॉजी विभाग में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, और एक्सरे किए जाते हैं और रोजाना यहां भारी संख्या में लोग आते हैं। यहां पर आने वाले मरीजों के लिए भी गंभीर समस्या बनी हुई है कि आखिर वे बैठें तो कहां बैठें। टांडा में इन दृश्यों को देख हर कोई टांडा अस्पताल की कार्यप्रणाली को कोसता नजर आ रहा है। वहीं इस संदर्भ में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की तो उनका कहना कि आपके माध्यम से यह जानकारी मिली है। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए इसे जल्द ठीक करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




इमरजेंसी विभाग में गायब पंखा।

# वीर चौक में बैली ब्रिज की जगह बनेगा चौड़ा पुल



पुराना ब्रिज बैली पुल।

**अनंत ज्ञान, गगल**

आईटी पार्क की सुविधा को बढ़ाने के लिए धर्मशाला मार्ग पर वीर चौक के नजदीक स्थापित आईटी पार्क के लिए मांझी पुल पर आवागमन हेतु शीघ्र ही बैली ब्रिज पुल के स्थान पर बड़े पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि इस नए पुल की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 4 प्वॉइंट 25 मीटर होगी, इससे पहले के बैली ब्रिज पुल है, उसकी चौड़ाई करीब अढ़ाई मीटर थी, जो कि बड़े वाहनों के योग्य नहीं थी। उन्होंने बताया कि लगभग अढ़ाई करोड़ की लागत से बनने वाले इस पुल का लाभ आईटी पार्क के साथ-साथ चैतड़ू, सलागड़ी और सराह आदि गांव के ग्रामीण को भी मिलेगा। नए पुल का निर्माण कार्य बहुत जल्दी शुरू किया जाएगा और यह पुल लगभग एक वर्ष में कंप्लीट भी कर दिया जाएगा। इस पुल को इसलिए भी जल्दी बनाना पड़ रहा है, क्योंकि आईटी पार्क की बिल्डिंग का स्ट्रक्चर भी लगभग तैयार हो गया है।

# पर्यटकों को पसंद आ रही वन विभाग की टेंट साइट

**सभी सुविधाओं से लैस हैं सतोवरी के टेंट हाउस ◗ पहाड़ों और शहरों का दिखता है विहंगम दृश्य**

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



शहरों और पहाड़ों का विहंगम दृश्य तथा शांति इस जगह की खासियत है। कई होटल होने के बावजूद यहां की हवा में गजब की खामोशी है, जो यहां आने वालों को खूब रास आती है। वहीं यहां वन विभाग के टेंट हाउस रहने का बेहतर विकल्प हैं।

मैकलोडगंज से करीब 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित सतोवरी एक खूबसूरत पर्यटन स्थल हैं। यहां वन विभाग का टेंट हाउस ठहरने का बेहतरीन विकल्प है। यहां आप प्रकृति के आगोश में कैंपिंग जैसा रोमांच पा सकते हैं। वन विभाग ने यहां सभी सुविधाओं से सुसज्जित 2 टेंट साइट तैयार की हैं। इन टेंट में लाइट, सोने, खाने तथा नहाने के बढ़िया इंतजाम हैं। रेस्ट हाउस के चारों ओर शाहपुर तथा कांगड़ा क्षेत्र का विहंगम दृश्य तथा विस्तृत पर्वत श्रृंखलाओं को निहारने का अपना ही मजा है। यहां से शाहपुर तथा जिला मुख्यालय कांगड़ा का सुंदर दृश्य नजर आता है। मैकलोडगंज, भागसू, नड्डी तथा धर्मकोट जैसी चहल-पहल से दूर सतोवरी काफी शांत क्षेत्र है। बरसात के अलावा सर्दियों में यहां धुंध पसरी रहती है तथा सड़कों पर यातायात काफी कम रहता है। यहां काफी होटल भी हैं, जिनमे दर्जनों कमरे हैं।

टेंट हाउस डल झील के पास वन विश्राम गृह सातोबारी में स्थित है। इसमें सुसज्जित कमरों वाला एक सुंदर परिसर है। आसपास के प्रमुख आकर्षण डल झील, नड्डी और सतोवरी गांव हैं। यह क्षेत्र गुणा देवी तक मध्यम ढलान वाले करेरी गांव के आसपास अपनी शानदार लंबी पैदल यात्रा और ट्रैकिंग के लिए जाना जाता है। यहां तैनात वन निगम कर्मचारी मदन शर्मा के अनुसार। दिल्ली, मुंबई समेत अन्य राज्यों से आने वाले सैलानी टेंट साइट में ठहरना काफी पसंद करते हैं। वहीं वन विभाग के रेंज ऑफिसर सुमित शर्मा बताते हैं कि दोनों टेंट हाउस की ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरह से बुकिंग होती है। उनके मुताबिक पर्यटकों में टेंट हाउस में ठहरने का काफी क्रेज रहता है। (अनंत ज्ञान)

# मरीजों को फल बांट कर मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



कांग्रेस कार्यकर्ता अस्पताल में मरीजों को फल बाटतें हुए।

जसवां-परागपुर ब्लॉक काग्रेंस ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती मनाई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता, पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया आदि कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की जयंती पर डाडासीबा सिविल हॉस्पिटल में मरीजों को फल बांटे।

वहीं, काग्रेंसी नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया आदि ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, आईटी के जनक, नई शिक्षा नीति, 18 वर्ष के युवाओं को वोट देने का अधिकार देने वाले आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया। इस मौके पर जसवां परागपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुशल सपेहिया, व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, जगमेल सिंह, उपप्रधान परमेश्वरी दास, जसवां परागपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराधा सपेहिया, पूर्व प्रधान बबीता मेहरा आदि मौजूद रहे।

## अनंत ज्ञान फैशन

# पार्टी में चार चांद लगाएंगे श्वेता के ये फैंसी सलवार-सूट



सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं, इसे डेली वियर से लेकर आजकल शादी जैसे बड़े-बड़े फंक्शन में भी कम्फर्टेबल रहने के लिए पहना जाने लगा है। इसके लिए हम ज्यादातर सेलेब्रिटी के स्टाइलिश लुक्स को रीक्रिएट करना पसंद करते हैं। सेलब्रिटी लुक की बात करें तो एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के स्टाइलिश लुक्स को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइए देखते हैं श्वेता के स्टाइलिश सलवार-सूट लुक्स।



### अनारकली सूट डिजाइन

कलीदार में अनारकली जैसे डिजाइन एवरग्रीन पसंद किए जाते हैं। काइनात बाय आंचल सहानी ने इस खूबसूरत वर्क वाले सूट को डिजाइन किया है। इस तरह के सूट आपको 3000 से 5000 रुपए में रेडीमेड मार्केट में मिल जाएंगे।

*इस तरह के लुक के साथ में बालों का जुड़ा बनाकर गजरे से स्टाइलिंग कर सकती हैं।*

### प्रिंटेड सूट डिजाइन

प्रिंटेड डिजाइन में लाइट वेट डिजाइन के सूट सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर सत्या पॉल इंडिया ने डिजाइन किया है। इस तरह के सूट के साथ में आप प्रिंटेड डिजाइन के हैवी दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं।

### चिकनकार सूट डिजाइन

चिकनकारी डिजाइन खासकर गर्मी के मौसम में पहनना पसंद किया जाता है। हीपोश डिजाइनर ब्रांड ने इस खूबसूरत सूट को डिजाइन किया है। इस तरह के सूट आपको फ्रेश और सोबर लुक देने में मदद करेंगे।



# न्यू लुक के लिए स्टाइल करें ये थ्री-पीस सूट





**महिलाएं हमेशा बेस्ट नजर आना चाहती हैं और यही वजह है कि वह एक परफेक्ट आउटफिट की तलाश में होती हैं। खास मौकों पर अगर आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप इन थ्री-पीस सूट का चुनाव कर सकती हैं। कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले थ्री-पीस सूट आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।**

### * मिरर वर्क थ्री-पीस सूट

इस तरह के सूट में मिरर एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें अफगानी स्टाइल की पेंट है। इस तरह के आउटफिट में आप काफी खूबसूरत नजर आएंगी। इस सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,000 से 3,000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। **इस सूट के साथ आप झुमके और मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती है।**

### * एम्ब्रॉयडरी वर्क थ्री-पीस सूट

**इस** तरह का आउटफिट भी आप स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है साथ ही इस आउटफिट के साथ जो दुप्पटा है उसके बॉर्डर पर भी वर्क किया गया है। इस तरह का आउटफिट आपको रॉयल लुक देगा और इस आउटफिट को आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 3000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप कुंदन या पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

### * थ्री-पीस सिल्क सूट

**यह** थ्री-पीस सिल्क सूट भी आप रक्षाबंधन पर न्यू लुक पाने के लिए वियर किया जा सकता है। यह सूट सिल्क फैब्रिक में है और इसमें सेकुंस और एम्ब्रॉयडरी वर्क किया हुआ है। वहीं इस तरह का आउटफिट आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 2000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप चोकर साथ ही फुटवियर में हील्स स्टाइल कर सकती हैं।

# रिच लुक पाने के लिए अपनाएं ये तरीके

**हर कोई चाहता है कि वह दिखने में स्टाइलिश लगे, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं हो पाता कि आप महंगे कपड़े और एसेसरीज खरीद सकें। हालांकि बिना ज्यादा खर्च किए भी आप चाहे तो रिच लुक पा सकती हैं। आज हम आपको ऐसे टिप्स बताने वाले हैं, जो आपको बजट में भी स्टाइलिश दिखने में मदद करेंगे।**

### * रंगों का सही चुनाव

**रिच** और एलिगेंट लुक पाने के लिए न्यूट्रल रंगों का चुनाव करें। अगर आपको लाल, पीला कपड़े पहनते हैं तो आपको अपने कपड़े खरीदते समय इन रंगों को छोड़कर बेज, क्रीम, ब्लैक, व्हाइट और ग्रे जैसे रंग के कपड़ों को अपने वार्डरोब में शामिल करना चाहिए। इन कलर के कपड़े आपको क्लासी लुक देते हैं।

### * सही फिट का ध्यान रखें

**अपने** शरीर के अनुसार आपको कपड़े पहनने चाहिए। कई बार ज्यादा पतले लोग काफी फिट कपड़े पहन लेते हैं जिसके कारण उनका लुक कुछ खास नहीं लगता। वहीं, अगर आप काफी ज्यादा ढीले-ढाले या बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं तो आपका लुक बिगड़ सकता है। कपड़े खरीदते समय उसका फिटिंग जरूर चेक करना चाहिए।



### एसेसरीज जरूर पहनें

**अगर** आपको एसेसरीज का शौक नहीं है तो आप कुछ एसेसरीज जरूर खरीदना चाहिए। एसेसरीज आपके लुक को और भी खास बना देता है। क्लासिक वॉच, या सिल्वर ईयररिंग्स यह आपके लुक को ग्लैमरस बना सकते हैं।





### * फुटवियर सही खरीदें

**लोगों** की नजर सबसे पहले आपके फुटवियर पर जाती हैं। ऐसे में अगर आपकी हाइट कम है तो आपको थोड़ा हील पहनना चाहिए। यह आपके हाइट को सही करने में मदद करेगा साथ ही आपके लुक को और भी क्लासी बनाएंगा। न्यूट्रल बैले फ्लैट्स, और स्टाइलिश स्नीकर्स भी आपको अपने फुटवियर में शामिल करना चाहिए। यह क्लासी लुक देने में मदद करता है।



## न्यूज ब्रीफ

### ओरिएंटल इंश्योरेंस को 2 लाख देने के आदेश

**दीपक पूरी, धर्मशाला।** शिकायतकर्ता मोनिका जो कि मृतक सुरिंद्र की बैंक खाते की नोमिनी है, के मामले में अब उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने 200000 का मुआवजा देने की आदेश दिए हैं। मृतक सुरिंद्र सिंह ने 6 जून 2015 को एक बैंक खाता खोला था। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पॉलिसी में बीमा के तहत कवर किया गया है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नियम के अनुसार बीमा पॉलिसी के वार्षिक प्रीमियम की राशि मृतक के उपरोक्त बैंक खाते से स्वतः डेबिट हो जाती है। सुरिंद्र की 28 जुलाई 2022 को भारी बारिश के कारण कांगड़ा बाई पास पर बनेर खड्ड में पानी में बहने से मृत्यु हो गई थी। सभी कागजी कार्रवाई और पॉलिसी के नियम पूरे होने के बाद शिकायतकर्ता ने दावे के लिए के लिए आवेदन किया, लेकिन 14 जून 2023 को शिकायतकर्ता को पत्र मिला जिसमे 'दावा अस्वीकार करने की बात कही गई। मृतक के मानसिक बीमार होने के कारण बहने की बात कही गई। इसके बाद मृतक की पत्नी ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके ऊपर सुनवाई करते हुए उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, नारायण ठाकुर तथा आरती सूद की बेंच ने शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज सहित 2,00,000 रुपए की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से शिकायतकर्ता को 20,000 रुपए का मुआवजा तथा 10000 रुपए मुकदमा खर्च देने के निर्देश भी दिए। (अनंत ज्ञान)

### पोस्टर मेकिंग में आशिमा ने पहला स्थान पाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग की ओर से एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता के साथ 'रैगिंग के विद्यार्थी जीवन और कैरियर पर प्रभाव' पर चर्चा की गई। यह कार्यशाला विशेष रूप से एमएससी के छात्रों के लिए आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार और सभी संकाय सदस्य शामिल हुए। पोस्टर प्रतियोगिता में आशिमा कपूर प्रथम, चेवुरी नागा राजू द्वितीय तथा अक्षिता-दिव्या राणा तृतीय स्थान रही।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस शपथ भी दिलाई और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी को राष्ट्र आधुनिक भारत निर्माता के रूप में जानता है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों और समाज की सोच को बदलने के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए। इस अवसर पर एडीसी सौरभ जस्सल, एसीटूडीसी सुभाष गौतम सहित विभिन्न अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

### 23 अगस्त से धर्मशाला में जुटेंगे प्रदेश के युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवाओं के सशक्तिकरण व हिमाचल में युवाओं में सेवा भाव जागृत करने का कार्य कर रही युवा संस्था पंजीकृत एनजीओ आगामी 23 से 25 अगस्त तक धर्मशाला में युवा एनजीओ का राज्य स्तरीय शिखर सम्मेलन 'स्वास्तिक-2024' आयोजित करेगी। इसमें प्रदेश के 12 जिलो से एवं अन्य 5 राज्य से युवा जुटकर तीन दिन तक विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। यह हिमाचल प्रदेश में किसी भी एनजीओ द्वारा आयोजित किया जाने वाला इस तरह का पहला राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन है। इस सम्मेलन में भाग लेने हेतु पंजीकरण अभी जारी है। कांगड़ा अध्यक्ष रजत ने बताया कि इस हेतु युवा संस्था की साइट्स पर जाकर अपना पंजीकरण करवाने सहित अधिक जानकारी व सहयोग हेतु 94596-82392 व 75900-12827 पर संपर्क कर सकते हैं।

### राज्यपाल से मिला धर्मशाला का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की प्रबुद्ध नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि उपचुनावों के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्वयं सार्वजनिक मंचों से घोषणा की थी की शीघ्र ही धर्मशाला परिसर के निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा, लेकिन लगभग 3 महीने बीत जानें के पश्चात भी अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि धन राशि जमा नहीं होने के कारण धर्मशाला क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से गुहार लगाई है की वह केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के निर्माण के संदर्भ में संबंधित विभागों को उचित दिशा-निर्देश दें। प्रतिनिधिमंडल में अतुल भारद्वाज, सुरेंद्र, शिवि सिंह, सुनील दत्त, कैलाश वालिया, राकेश सम्मलित रहे।

### पुड़वा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा 21 अगस्त को पालमपुर की ग्राम पंचायत पुड़वा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है, जिसमें फोर्टिस कांगड़ा के माहिर डाक्टर क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। फोर्टिस जनसेवा अभियान के तहत इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सामान्य रोग जैसे बीपी, शुगर, हृदय रोग, थायरायड आदि रोगों के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कैंप के बारे में अधिक जानकारी हेतु 9805004648 पर संपर्क करें।

### सुलह कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

**राकेश डोगरा, डरोह।** मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुलह में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने की और स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौहान ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यकाल में किए गए कार्यों से अवगत करवाया। इस मौके पर सुलह कांग्रेसी कार्यकर्ता व अन्य सभी विभागों के प्रमुख, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस आदि मौजूद रहें। (अनंत ज्ञान)

### आपदा प्रबंधन में आम जनमानस की सहभागिता जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा प्रबंधन में आम जनमानस की भागीदारी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक आपदा प्रबंधन को गांव और परिवार के स्तर पर नहीं अपनाएंगे, तब तक पूर्ण रूप से आपदाओं के जोखिम को कम नहीं किया जा सकता। मंगलवार को मिनी सचिवालय में आपदा प्रबंधन को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हिमालय की श्रृंखला में बसे राज्यों में पर्यावरण बदलाव के असर को महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा न सिर्फ पर्यावरण संबंधी आपदाओं के लिए संवेदनशील है, बल्कि भूकंप के लिए भी अत्यधिक संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि इस तरह की आपदाओं से बचने के लिए पूर्व तैयारी ही एकमात्र उपाय है। इससे पहले जिला आपदा प्रबंधन के समन्वयक भानु ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों और महाविद्यालयों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के पहले दिन आपदा प्रबंधन के मूल सिद्धांतों के अलावा पर्यावरण बदलाव के कारण बढ़ती आपदाओं, और आपदा प्रबंधन में तकनीक के उपयोग पर चर्चा की गई। जिला आपदा प्रबंधन की तरफ से श्री भानु शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### परौर स्कूल में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एकीकृत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर के प्रांगण में किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ. राजेश गुलेरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा द्वारा किया गया। जांच शिविर में निशुल्क ओपीडी, बीपी, शुगर आदि रोगों की जांच की गई एवं आभा आईडी बनाने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। हंस फाउंडेशन, सिएरा एनजीओ, आईसीटीसी पालमपुर, खंड भवारना के अधिकारी व कर्मचारियों अजय सूद अधीक्षक मोनिका पूरी अकाउंटेंट के योगदान का धन्यवाद किया।

# एबीवीपी ने किया ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन

## बलात्कारियों को शह दे रही ममता बनर्जी सरकार



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

**शुभम शर्मा, देहरा**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और जघन्य हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला देहरा के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ एसडीएम ऑफिस देहरा के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

विभाग संयोजक पुष्पराज ने कहा की कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी की घटना को लेकर लोग आक्रोशित हैं। रवींद्रनाथ टैगोर और मां दुर्गा की पावन धरती पर आए दिन इस तरह के कुकृत्य देखने को मिल रहे हैं। बलात्कारियों को शह देने का काम पश्चिम बंगाल की वर्तमान ममता सरकार कर रही है। जिसके विरोध में विद्यार्थी परिषद ने आज देहरा में एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यदि जल्दी से जल्दी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद उग्र से उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतर जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## बैजनाथ में निकाला शांतिपूर्वक कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में रेंजीडेंट महिला डॉक्टर की हत्या मामले में मंगलवार को शांतिपूर्वक कैंडल प्रदर्शन किया। इस प्रोसेशन में नागरिक चिकित्सालय तथा बीएमओ महाकाल के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों व स्टाफ, बैजनाथ के निजी क्लीनिक के स्टाफ, परमार्थम संस्था के सदस्य व्यापार मंडल, युवा मंडल तथा महिला मंडल के सदस्य शामिल हुए। सभी लोगों ने शिव मंदिर के समीप दिवंगत डॉक्टर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

बीएमओ महाकाल डाक्टर दिलावर सिंह दियोल ने कहा कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई और बंगाल सरकार अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है। महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में रोजाना देशभर में धरने-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ऐसे में पूरे देश में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा इस मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी अस्पतालों में आज ओपीडी भी बंद रखी गई।

प्रदेश डेंटल हेल्थ वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षता डॉ. श्वेता केंद्र सरकार से मांग करती है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाए जाएं। इस मौके पर डॉ. शिवानी, डॉ. अभिषेक अवस्थी, डॉ. इंदुबाला, डॉ. अभिनव, डॉ. शुभम शर्मा, डॉ. शुभम, डॉ. वरुण, डॉ. राजकुमार, मनोज कपूर, तारापुरी महिला मंडल अध्यक्ष परविंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



दिवंगत डॉक्टर को श्रद्धांजलि देते डॉक्टर्स व स्टाफ सदस्य।

## विश्व संस्कृत दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य पर एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के संस्कृत विभाग के सौजन्य से एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुणदीप शर्मा ने संस्कृत भाषा के महत्व के विषय में विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. अरुणदीप शर्मा ने कहा कि भारत की आत्मा और ज्ञान विज्ञान की भाषा संस्कृत में भारत के वेद, उपनिषद, आरण्यक, पुराण, धर्मग्रंथ, रामायण, महाभारत, नाट्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, अष्टाध्यायी जैसे कई ग्रंथ लिखे गए हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत से ज्यादातर भाषाओं की शब्दावली या तो सीधे ली गई हैं अथवा उनसे प्रभावित हैं। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि संस्कृत भारत को एकता के सूत्र में बांधती है। संस्कृत का साहित्य अत्यन्त प्राचीन, विशाल और विविधतापूर्ण है। इस अवसर पर अध्यापक वर्ग में प्रो मनोज, प्रो दिनेश शर्मा और प्रो राकेश भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## ...जब राजीव गांधी ने शाहपुर-रिहलू सड़क पर उतार दिया था हेलिकॉप्टर

- पैदल ही जनसभा मैदान में पहुंच गए थे राजीव
- 1982 में चुनावी जनसभा के चलते कांगड़ा पहुंचे थे गांधी

**राजीव गांधी की जयंती पर संस्मरण**

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

यह भी एक अजीब संयोग है कि राजीव गांधी को विमान उड़ाना प्रिय था, लेकिन उन्हें विशेष परिस्थितियों में राजनीति में आना पड़ा और राजनीति ही उनकी असामयिक मृत्यु का कारण बनीं। दूसरी ओर, उनके छोटे भाई संजय गांधी को राजनीति प्रिय थी, लेकिन एक हवाई उड़ान उनकी असामयिक मौत का कारण बनीं।

भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय राजीव गांधी की हिमाचल प्रदेश से कई यादें जुड़ी हुई हैं, जिनका उनकी जयंती पर समरण हो आता है। राजनीति में उनके शुरुआती वर्षों के दौरान ही वह वर्ष 1982 के विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांगड़ा भी आए थे। उनके इस दौरे से जुड़ी एक बहुत ही रोचक घटना भी है जिसे कम ही लोग जानते होंगे।

दरअसल, मई-जून 1982 में राजीव गांधी को नगरोटा बगवां में कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी हरदयाल के पक्ष में चुनावी जनसभा करनी थी तथा इसके बाद उन्हें शाहपुर में चुनावी जनसभा में पहुंचना था। उस समय राजीव गांधी राजनीति में नए थे और पायलट की नौकरी छोड़ कर आए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने छोटे बेटे संजय गांधी की हवाई दुर्घटना में मौत के बाद बड़े बेटे राजीव गांधी को उत्तराधिकारी तय कर दिया था।

नगरोटा बगवां में चुनावी जनसभा के बाद राजीव गांधी के हेलिकॉप्टर के चंबी मैदान में उतरने के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी तथा वहां से वाहनों के काफिले में उन्हें शाहपुर के मैदान में पहुंचना था, लेकिन राजीव गांधी ने खाली सड़क और दूरी को भांप रिहलू सड़क पर हेलिकॉप्टर लैंड कर दिया और जनसभा को संबोधित करने पैदल पहुंच गए। (अनंत ज्ञान)

## एसडीएम कांगड़ा ने अधिकारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलाई और श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी को राष्ट्र आधुनिक भारत निर्माता के रूप में जानता है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोगों और समाज की सोच को बदलने के लिए अनेक दूरदर्शी निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं के मताधिकार के उपयोग की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया, ताकि देश का युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सके। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं के अधिकारों की उन्होंने पुरजोर वकालत की। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा सहित तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्न, अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## सीपीएस ने धार चढियार में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज किशोरी लाल ने मंगलवार को धार चढ़ियार के लोगों से मिलकर इलाके की समस्याओं को सुना।

विद्युत, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा से संबंधित लगभग 150 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को इनको शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन के प्रांगण में औषधीय पौधा बेहड़ा रोपित किया। सीपीएस ने कहा कि प्रदेश सरकार, समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार सुशासन की सरकार है और लोगों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाए और किसी को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी क्षेत्रों में एक समान विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए विभागों को आदेश जारी किए गए हैं। सीपीएस ने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश के कई इलाकों में लोगों को नुकसान हुआ है। उन्होने कहा कि सरकार, प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के साथ है और आपदा लोगों की सहायता एवं पुनर्वास के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार अक्षित शर्मा, बीडीओ केसर सिंह राणा, बीडीओ सिकंदर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जवाली में मनाया विश्व मच्छर दिवस

**अनंत ज्ञान, जवाली**



उपमंडल जवाली के अंतर्गत सिविल अस्पताल में मंगलवार को विश्व मच्छर दिवस मनाया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद, रविंद्र कुमार, उर्मिला देवी ने भाग लिया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने बताया कि इस दिवस को मनाने का मकसद लोगों को मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना है।

डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया जैसी गंभीर जानलेवा बीमारियों के लिए छोटे से नजर आने वाले ये मच्छर ही जिम्मेदार होते हैं। डॉ. रोनाल्ड रॉस ने खतरनाक मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी। मच्छरों से होने वाले खतरों के प्रति सावधान करने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। मच्छर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलाते हैं।

साल 1930 में लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन और ट्रॉपिकल मेडिसिन द्वारा इस दिन को मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल ब्रिटिश डॉक्टर रोनाल्ड रॉस ने साल 1897 में 20 अगस्त के ही दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी। वही मच्छर जो खतरनाक मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार होता है। उनकी इस खोज के लिए उन्हें चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था।

इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को इन्हीं खतरनाक बीमारियों के प्रति सचेत करना है और मच्छरों से बचाव के तरीकों के बारे में बताना है। इस अवसर पर बहुत महिलाओं, आशा कार्यकर्ता सी एच ओ शबनम, एनडीके काउंसलर कृष्ण कुमार ने भी भाग लिया।

## डीएवी कॉलेज कांगड़ा के छात्रों ने लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा घोषित किए गए बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के छात्रों ने परचम लहराया है। इस परीक्षा परिणाम में रुखसाना ने 83.6 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय में प्रथम, वंशिका ने 83.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा खुशी कालरा ने 82 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी छात्राओं को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा है और यह हमारे अध्यापकों की मेहनत तथा छात्रों की लगन का ही परिणाम है कि हमारे विद्यार्थी परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त करते हैं।



## बैजनाथ पपरोला में निकाला विजयी जुलूस

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला को आज नए अध्यक्ष उपाध्यक्ष मिले। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई आशा कुमारी व उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए राजन कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने अपने समर्थकों के साथ नगर पंचायत के विकास को लेकर बात कही। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का एक समान विकास करवाना ही उनका ध्येय रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि वे पार्षदों के साथ मिलकर नपं को एक दिशा प्रदान करें। इस दौरान नपं पार्षद अमित कपूर, पार्षद राजेश क्लेडी, पार्षद अनीता सूद, पार्षद रितू देवी, व्यापार मंडल बैजनाथ के प्रधान मनोज कपूर, प्रदेश कांग्रेस सचिव विरेंद्र कटोच, रिशव पांडव, अमित आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## बारिश के बीच बैजनाथ में साडा के विरुद्ध जुटे लोग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

साडा के विरोध में मंगलवार को भारी बारिश के बावजूद गुनेहड़ के पंचायत घर में लोग भारी मात्रा में इकट्ठे हुए और एक स्वर से चोरी छुपे साडा लगाए जाने का विरोध किया।

प्रधान अंजना देवी और उपप्रधान दुनीचंद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लगभग डेढ़ सौ लोगों ने भाग लिया। लोगों का कहना था कि जिन क्षेत्रों में पहले से यह कानून लागू है वहां पर सरकार ने क्या अच्छा किया है, पहले वह बताएं उसके बाद में बाकी क्षेत्रों में इसे लागू किया जाए, जबकि उन क्षेत्रों से जो भी फंड इकट्ठा किया जाता है उसका भी मात्र 10 प्रतिशत ही वहां पर खर्च किया गया है। गुनेहड का जो क्षेत्र बिलिंग जिसे टेक ऑफ कहा जाता है वह शुरू से ही साडा के अंदर रहा है, लेकिन वहां पर भी विकास के नाम क्या हुआ है इसकी जानकारी सरकार दे। लोगों में हैरानी है कि मार्च महीने में चोरी छुपे निकाली गई इस नोटिफिकेशन के बारे में पंचायत से कोई भी एनओसी नहीं ली गई है और 5 महीने बाद अब जाकर इस नोटिफिकेशन की भनक पंचायत को लगी है।

**हिदायत** निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सिलेंडर वितरण हो सुनिश्चित, खाद्यान्न वस्तुओं की दुकानों पर रेट लिस्ट का भी करें निरीक्षण

# डिपुओं में खाद्यान्न वस्तुओं की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ते राशन की दुकानों में खाद्यान्नों की गुणवता पर भी कड़ी निगरानी रखने तथा नियमित निरीक्षण के निर्देश खाद्य आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए हैं। मंगलवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सार्वजनिक वितरण कमेटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समय पर सस्ते राशन की दुकानों पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने उपायुक्त ने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग को लेकर भी नियमित तौर पर दुकानों की चेकिंग की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर पॉलिथीन का उपयोग नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने कहा कि खाद्यान्न वस्तुओं की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करना जरूरी है। इसके लिए भी खाद्य आपूर्ति विभाग नियमित तौर पर रेट लिस्ट चेक करने के लिए कारगर कदम उठाएं।



उन्होंने बताया कि जिला में कार्यरत 1129 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से माह दिसंबर, 2023 से जुलाई 2023 तक राशन कार्डधारकों को 58,63,32, 063 रुपए की उपलब्ध करवाई गई तथा जिला कांगड़ा में दिसंबर, 2023 से जुलाई, 2024 तक कुल 5420 निरीक्षण किए गए, जिनमें 7 मामलों में चेतावनी दी गई तथा 32 उचित मूल्यों की दुकानों व थोक केंद्रों में अनियमितताएं पाए जाने पर 7,39,794 रुपए का जुर्माना किया गया। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में दिसंबर, 2023 से जुलाई, 2024 तक विभिन्न खाद्य वस्तुओं के 299 नमूनें एकत्रित करने के उपरांत विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़, एडीसी सौरभ जस्सल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सिलेंडर वितरण हो सुनिश्चित

**जिले** में कार्यरत 36 गैस एजेंसियों के पास कुल 5,52,995 एलपीजी उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिन्हें गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से करवाई जा रही है। जिला में कार्यरत सभी गैस एजेंसियों के लिए एलपीजी सिलेंडरों के वितरण हेतु रूट चार्ट अधिसूचित करवाया गया है तथा सभी गैस एजेंसियों को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार एलपीजी सिलेंडरों का वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी गैस एजेन्सियों को सलेंडरों के वितरण में लगे वाहन पर मापतोल यंत्र, लाऊड-स्पीकर स्थापित करना आवश्यक बनाया गया है, जिस पर विभाग द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि सिलेण्डरों के वितरण का के बारे में उपभोक्ताओं को पता चल सके। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण कमेटी द्वारा जिला में विभिन्न स्थानों पर उचित मूल्यों की दुकानों को आबंटित करने पर भी चर्चा की गई तथा स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता के आधार पर सस्ते मूल्य की दुकानें आवंटित करने के निर्देश भी दिए गए।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं करतार सिंह** पुत्र सुख चैन गांव व डा. रौंह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) मेरा Arm License No. 423/DMU/Army/J-VI, जोकि दिनांक 07-09-2011 डीएम उधमपुर (जे एंड के) से जारी हुआ था और दिनांक 07-03-2017 तक वैध था। वह कहीं गुम हो गया है। अत: मुझे Arm License No. 423/DMU/Army/J-VI की डुप्लीकेट कॉपी जारी की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊटपुर में रोपे पीपल, बिल और बड़ के पौधे



**अतुल, सुजानपुर।** निस्वार्थ सेवा भाव संगठन की ओर से आयोजित पौधरोपण अभियान के तहत दिए गए पौधों (पीपल, बिल, बड़) का रोपण मां भगवती जन जागरण सेवा समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्राम निवासियों ने ऊटपुर, जिला हमीरपुर में किया। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि बच्चों में पर्यावरणीय जागरूकता भी पैदा करना है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को व्यक्त किया। इस अभियान के दौरान, मां भगवती जन जागरण संस्था के सदस्यों और स्थानीय निवासी राकेश चंद, प्रवीण, रमन कुमार, राजवीर, दिनेश ठाकुर आकाश राणा, वंशु, शिव्यू सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। (अनंत ज्ञान)

### स्व. राजीव ने डिजिटल इंडिया की रखी थी नींवः डॉ. पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने इस दिन को सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से जिलाध्यक्ष सुमन भारती की अध्यक्षता में मनाया। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. वर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ही वे शख्स थे, जिन्होंने पूरे भारत देश के अंदर व्यवस्था परिवर्तन किया। स्व. राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने पंचायतीराज सिस्टम को बदला। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओबीसी मानचंद राणा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सुनील कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नादौन कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाई राजीव गांधी की जयंती



**नादौन।** विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय नादौन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 80वीं जयंती व सद्भावना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज के अध्यक्ष अजय जैन ने राजीव गांधी के बारे में महत्त्वपूर्ण योगदान के बारे में जानकारी दी, जैसे 18 वर्ष की आयु में वोट देने का अधिकार, पंचायतीराज व्यवस्था, आधुनिक भारत के निर्माता, भारत में आईटी की शुरुआत आदि। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस चेयरमैन निर्मल जैन जी, प्राचार्या डॉक्टर अनामिका शर्मा व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### टौणी देवी स्कूल के छात्रों को राज्य पुरस्कार




**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी विद्यालय के 4 स्काउट्स सूर्य जसवाल, अनमोल, गुलशन और अंशुल तथा 2 गाइड्स (रुचि एवं दीपाली) ने राज्य पुरस्कार प्राप्त किया है। इस सफलता के पीछे उनके शिक्षक एवं मार्गदर्शक स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कप्तान कुसुम लता और अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई दी तथा कहा कि यह पुरस्कार छात्रों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ाएगा बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर स्काउट मास्टर मनोज कुमार और गाइड कप्तान कविता देवी के साथ सुरेश, संजीव, संजय, लीना, प्रोमिला, सुनीता, तनु, कृष्ण, राजेश सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुम्हारकड़ में दलिया भंडारा कल

**हमीरपुर।** जोलसप्पड़ पंचायत में कुमाहरकड़ में सदियों पुरानी बाबड़ी पर दलिया भंडारा 22 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। अप्पर सोहरी कमेटी के सदस्यों उपप्रधान संतोष कुमार, पप्पू सहित अन्य लोगों ने बताया कि कुम्हारकड़ में एक सदियों पुरानी बाबड़ी है, जो करीब चार माह पहले सूख गई थी, जिस कारण लोगों को पेयजल की दिक्कत हो गई थी, लेकिन अब उसमें पानी आ गया है।इस कारण लोग इसे ख्बाजापीर की कृपा मानते हुए दलिये के भंडारे का आयोजन करेंगे।

### चोरी के आरोपी से बरामद किए आभूषण, नकदी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर की टीम ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी किए गए सभी आभूषणों व नकदी को बरामद करके एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बड़सर में 15 अगस्त को मामला दर्ज हुआ था, जिसमें मुवलिक के चांदी व सोने के आभूषण तथा 74 हजार रुपए चोरी हुए थे। इसकी शिकायत पंजीकृत होने पर 17 अगस्त को मुख्य आरोपी व्यक्ति अमरजीत शर्मा निवासी गांव भगेड़ तहसील बड़सर को गिरफ्तार कर लिया गया था व उसके कब्जा से कुछ आभूषण व नकदी भी बरामद की गई थी। इसी कड़ी में पुलिस ने 19 अगस्त को अंबाला में स्थित एक गोल्ड लोन के कारोबारी से 19.7 ग्राम सोने को बरामद कर के इस अभियोग में पूरी बरामदगी कर ली गई है। आरोपी व्यक्ति ने अपने ससुराल से ही अपनी पत्नी, सास व ससुर के आभूषण चोरी किए थे। यह भारतीय सेना में 58 आर्म्ड कोर में तैनात था तथा जुलाई 2024 में सेना से भगौड़ा घोषित किया गया है। आरोपी व्यक्ति को मंगलवार को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तथा माननीय न्यायालय ने 3 दिन का पुलिस रिमांड़ प्रदान किया है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### राज्य निदेशक ने किया आरसेटी हमीरपुर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के राज्य निदेशक रमेश चंद डढवाल ने मंगलवार को मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी हमीरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और यहां उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ संवाद किया तथा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में महत्त्वपूर्ण फीडबैक लिया। इस अवसर पर आरसेटी हमीरपुर के निदेशक अजय कतना और अन्य अधिकारियों ने राज्य निदेशक को संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया।

### कांग्रेस जिला महासचिव ने पुलिस कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**एसके ठाकुर, बड़सर।** पुलिस लाइन हमीरपुर के मैदान में 16 अगस्त को जिला हमीरपुर के सारे पुलिस प्रसासन के सामने 10-15 लोगों के पर्स चोरी हुए। इसमें हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता, पवन कुमार कालिया कांग्रेस जिला महासचिव बिझड़ी के पर्स भी चोरी हुए थे। जिस दिन पर्स चोरी हुए थे, उसी दिन चोर ने पवन कालिया के पीएनबी एटीएम कार्ड से भूंपल के पीएनबी एटीएम से पहले दस हजार फिर सात हजार निकाले। इसकी सारी जानकारी बैंक से निकलवा कर उसी दिन पुलिस विभाग को दे दी गई थी, लेकिन पुलिस विभाग चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। चोरी की घटना को पांच दिन हो चुके हैं, फिर भी पकड़ना तो दूर पीएनबी एटीएम भूंपल की 16 अगस्त की सीसीटीवी फुटेज देखने का समय नहीं लगा, जिससे चोर का हुलिया पता चलता और पकड़ा जाता।

# महिला डॉक्टरों को सुरक्षित वातावरण देने का प्रावधान करे प्रदेश सरकार

## मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ओपीडी रहीं बंद, ऑपरेशन करवाने वाले मरीजों को दी छुट्टी





मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ओपीडी के बाहर डॉक्टर के आने का इंतजार करते मरीज। (दाएं) मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के परिसर में प्रशिक्षु डॉक्टर विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

देशभर में कोलकाता में हुई रेजिडेंट महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या का विरोध लगातार जारी है। देशभर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर न्याय दिलाने के साथ डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नया कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मंगलवार को भी रेजिडेंट व प्रशिक्षु डॉक्टरों ने परिसर में एकत्रित होकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सभी ओपीडी बंद रहीं और किसी भी मरीज का ओपीडी में उपचार नहीं किया गया। इसके अलावा ऑपरेशन करवाने के लिए दाखिल किए गए मरीजों को भी अस्पताल प्रशासन ने छुट्टी दे दी है। अब इन मरीजों को ऑपरेशन करवाने के लिए अगली तिथि दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले डॉक्टरों की एसोसिएशन व प्रशिक्षु डॉक्टर एकजुट होकर न्याय की मांग कर रहे हैं। प्रशिक्षु डॉक्टरों का कहना है कि आगे चलकर हम भी डॉक्टर बनेंगे और यदि सुरक्षित माहौल नहीं होगा तो हम जनता की सेवा नहीं कर पाएंगे।

इस अवसर पर रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रजित ने कहा कि ओपीडी तो बंद है, लेकिन मरीजों को असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपातकाल में मरीजों की जांच कर रहे हैं। ओपीडी बंद करने का हमारा मकसद यही है कि डॉक्टरों को सुरक्षित वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि हम बार-बार सरकारों और सर्वोच्च न्यायालय से यही आग्रह कर रहे हैं कि कोई प्रस्ताव या कानून बनाने का प्रावधान किया जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि मेडीपर्सन एक्ट या सेंटर हेल्थ प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए, जिससे डॉक्टरों को एक सुरक्षित वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि जनता की असुविधा के लिए हमें खेद है, लेकिन हमें नहीं पता था कि हालात इतने बिगड़ जाएंगे और डॉक्टरों के साथ हो रहे क्राइम होते रहेंगे। डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए ही यह आंदोलन कर रहे हैं।

इस अवसर पर रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. संजय ठाकुर ने कहा कि कोलकाता में बहुत की जघन्य अपराध हुआ और महिलाओं के साथ अत्याचार नहीं रुक रहे हैं, चाहे वे किसी के भी संरक्षण में हों। हम भी चाहते हैं कि किसी महिला के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी डॉक्टर के साथ दोबारा ऐसा होता है तो हम लोग इसके लिए खड़े नहीं होंगे तो और कौन खड़ा होगा, इसलिए सभी डॉक्टर प्रोटेस्ट कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## तुरंगाल बार्ड के लोगों ने सीएम से पंचायत सपड़ोह में दोबारा मिलाने का किया आग्रह

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**विस चुनावों के दौरान उन्होंने दिया था उनकी मांग को पूरा करने का आश्वासन**

नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बरदियाड़ के तुरंगाल वार्ड के लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि उन्हें नवनिर्मित बरदियाड़ पंचायत से काट कर दोबारा फिर उनकी पुरानी पंचायत सपड़ोह में मिला दिया जाए। इस पंचायत के बार्ड तुरंगाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस कस्बा बड़ा के धनपुर में जायका परियोजना के किसान प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपे गए एक मांग पत्र में विशेष रूप से मांग की है कि जिस समय नादौन विधानसभा क्षेत्र में नई पंचायत बरदियाड़ का गठन किया गया था तो पंचायत सपड़ोह के तुरंगाल बार्ड के अंतर्गत पड़ने वाले गांव लछरूई, तुरंगाल, एवं पथरियां दा नाल गांवों को उक्त गांव वासियों के विरोध करने के बाबजूद फिर भी उन्हें बरदियाड़ पंचायत में मिला दिया था।

उन्होंने इस बारे में जिला के सभी प्रशासनिक अधिकारियों को बताया था कि बरदियाड़ पंचायत का कार्यालय उनके गांवों से उन्हें लगभग 6 किलोमीटर दूर पड़ता है, जबकि सपड़ोह का पंचायत कार्यालय मात्र 1 किलोमीटर है। यही नहीं उनके बाकी सभी सस्ते राशन का डिपो, हेल्थ सेंटर, पोस्ट ऑफिस आदि सभी लाहड़ में पड़ते हैं जो कि उनके गांवों से मात्र एक किलोमीटर दूर हैं।

केवल पंचायत संबंधी कार्यों के लिए ही उन्हें लगभग 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, इसलिए उन्हें सपड़ोह. पंचायत में ही रहने दिया जाए, लेकिन उसके बाबजूद फिर भी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी इस समस्या को नजरअंदाज करते हुए उनके विरोध करने के बाबजूद उन्हें सपड़ोह पंचायत से काट कर बरदियाड़ पंचायत में मिला दिया था।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र में ये भी बयान किया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के समक्ष गांव वासियों ने अपनी इस समस्या को उस दौरान भी रखा था जब वह अपने विधानसभा चुनावों के दौरान अपने चुनावी अभियान के तहत उनके गांव आए थे एवं उस समय मुख्यमंत्री ने उन्हें पूरा आशवासन दिया था कि उनकी इस मांग को अवश्य पूरा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### गुग्गा मंडली सेवक को जान से मारने की धमकी

**टौणी देवी।** गुग्गा मंडली में सेवा कर रहे एक व्यक्ति के साथ पहले मारपीट की गई उसके बाद जान से मारने की धमकी दी गई। सदर थाना हमीरपुर के तहत काले अंब गांव के अतुल डोगरा पुत्र देव राज ने भारीं गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसने लकड़ी के फट्टे से उसके साथ मारपीट की और बाद में बंदूक से जान से मरने की धमकी दी। उसने बताया कि वो आजकल गुग्गा जाहरवीर की मंडली में सेवा कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## शहर के 15 प्रतिशत लोगों ने जमा नहीं करवाया हाउस टैक्स




**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

नगर परिषद द्वारा लोगों को 10 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट देने के बाद भी लोग हाउस टैक्स जमा करवाने में आगे नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि अभी तक नगर परिषद का लोगों के पास टैक्स के रूप में करोड़ों रुपए फंसा हुआ है।

बता दें कि 10 प्रतिशत छूट देने के बाद नगर परिषद डेढ़ करोड़ रुपए ही हाउस टैक्स का वसूल कर पाया है जबकि करोड़ों रुपए बकाया है। गौर रहे कि नगर परिषद द्वारा हाउस टैक्स से आने वाले पैसा स्टाफ, सफाई कर्मचारी और विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। यदि लोग समय पर हाउस टैक्स जमा नहीं करवाएंगे तो शहर में कैसे विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाएंगे। अभी शहर में कई ऐसे लोग है जिनका हजारों रुपए हाउस टैक्स के पेंडिंग है। नगर परिषद के 11 वार्डों में 15 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिन्होंने हाउस टैक्स जमा नहीं करवाया है। (अनंत ज्ञान)



> हमीरपुर नगर परिषद का सालाना 12 से 13 करोड़ रुपए का हाउस टैक्स बनता है, लेकिन कुछ लोग इसे छूट देने के बाद भी जमा नहीं करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक डेढ़ करोड़ रुपए ही टैक्स के रूप में प्राप्त किया है, लेकिन अभी भी 15 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो हाउस टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं।
>
> **अजमेर सिंह ठाकुर, नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी**

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बड़सर विधायक लखनपाल बने चुनाव प्रभारी



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल जम्मू-कश्मीर में होने जा रहे चुनाव के चलते किस्तबाड़ में चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं। वह जैसे ही किश्तवाड़ पहुंचे, लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बता दें कि इंद्रदत्त लखनपाल राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी हैं। 42 साल तक कांग्रेस सेवादल में रहे और पिछली तीन टर्म से कांग्रेस के विधायक भी थे। अभी हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए और हिमाचल में कांग्रेस की सीटिंग सरकार होने के बावजूद भी बड़सर विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी की टिकट पर से कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। लखनपाल की जीत के बाद उन्हें हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव का प्रभारी भी बनाया गया, वहां भी उन्होंने अपनी टीम के साथ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आशीष शर्मा को जीतने में दिन-रात एक कर दिया। इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी भी अब उनके अनुभवों का लाभ जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ मेंलेना चाहती है।

### एनआईटी हमीरपुर में छात्रों को अब नहीं रहेगी पानी की दिक्कत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर अपने हिमाद्रि छात्रावास में अत्याधुनिक वर्षा जल संचयन प्रणाली के सफल कार्यान्वयन की घोषणा गर्व से करता है। यह पहल स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हिमाद्रि छात्रावास में 43,000 लीटर की क्षमता वाली नव स्थापित वर्षा जल संचयन प्रणाली का उद्देश्य छात्रावास परिसर के भीतर विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्षा जल को संग्रहित करना और उपयोग करना है। यह प्रणाली पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भरता को काफी कम करेगी, जल सुरक्षा को बढ़ाएगी और स्थानीय जल संसाधनों के संरक्षण में योगदान देगी। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच.एम. सूर्यवंशी और एनआईटी हमीरपुर की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने हिमाद्रि छात्रावास के संरक्षक डॉ. विवेक तिवारी और हिमाद्रि छात्रावास के सहायक संरक्षक डॉ. संदीप शर्मा और छात्रावास स्टाफ और विशेष रूप से संपदा अधिकारी डॉ. हेमंत विनायक के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि अन्य लोगों द्वारा भी इसी तरह की पहल की जाएगी।

### दी बल्ह बिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का साधारण अधिवेशन 25 को

**एसके ठाकुर, बड़सर।** दी बल्ह बिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का साधारण अधिवेशन 25 अगस्त को बुलाया गया है । इसमें सभा का अंकेक्षण करवाने के लिए अंकेक्षक का अनुमोदन करना है। इसमें समय रहते सभा का अंकेक्षण करवाया जा सके। यह जानकारी दी बल्ह बिहाल सहकारी सभा के सचिव सतीश कुमार शर्मा ने दी।

### रकड़याल में विशेष बच्चों के स्कूल के लिए भूमि आवंटन पर आपत्तियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील हमीरपुर के मौजा झनियारा के मुहाल रकड़याल में विशेष बच्चों के आवासीय स्कूल के निर्माण हेतु पहचान ऐजूकेशन सोसायटी को खसरा नंबर 13/1 में कुछ सरकारी भूमि लीज पर आवंटित करने का प्रस्ताव है। एसडीएम मनीष कुमार सोनी ने बताया कि इस जमीन के आसपास रहने वाले लोगों को अगर इस लीज आवंटन पर कोई आपत्ति हो तो वह इसे 30 दिन के भीतर एसडीएम कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि 30 दिन के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## केवीएस के समक्ष उठाएंगे चारदीवारी का मुद्दा : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपायुक्त ने की केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर की वीएमसी की बैठक की अध्यक्षता की।

केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर की विद्यालय मेनेजमेंट कमेटी (वीएमसी) की बैठक मंगलवार को जिलाधीश अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान विद्यालय से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिलाधीश ने कहा कि विद्यालय परिसर और विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से यहां चारदीवारी का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। पूरे परिसर की चारदीवारी के लिए लगभग 2.10 करोड़ रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। इसको लेकर केवीएस से पत्राचार करेंगे। विद्यालय परिसर के साथ ही जंगल है और यहां अन्य शिक्षण संस्थान भी हैं। इसको देखते हुए यहां पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे।

बैठक में व्यापक चर्चा के बाद वीएमसी ने कई कार्यों को मंजूरी प्रदान कर दी। बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा कई अन्य कार्यों के लिए भी लाखों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा भी अन्य कई निर्णय लिए गए। विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों की सराहना करते हुए जिलाधीश ने प्रधानाचार्य और अन्य को निर्देश दिए कि वे संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्य करते रहें। बैठक में प्रधानाचार्य सुनील चौहान ने विभिन्न मुद्दों और संस्थान की उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शिक्षक रविंद्र सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक के बाद जिलाधीश ने विद्यालय परिसर का व्यापक निरीक्षण किया तथा विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

### युवती की मौत के बाद हरकत में आया बिजली बोर्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के वार्ड नंबर दो में सोमवार शाम नाबालिक नेपाली मूल की युवती की करंट लगने से मौत हो गई थी, वहीं हादसे वाले स्थान को दिखाने के लिए गए व्यक्ति को करंट लगा था जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। व्यक्ति अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। हादसे के बाद बिजली बोर्ड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे थे।

बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सौरव राय ने बताया कि हादसे के बाद सारी परिस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हमारी यह लाइन बहुत पुरानी है और मकान मालिक को अवैध भवन निर्माण करने के लिए नोटिस भी दिया था, लेकिन फिर भी मकान मालिक ने अवैध भवन का निर्माण कर दिया। हादसे के बाद विद्युत बोर्ड ने निर्णय लिया है कि एचटी लाइन हटाने को लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी। इसके अलावा नगर परिषद और अन्य विभाग भी अवैध निर्माण को लेकर अपनी राय देंगे।

## दो तेंदुओं के आतंक से कक्कड़ पंचायत के ग्रामीण व स्कूली बच्चे परेशान

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल की कक्कड़ पंचायत में दो तेंदुओं के आतंक से लोग बेहद परेशान है। पंचायत के दो गांवों फगलोट व साई-दा-घाट गांव में गोशाला में बंधी दो बकरियों को मार कर खा लिया है। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्कूल जाने के लिए बच्चे डर रहे हैं।

कक्कड़ पंचायत के प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि पंचायत के गांव फगलोट व साई-दा-घाट गांव के लोक राज व अंजू की गोशाला में बंधी बकरियों को मारकर चट कर लिया है। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो तेंदुओं देखे गए हैं। कई दिनों से तेंदुए क्षेत्र में घूम रहे हैं और लोग परेशान हैं। ग्रामीणों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ व हाई स्कूल कक्कड़ को आने वाले बच्चे भी डरे हुए है। पंचायत प्रधान व ग्रामीणों ने तेंदुओं को पकड़ने के लिए पिंजारा लगाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं अधिकारी**

अग्घार वन परिक्षेत्र के आरओ अंकुश ठाकुर का कहना है कि बरसात के मौसम में तेंदुओं का होना आम बात है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि रात को घर के बाहर लाइट जरूर जला कर रखें तथा अकेले न जाएं। पंचायत से प्रस्ताव मिलते ही क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के पिंजरा लगाया जाएगा।

### सरकारी योजनाओं को तेजी से करें क्रियान्वित : सुरेश कुमार



बैठक में मौजूद विधायक सुरेश कुमार व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत प्रधानों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, सचिवों, तकनीकी सहायकों और ग्रामीण रोजगार सेवकों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार की सभी योजनाओं को पंचायत स्तर पर तेजी से क्रियान्वित करने की दिशा में कार्य करें, ताकि पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंच सके। मंगलवार को यहां मिनी सचिवालय में क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान सुरेश कुमार ने ये निर्देश दिए।

**आयोजन** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस हमीरपुर जिले में भी सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया

# अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ







उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाते एडीएम राहुल चौहान। (मध्य) जिला पंचायत कार्यालय हमीरपुर में अधिकारी कर्मचारी शपथ लेते हुए। (दाएं) जिला सांख्यिकी विभाग में अधिकारी-कर्मचारी शपथ लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस मंगलवार को जिला हमीरपुर में भी सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर जिला हमीरपुर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सद्भावना की शपथ ली। उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में एडीएम राहुल चौहान ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म और भाषा इत्यादि का भेदभाव किए बिना देश की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा सभी प्रकार के मतभेदों को सदैव आपसी बातचीत एवं संवैधानिक माध्यमों से ही सुलझाने की शपथ दिलाई। उपायुक्त कार्यालय के अलावा जिला के अन्य कार्यालयों एवं संस्थानों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों ने देश की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा ली।

## न्यूज ब्रीफ

### ककीरा जरई में एलपीजी वितरक के आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा जिला चंबा के उपमंडल चुवाड़ी के अंतर्गत गांव ककीरा जरई में एलपीजी वितरक के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दुर्गम क्षेत्रीय वितरक श्रेणी की यह डिस्ट्रीब्यूटरशिप ओपन (महिला) के लिए आरक्षित है। आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर 2024 को सांय 5:00 बजे तक है तथा आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। एलपीजी दुर्गम क्षेत्रीय वितरक के रूप में चयन के लिए, आवेदन करने के इच्छुक तथा आवेदक की पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले सभी व्यक्ति वेबसाइट पर लॉग आन खुद का पंजीकरण करवाना होगा।

### नरेंद्र बने देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के प्रदेश प्रधान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नरेंद्र सैणी को लगातार दूसरी बार देव भूमि पर्यावरण रक्षक मंच का राज्य स्तरीय प्रधान चुना गया। मंगलवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में हुई इन चुनावों में नरेंद्र सैणी को प्रधान, दिनेश कुमार महासचिव, राजेंद्र कुमार, हरीश कुमार शर्मा व राजकुमार अग्निहोत्री संयुक्त सचिव, भवानी सिंह , कृष्ण कुमार व नरेश कुमार को उपप्रधान, लक्षमण आजाद व चिरंजी लाल प्रैस सचिव चुने गए। धर्मपाल बिष्ट संगठन सचिव, अशोक बधावन कोषाध्यक्ष बनाए गए। रक्षक मंच के महासचिव रहे डॉ. आरपी कौशल के निधन पर शोक जताया। इस मौके पर पूर्व में किए गए कार्य जैसे गंधर्व वन जंगल मंडी 27 हेक्टेयर भूमि पर विभाग से मिल कर पौधारोपण करने व इस साल 4 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 3200 पौधे लगाए जाने के क्रम को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने पर्यावरण को बचाए रखने के लिए काम करने का प्रण लिया। रक्षक मंच द्वारा जख्मी पक्षियों को बचाने, उनका इलाज करवाने, पंडोह बांध व बरोट बैराज से 15 प्रतिशत पानी हर वक्त छोड़ने के प्रावधान का सख्ती से पालन करवाया गया तथा सुकेती खड्ड व ब्यास नदी में मछलियों के अवैध शिकार को रोकने में भी मदद की। प्रण लिया गया कि पर्यावरण को बचाने वाली इस तरह की सभी गतिविधियां लगातार जारी रखी जाएंगी।

# चंबा के सुनारा स्कूल में अध्यापकों के 16 पद खाली

**ओपी शर्मा, भरमौर**

चंबा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुनारा में अध्यापकों के 16 पद रिक्त चल रहे हैं। अध्यापकों के पद रिक्त होने के चलते यहां पर विज्ञान संकाय बंद हो गया है। स्कूल में प्राध्यापकों व अध्यापकों के इतने पद खाली होने के चलते यहां पर शिक्षा की व्यवस्था बुरी तरह से चरमराम गई है।

जानकारी के अनुसार यहां पर प्रिंसिपल के साथ अधीक्षक सीनियर अस्सिटेंट, क्लर्क, लेक्चर बायोलॉजी, लेक्चर केमिस्ट्री, लेक्चरर हिस्ट्री, लेक्चर गणित, लेक्चर हिंदी, लेक्चर फिजिक्स, लेक्चर इंग्लिश, लेक्चर अकाउंटेंसी, लेक्चर बिजनेस स्टडी, टीजीटी आर्टस और पीईटी के पद पिछले के समय से खाली चले हुए हैं। जिसके कारण यहां पर पड़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ रहा है। बच्चों को पढ़ने के लिए यहां पर दूसरे अध्यापकों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जुगाड़ करके बच्चों को कैसे न कैसे करके शिक्षा दी जा रही है।

बिना अध्यापकों के यहां पर बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर गांव का एक प्रतिनिधिमंडल 15 अगस्त को शिक्षा मंत्री से भी मिलकर इस समस्या से उन्हें अवगत करवा चुका है। अध्यापकों के पद रिक्त होने के चलते यहां पर बच्चों को जुगाड़ करके पढ़ाया जा रहा है। यहां पर अभिभावक अपने बच्चों के विषय को लेकर काफी चिंतत दिख रहे है। एक ही स्कूल में स्टाफ के 16 पद रिक्त होने के चलते यहां पर शिक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह से चरमरा गई है। (अनंत ज्ञान)

**अध्यापक न होने की वजह से स्कूल में विज्ञान संकाय हुआ बंद**



### विभाग व सरकार को करवा चुके हैं अवगत : रोशन लाल

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोशन लाल का कहना है इस समस्या को लेकर विभाग प्रशासन व सरकार को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिसके चलते यहां पर बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

### विभाग को सौंपी है वैकेंसी रिपोर्ट : हाकम चंद

प्रधानाचार्य हाकम चंद का कहना है कि इस विषय को लेकर विभाग को वैकेंसी रिपोर्ट सौंप चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अध्यापकों की कमी के कारण यहां पर शिक्षा पूरी तरह से प्रभावित हो रही है

## रिटायर कर्मियों को नौकरी पर रखने का फैसला गलत : राणा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी की जिलास्तरीय बैठक आज प्रधान आरएस राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक की जानकारी देते हुए सचिव तेज सिंह गुप्ता ने बताया कि इसमें राज्य कार्यकारिणी के सदस्य विशेष रूप से प्रधान अशोक अवस्थी, महासचिव एम एस चंदेल, कोषाध्यक्ष घनश्याम सेन, उमेश शर्मा, पीसी चौहान, कुलदीप गुलेरिया और ध्रुव मल्होत्रा तथा विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विभिन्न इकाइयों से आए हुए प्रधान एवं प्रतिनिधियों ने प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त स्थिति, बढ़ती हुई बेरोजगारी के मध्य नजर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दौबारा कार्यरत करने के सरकार के संभावित कदम पर चिंता व्यक्त की। सरकार से मंडी में वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र और तहसील स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों को बैठने के लिए कक्ष स्थापित करने की मांग की तथा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। हर स्तर पर प्रशासन से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया ताकि समाज में फैल रही नशे के रोकथाम के लिए सख्त से सख्त कदम उठाया जाए।

# एक माह बाद भी नहीं लौटीं छुट्टी पर गई रेडियोलॉजिस्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के रेडियोलॉजी विभाग से लंबी छुट्टी पर गईं रेडियोलॉजिस्ट एक महीने बाद भी नहीं लौटी हैं। इससे मेडिकल कॉलेज में एमआरआई और सीटी स्कैन की सेवाएं ठप पड़ गई हैं। जिसके कारण यहां पर आए दिन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



मरीजों को चार से पांच हजार रुपए देकर निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में एमआरआई और सीटी स्कैन करवाने पड़ रहे हैं। हैरानी की बात है कि सरकार रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती को लेकर कुछ नहीं कर पा रही है। स्वास्थ्य विभाग की अस्थायी व्यवस्था करने में असफल रहा है। जिले के अन्य किसी भी सरकारी अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं।

ऐसे में विभाग चाहकर भी अस्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। रोजाना मेडिकल कॉलेज में पांच से दस मरीजों को सीटी स्कैन और एमआरआई करवाने की सलाह दी जाती है। इन मरीजों को सरकारी के बजाय निजी सेंटरों में चार गुना अधिक पैसे देकर टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं।

मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज के पास एक ही रेडियोलॉजिस्ट है। वह दिन भर मरीजों के अल्ट्रासाउंड करने में व्यस्त रहता है।

अस्पताल में दो से तीन अतिरिक्त रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होना जरूरी है। लोगों में हंसराज, संजय शर्मा, विनोद कुमार, किशोर, धर्मपाल, बावा खन्ना और दीपक जोशी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज जिला का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान हैं। ऐसे में वहां रेडियोलॉजिस्ट के पद खाली नहीं रहने चाहिए। जिले भर के मरीज यहां इलाज करवाने आते हैं।

### रेडियोलॉजिस्ट की जल्द हो सकती है तैनाती : बिपन

**चिकित्सा** अधीक्षक डॉक्टर बिपन ठाकुर ठाकुर ने बताया कि सरकार को रेडियोलॉजिस्ट के रिक्त पदों के बारे में अवगत करवाया है। जल्द सरकार रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती कर सकती है।

# जम्मू से मणिमहेश यात्रियों का पहला जत्था पैदल पहुंचा भरमौर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जम्मू से मणिमहेश यात्रियों का पहला जत्था पैदल भरमौर पहुंच गया है। जम्मू से पैदल पहुंचे पहले जत्थे ने चौरासी परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद यहां पर डेरा लगा दिया है। जम्मू से आए शिव भक्तों का यह जत्था 26 तारीख को छोटे न्हौण के दिन पवित्र मणिमहेश डल झील में स्नान करने के बाद वापस रवाना हो जाएगा।

गौरतलब है हर वर्ष जम्मू से सैकड़ो की तादाद में शिव भक्त पैदल ही यात्रा करके पवित्र मणिमहेश की यात्रा करते हैं। इस दौरान महिलाएं बुजुर्ग बच्चों सभी शिव भक्ति में डूब कर भोलेनाथ के दर्शन के लिए मणिमहेश पहुंचते हैं।



मणिमहेश के लिए पैदल यात्रा करते हुए श्रद्धालु।

कई दिनों के पैदल सफर करने के बाद जम्मू से हजारों की तादाद में शिव भक्त भरमौर पहुंचकर पवित्र मणिमहेश डल झील में डुबकी लगाते हैं। इस दौरान जम्मू से आने वाले शिव भक्तों की लोग यहां पर काफी गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।

# उपायुक्त मुकेश ने दिलाई सद्भावना दिवस की शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा**



कर्मचारियों को शपथ दिलाते उपायुक्त।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को चंबा में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने प्रात: 11 बजे कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलवाई।

उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की शपथ दिलवाई। इसके अलावा जिला के अन्य सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों द्वारा भी सद्भावना दिवस की शपथ दिलवाई गई।

# भरमौर और सचुंई में चलेगा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला प्रशासन और खंड विकास अधिकारी कार्यालय भरमौर के द्वारा श्री मणिमहेश यात्रा 2024 के दौरान ग्राम पंचायत भरमौर और सचुंई के सभी वार्डो से घर-घर प्लास्टिक और पॉलिथीन से सम्बन्धित कूड़े को एकत्रित करने का निर्णय लिया गया है ।

खंड विकास अधिकारी गोपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण ) के अंतर्गत 22 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलाया जाएगा, जिसमें हर घर से प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित करने हेतु विभाग और पंचायत के कर्मचारियों, पदाधिकारियों और सुलभ इंटरनेशनल संस्था के कामगारों की सेवाएं ली जाएगी।

**प्लास्टिक के कूड़े को किसी अन्य गीले कूड़े के साथ न मिलाए**

उन्होंने ग्राम पंचायत भरमौर और सचुंई की प्रबुद्ध जनता से आग्रह भी किया हैं कि वे प्लास्टिक की बोतलों और एक बारी में प्रयोग लाए जाने वाले पॉलिथीन जैसे कुरकुरे, लेज और दूध की थैलियों को घर में किसी बैग में भर के रखे ।

उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के कूड़े को किसी अन्य गीले कूड़े के साथ न मिलाए। प्लास्टिक के कूड़े को अलग ही बैग में रखे और यह कूड़ा हमारी टीमें आपके घर से लेने आएंगी और जिसको लेने के बाद सावनपुर के पास इसको कलेक्शन शेड में रखा जाएगा। उसके बाद इस कूड़े को कूड़ा सयंत्र कुरांह और कूड़ा सयंत्र मरेडी चंबा में वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जाएगा।

गोपाल सिंह ने दोनों पंचायतों की जनता से आग्रह किया है कि इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और प्लास्टिक कूड़े को अलग से अपने घर में किसी बैग या डस्टबिन में रखे और जब भी हमारी टीमें इस कूड़े को लेने आयें तो उनका इस कार्य में सहयोग करें ताकि श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान जरुर दें और जगह जगह पर प्लास्टिक की गंदगी देखने को ना मिले और जिस से पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो ।

# केरू पहाड़ के दरकने से लगभग ढाई घंटे मुख्य मार्ग रहा अवरुद्ध



भूस्खलन के कारण बंद हुए मार्ग को बहाल करते कर्मी।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पठानकोट भरमौर राष्ट्रीय उच्च महामार्ग 154 ए पर स्थित ढगोह पास करू पहाड़ में भारी भूस्खलन के चलते लगभग ढाई घंटे तक राष्ट्रीय मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहा। जिससे आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़े प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही मौके पर मशीनरी एवं मजदूर को भेज दिया गया उन्होंने युद्ध स्तर पर काम को अंजाम देते हुए।

लगभग ढाई घंटे बाद मुख्य मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया। बता दें जिला में हो रही बारिश के कारण छोटे-बड़े मार्गों पर भारी भूस्खलन होने का सिलसिला जारी है।

# उघराल में भालू के हमले से एक घायल, पीजीआई रेफर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुखरी के गांव उघराल में भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल को उपचार हेतु नागरिक स्वास्थ्य केंद्र डलहौजी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक की देने के उपरांत पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया । जानकारी के अनुसार उघराल गांव के रहने वाले पवन कुमार पुत्र होशियारा राम सोमवार शाम 6 बजे के करीब अपने घर के समीप गौशाला में गया। जहां पर एक भालू पहले से ही गौशाला के पास घात लगाए हुए बैठा था जैसे पवन कुमार गौशाला मे अपने मवेशियों को चारा डालने गया तो वहां पर भालू ने पवन को आते देख जबरदस्त हमला कर दिया। भालू के हमले से पवन कुमार के सर और आंखों मे गंभीर चोटे आई है। पवन की चीख पुकार सुन उसके परिवार वाले व आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर घायल को उपचार के लिए नागरिक स्वास्थ्य केंद्र डलहौजी में ले जाया गया । जहां अच्छा डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पवन को प्राथमिकी देने के उपरांत उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि पवन को जैसे हॉस्पिटल में लाया गया उसके शरीर से बेताह खून बह रहा था। चेहरे सिर और शरीर के अन्य भागों पर गंभीर रूप से नोचा गया था। उन्होंने बताया कि उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्होंने तुरंत उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

### चंबा से रैपिड फोर्स दल मौके पर पहुंचा : रजनीश



**डीएफओ** होटल डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया वन विभाग का दल मौके वाली जगह पर पहुंच गया और घायल व्यक्ति के बचाव कार्य में स्थानीय लोगों की मदद की । चंबा से रैपिड फोर्स दल भी मौके पर पहुंच गया और उन्होंने हमला करने वाले भालू को खोजने का प्रयास किया ताकि उसे काबू कर कहीं दूर जंगल में छोड़ा जा सके। जंगली जानवर आबादी वाली जगह पर बीते कुछ समय से ज्यादा ही आकर्षित होने लगे हैं क्योंकि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण इंसान खुद ही है क्योंकि जहां इंसानी आबादी है वही उनके घरों दुकानों की बची हुई खाद्य सामग्री वेस्ट के रूप में बाहर फेंक दी जाती है जिससे जंगली जानवर जैसे बंदर लंगूर भालू एवं अन्य की ऐसे जानवर है जो अब बेखौफ आबादी वाली जगह पर आने जाने लगे हैं।

### प्रशासन करे समस्या का उचित समाधान : प्रधान



**ग्राम** पंचायत पुखरी की प्रधान ने कहा कि गांव के लोग ज्यादातर कृषि से जुड़े हुए लोग हैं और अभी खेतों में मकई की फसल तैयार खड़ी है जिसको लेकर भालू बंदर लंगूर आकर्षित होते हैं और इसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन वन विभाग से गुहार लगाई है कि वह इस समस्या पर कोई उचित ठोस कदम उठाए ताकि जो ग्रामीणों में एक डर का माहौल पैदा हो गया है उससे निजात मिल सके।

# सो रहा वन विभाग, लोग हो रहे जंगली जानवरों के शिकार : मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।**

जंगली जानवरों के इनसानी बस्तियों में घुसपैठ व इनसानों पर हमलों की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं। आए दिन जिला में जंगली जानवर द्वारा किसी न किसी स्थानीय पर हमले की खबर सामने आ रही है। इस घटनाक्रम पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है। लोगों पर निरंतर बढ़ रहे जंगली जानवरों के हमलों के लिए सीधे तौर पर वन विभाग की अक्षम कार्यप्रणाली जिम्मेदार है।



जंगली जानवरों के इनसानी बस्तियों में लगातार हो रहे घुसपैठ व हमलों के कारण ढूंढ़ने की वन विभाग द्वारा न कोई जांच की जा रही है और न ही किसी किस्म का बचाव अभियान चलाया जा रहा है। मनीष ने वन विभाग के अधिकारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा की अधिकारी स्थिति का स्वयं ठीक होने का इंतज़ार करते रहते हैं। मनीष ने कहा की वन विभाग की टैगिंग, ट्रेसिंग व केजिंग जैसी कई तकनीक हैं जिन के इस्तेमाल से विभाग जंगली जानवरों व इनसानों की भिड़ंतों को रोक सकता है परन्तु जिला चम्बा वन विभाग न जाने कब अपनी कुम्भकर्णी नींद से जागेगा। ज़िला चंबा वन विभाग को चेतावनी देते हुए मनीष सरीन ने कहा की यदि इस मुद्दे को लेकर विभाग जल्दी सक्रिय न हुआ तो वे इसके सन्दर्भ में शीघ्र मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे।

### सूडोकु 0032 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0031 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी**



श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए गणमान्य।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधी भवन में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राही ने कहा कि राजीव गांधी की बदौलत तीन स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का गठन हुआ है और उसमें महिलाओं को आरक्षण भी दिया गया है।

# खनेटी धार में ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पौधरोपण के दौरान सामूहिक चित्र में।

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सुंदरनगर ने सर्वोदय सेवा समिति सुकेत एवं पंचायत प्रतिनिधि ग्राम पंचायत डोलधार तथा नव दुर्गा स्वयं सहायता समूह द्वारा सयुंक्त रूप से पौधारोपण अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने सुंदरनगर की ग्राम पंचायत डोलधार के गांव सेहकरा के समीप खनेटी धार में लगभग 120 पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सुंदरनगर के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुरेंद्र ठाकुर तथा स्टाफ एवं अभिकर्ताओं ने भाग लिया। वहीं सर्वोदय सेवा समिति सुकेत के प्रधान कमलेश कुमार तथा समिति के सभी सदस्यों ने तथा ग्राम पंचायत प्रधान सीता राम ठाकुर एवं अन्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, नव दुर्गा स्वयं सहायता समूह की समस्त कार्यकारणी तथा स्थानीय ग्रामीणों ने श्रमदान किया। ग्राम पंचायत प्रधान सीता राम ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत प्रधान सीता राम ठाकुर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

21 अगस्त, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** द्वितीया : (5:09): **नक्षत्र** पूर्वा भद्रपद (00:34), **पक्ष** : कृष्ण **योग:** सुकर्मा (05:00) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:23 -02:01) ।

**विशेष दिन**

- 21 अगस्त 2024 : विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस आज।
- 22 अगस्त 2024 : कजली तीज/ सातुड़ी तीज कल।

**मेष:** दिन अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। दैनिक रोजगार नियमित रहेगा। मित्र से मिलाप होगा। सुखद समाचार मिलेंगे।

**वृषभ:** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है।

**कर्क:** शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। राजकाज में सफलता मिलेगी। कार्य में उत्साह बनेगा। मित्रों का साथ मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी।

**सिंह:** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी।

**कन्या:** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।

**तुला:** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाईयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।

**धनु :** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा।

**मकर:** पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

**कुंभ:** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा।

**मीन:** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा।

# इंटरनेशनल यूथ कैंपेन के तहत करवाई रेड रन मैराथन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और हिमाचल प्रदेश स्टेट एड्सकण्ट्रोल सोसायटी के द्वारा इंटरनेशनल यूथ कैंपेन के तहत एचआईवी एड्स से संबंधित जागरूकता के लिए जिले मे रेड रन मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर नागेश वर्मा रिटायर्ड स्वास्थ्य निदेशक हिमाचल प्रदेश नें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन मुख्य बाजार से होती हुई हरदासपुर चौक के ओरिएंटल बैंक के एटीएम से वापस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आकर समाप्त हुई। इस मैराथन रैली में रेड रिबन क्लब के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें आईटीआई चंबा मेलेनियम आईटीआई चंबा, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान चंबा, डिग्री कॉलेज भरमौर, डिग्री कॉलेज बनीखेत, डिग्री कॉलेज चंबा से आये प्रतिभागियों नें भाग लिया। रेड रन मैराथन रैली में महिला वर्ग में डिग्री कॉलेज चंबा की पल्लवी ने प्रथम, दूसरा स्थान चुना लोन तथा मनीषा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान चंबा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग के लिए कंसोलेशन पुरुस्कार के रूप में काजल और नरदिता डिग्री कॉलेज भरमौर को पुरस्कार दिया गया रेड रन मैराथन पुरुष वर्ग में अमित कुमार द्वितीय पुरस्कार नरसिंह डिग्री कॉलेज चंबा, तथा तृतीय पुरस्कार सूरज कुमार डिग्री कॉलेज भरमौर को दिया गया व पुरुष वर्ग में कॉन्सुलेशन पुरस्कार कृपाल डिग्री कॉलेज बनीखेत और कार्तिक कुमार डिग्री कॉलेज भरमौर को दिया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डा हरित पुरी बताया कि इस रेड रन मैराथन का आयोजन युवाओं में खेल स्पर्धाओं में रूचि लाने तथा लोगों में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाना है तथा बताया कि विजेता प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रोहित नड्डा, डॉ. वैभवी, जिला सूचना एवं समप्रेषण अधिकारी छांगा राम ठाकुर, निर्मला, दीपक जोशी आदि मौजूद रहे।

# वेदों में ज्ञान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का है भंडार : संजय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर में बच्चे जागरूक रैली निकालते हुए।

वेदों को अपौरुषेय माना जाता है। यानी कि उन्हें भगवान द्वारा प्रेषित माना जाता है। वेदों में ज्ञान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भंडार है। मंगलवार को डीएवी जोगिंद्रनगर में वेद प्रचार रैली निकाली गई ।

पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद की महत्वपूर्ण जानकारी दी। नन्हे नन्हे बच्चों ने मंत्र उच्चारण व भजन गायन किया। प्राचार्य संजय ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वेदों में ज्ञान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भंडार है। वेदों ने भारतीय संस्कृति और धर्म को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उन्होंने यह भी बताया कि नैतिक शिक्षा भी हमारे जीवन को सही दिशा में ले जाने में मदद करती है। हमारे व्यक्तित्व को विकसित करने में मदद करती है ।

सच्चा पुत्र आज्ञाकारी होता है, सच्चा पिता प्रेम करने वाला होता है, और सच्चा मित्र ईमानदार होता है। -चाणक्य

## संपादकीय

# गुणात्मक शिक्षा का ढांचा

प्रदेश की सुक्खू सरकार स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा का ढांचा सुधारने तथा उसे और ज्यादा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम सुक्खू ने स्कूलों में पत्राचार के लिए आउटसोर्स पर स्टाफ भर्ती करने का सराहनीय निर्णय लिया है। इससे जहां कई युवाओं को रोजगार मिलेगा तो वहीं, नि:संदेह गुणात्मक शिक्षा में भी सुधार आएगा। मौजूदा समय में प्रदेश की गुणात्मक शिक्षा 18वें स्थान पर पहुंच गई है। अब सुक्खू सरकार ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को टॉप पर लाने का बीड़ा उठाया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की बेसिक पढ़ाई पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। निश्चित रूप से भविष्य में इसके अच्छे परिणाम निकलकर सामने आएंगे। पहले जहां शिक्षकों को ही शिक्षा और पठन पाठन तथा स्कूलों की गतिविधियों से संबंधित चीजों की डाक लेकर ब्लॉकों तक पहुंचानी पड़ती थी, लेकिन अब इससे शिक्षकों को निजात मिल जाएगी तथा वह पढ़ाई पर अपना ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। शिक्षक पढ़ाई के बीच में डाक लेकर मारे मारे बसों में सफर करते हुए डाक पहुंचाते थे। इससे बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ता था, क्योंकि शिक्षक पढ़ाई के लिए पूरा समय ही नहीं दे पाते थे। वह शिक्षक कम और डाकिया ज्यादा दिखते थे। हालांकि, हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था देश के अन्य राज्यों से कई मायनों में श्रेष्ठ है। हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर लगभग 88 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

शिक्षा के क्षेत्र में वृद्धि का श्रेय राज्य के सरकारी स्कूलों के उच्च मानकों और उत्कृष्टता को दिया जा सकता है। हिमाचल में शिक्षा की पहुंच दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी है, जो अन्य राज्यों में एक चुनौती है। हिमाचल में शिक्षक-छात्र अनुपात भी काफी बेहतर है, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान मिलता है। प्रदेश में कई प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान हैं। हिमाचल में कई महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हैं, जो स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं। हिमाचल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार मुफ्त शिक्षा और छात्रवृत्ति योजनाएं चलाकर बच्चों की पढ़ाई में रुचि बना रही है। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा प्रणाली भारत के अन्य राज्यों के समान है, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा शामिल है। खास बात यह है कि हिमाचल में प्राथमिक शिक्षा को ज्यादा महत्व दिया जाता है, क्योंकि पढ़ाई में एक बार बच्चे का बेस बन जाता है तो वह उसके लिए जिंदगीभर काम आता है। आगे चलकर बच्चे कंपीटिशन भी कर सकते हैं। माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थी विज्ञान, कला या वाणिज्य में से किसी एक विषय का चयन कर सकते हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं, जैसे कि पॉलिटेक्निक और आईटीआई आदि। कुछ संस्थान परंपरागत शिक्षा भी प्रदान करते हैं, जैसे कि संस्कृत और तिब्बती शिक्षा। हिमाचल में अधिकांश स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम है, लेकिन हिंदी माध्यम के स्कूल भी उपलब्ध हैं। हिमाचल में सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्कूल हैं, जो विभिन्न पाठ्यक्रम और शिक्षा शैलियों की पेशकश करते हैं। इन विशेषताओं के साथ हिमाचल प्रदेश में शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को विभिन्न विकल्प और अवसर प्रदान करती है।

शिक्षा के ढांचे को सुधारने के लिए सबसे पहले तो शिक्षकों की क्षमता निर्माण जरूरी होता है। शिक्षकों को नियमित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके कौशलों में सुधार करते रहना चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पाठ्यक्रमों को अद्यतन करना, शिक्षण विधियों में सुधार करना और मूल्यांकन प्रणाली को पारदर्शी बनाना चाहिए। स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना चाहिए। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल के मैदानों का निर्माण करना चाहिए। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश करना चाहिए, जैसे कि ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म, डिजिटल पाठ्यक्रम और ई-लर्निंग सामग्री का उपयोग करना। शिक्षा को विद्यार्थी केंद्रित बनाना चाहिए, जिसमें विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और रुचियों को ध्यान में रखा जाए। शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन और मॉनिटरिंग करते रहना चाहिए, जिसमें नियमित मूल्यांकन और प्रदर्शन की निगरानी भी शामिल हो। इन कदमों को उठाकर शिक्षा के ढांचे को सुधारा जा सकता है और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सकती है। बहरहाल, सुक्खू सरकार ने स्कूलों में पत्राचार के लिए आउटसोर्स पर स्टाफ रखने का जो निर्णय लिया है उस निर्णय के फलीभूत होने की कामना करनी चाहिए। ■

# तुलसीदास की समरस्ता के आदर्श 'प्रभु श्री राम'

सब जन के श्री राम सहाई। राम सबके हैं। सभी राम के हैं। सब कुछ राममय है। श्री राम का वास घट-घट में है। जीवन अस्तित्व तथा सार्थकता भी श्रीराम के सानिध्य और भक्ति में है। राम शाश्वत हैं, सनातन हैं, परम सत्य हैं। वे सब की सहायता करने वाले, सबके मार्गदर्शक, प्रेरक और उद्धारकर्ता है। अत: भगवान स्वरूप में उनकी मान्यता एवं पूजा का विधान है। रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी एक ऐसे कालजयी साहित्यकार हैं, जिन्होंने अपनी रचनाओं से मानवता को एक नया संदेश दिया और विश्व कल्याण की भावना से अपने विचारों को सर्वजनहिताय प्रकाशित किया। तुलसीदास संस्कृत और लोकभाषा के प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने पंद्रह वर्षों तक वेद, वेदाङ्ग, दर्शन, इतिहास, पुराण, ज्योतिष आदि का गहन अध्ययन किया। मृदा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अलौकिक जीवन दर्शन से अत्यंत प्रभावित रहे। वे रामभक्ति में ऐसे रमे कि घर छोड़ दिया और चारों धामों की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने देशभर के हिंदू समाज की दशा का गहराई से चिंतन किया और पुन: काशी आकर रहने लगे।

काशी की पावन धरा पर अध्यात्म की साधना करते हुए, उन्होंने भगवान श्री राम के पावन चरित्र को आत्मसात किया। अपने जीवन में उन्होंने दोहावली, कवित-रामायण, गीतावली, रामचरितमानस, रामाज्ञा प्रश्नावली, विनयपत्रिका, रामललानहछू, पार्वतीमंगल, जानकीमंगल, बरवैरामायण, वैराग्यसंदीपनी और कृष्णगीतावली आदि रचनाएं लिखीं। इनमें रामचरितमानस सर्वाधिक लोकप्रिय हुई। रामचरितमानस सामाजिक समरसता के प्रति उनकी गहरी समझ और दृष्टिकोण को उजागर करती है। उनकी काव्य-रचनाओं में विभिन्न सामाजिक वर्गों, जातियों और समुदायों के बीच समानता का संदेश दिया गया है। दोहा और चौपाई में लिखे होने के कारण रामचरितमानस एक संगीत वध रचना है जिसका गायन और श्रवण मां को प्रसन्नता प्रदान करने वाला है। इसीलिए विभिन्न शैलियों में रामचरितमानस का गायन, पठन और प्रचार प्रसार किए जाने की परंपरा है। भगवान श्रीराम के अलौकिक जीवन दर्शन को समझने के लिए श्री रामचरितमानस एक प्रामाणिक और सहज माध्यम है। तुलसीदास भगवान राम को जन-जन में कण-कण में समाहित मानते हैं। वे श्रीराम को एक पिता, पुत्र, राजा, मित्र, पति आदि विभिन्न रूपों में आदर्श स्वीकार करते हैं। उनका प्रत्येक वचन, आचरण, व्यवहार मानवता के कल्याण के लिए है।



लेखिका : डॉ. सुनीता देवी
सहायक आचार्य, शिमला विवि

धर्म की स्थापना के लिए है। उनका शस्त्र उठाना राज्य विस्तार और सांसारिक ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए नहीं अपितु धर्म की स्थापना के लिए है। असत्य को पराजित करने के लिए वे युद्ध भूमि में अपना कर्तव्य निभाते हैं और विजयी होने के बाद शत्रु के प्रति भी मित्रता का भाव रखते हैं। यही भगवान श्रीराम के जीवन की अलौकिकता है। मानस में तुलसीदास ने श्रीराम को एक आदर्श व्यक्ति एवं भगवान के रूप में चित्रित किया है। तुलसी के राम जाति या वर्ग के भेदभाव से परे हैं। उन्होंने समाज के हर वर्ग का सम्मान किया और उनके साथ समान व्यवहार किया। अहिल्या एक ब्राह्मणी थीं और शापित स्थिति में थीं, उनका उद्धार श्रीराम द्वारा किया गया।

इस कथा के माध्यम से तुलसीदास ने यह संदेश दिया कि किसी व्यक्ति का असली मूल्य उसके गुण और चरित्र पर निर्भर करता है, जाति या वर्ग पर नहीं। वनवास काल में सीता का हरण होने पर रावण के साथ युद्ध के लिए श्री राम ने अयोध्या के राजा भारत से सहायता न मांग कर वन्य जातियों को संगठित किया और उनकी सहायता से युद्ध में जीत हासिल की। यह उनके उनकी रणनीति युद्धनीति और वन्य जातियों के प्रति अत्यंत स्नेह को दर्शाता है। श्री राम सेतु निर्माण के समय एक छोटी सी गिलहरी के योगदान को भी सम्मान प्रदान करते हैं। यह उनकी प्राणिमात्र के लिए उदात्त भावना का उदाहरण है। रामचरितमानस में विभिन्न पात्रों जैसे वानर, भालू, और राक्षसों के बीच सहयोग और भाईचारे का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सुग्रीव और श्रीराम की मित्रता, रावण और उसकी सेना के विरुद्ध संयुक्त प्रयास और सभी पात्रों का मिलकर कार्य करना एकता तथा सहयोग का आदर्श उदाहरण है। श्रीराम व उनके अनुयायियों का विभिन्न जातियों और वर्गों के साथ सहयोग यह दर्शाता है कि समाज में किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए एकता और सामंजस्य आवश्यक है। तुलसीदास ने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक तत्वों को एक साथ लाकर यह दिखाया कि सभी धर्म और पंथ एक ही मूल सत्य की ओर इशारा करते हैं। इन सभी का सम्मान किया जाना चाहिए।

श्रीराम के चरित्र में राजा होने के नाते सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करने की प्रेरणा दी गई है। उन्होंने अपने कर्तव्यों को निभाते हुए समाज के सभी वर्गों के प्रति समान न्याय और दया का व्यवहार किया। तुलसीदास ने अपने काव्य में यह दिखाया कि हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए। उनके अनुसार, व्यक्ति की स्थिति और स्थिति का मूल्य उसकी अच्छाई और कर्म पर निर्भर करता है। तुलसीदास ने भक्ति और प्रेम को सामाजिक समरसता के महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में प्रस्तुत किया। श्रीराम की भक्ति में समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं, और यह प्रेम और भक्ति सभी को एक साथ लाती है। उन्होंने अपने काव्य में मानवता और करुणा को प्रमुखता दी। यह दिखाता है कि एकजुट समाज और सामाजिक समरसता के लिए सबसे महत्वपूर्ण मूल्य मानवता और दया हैं।

यही कारण है कि विश्व आज भी सामाजिक समरसता के लिए भगवान श्री राम को अपना आदर्श स्वीकार करता है। तुलसीदास की रचनाएं समाज में एकता, समानता और समरसता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उनके काव्य में जाति और वर्ग के भेदभाव को समाप्त करने, सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देने और नैतिकता व मानवता के महत्व को दर्शाने के स्पष्ट प्रयास किए गए हैं। उनकी काव्य-रचनाएं आज भी सामाजिक समरसता और एकता के आदर्श मानक के रूप में देखी जाती हैं। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे इसका दर्शन केवल और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है। केवल श्री राम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्री राम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशलक्षेम पूछते हैं-

करि दंडवत भेंट धरि आगे,
प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे।
सहज सनेह बिबस रघुराई,
पूंखी कुसल निकट बैठाई।

शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्री राम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। जब शबरी अपनी छोटाई और राम की बड़ाई का वर्णन करती है तो राम स्पष्ट कहते हैं कि वे छोटे बड़े का भेद नहीं करते।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्रतियोगिता की भरमार : युवा पीढ़ी लाचार!

वर्तमान युग में मानव समाज में जीवन का महत्व कम और भविष्य निर्माण के लिए प्रतियोगिता का महत्व बड़ी तीव्र गति से बढ़ता ही जा रहा है। वह भविष्य जिसके बारे में न तो किसी को कुछ पता है न ही कोई समझ। अगर वर्तमान परिदृश्य को देखा जाए तो युवा पीढ़ी अत्यधिक लाचार दिखाई पड़ रही है, हो भी क्यों न उन्हें अपने सपनों से ज्यादा मां- बाप के सपनों के लिए अपने अनमोल जीवन को समर्पित करने का दायित्व निभाना है, इसके लिए चाहे उन्हें अपने सपनों को कुर्बान करना पड़े या फिर अपने अनमोल जीवन की बलि देनी पड़े।

वर्तमान समय विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है और हर मां बाप यह उम्मीद रखते हैं कि उनका बच्चा इंजीनियर ही बने, डाक्टर ही बने, प्रशासनिक अधिकारी ही बने भले ही इसके लिए वो अपने जीवन की खुशियों की बलि चढ़ा दें, कोई फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में हमारे देश में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता परीक्षाओं की बात की जाए तो हैरानी होती है कि परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का केवल दो से तीन प्रतिशत छात्र ही सरकारी और निजी संस्थानों में प्रवेश पाने में सफल होते हैं, बाकी के सतानवे , अठानवे प्रतिशत कहां जाते हैं और क्या करते हैं कोई पता नहीं। अधिकतर अभिभावक भी अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महंगे- महंगे संस्थानों में प्रवेश दिलाते हैं और बच्चों से आवश्यकता से अधिक उम्मीदें लगा बैठते हैं भले ही बच्चे की क्षमता और सामर्थ्य कैसा भी हो, परिणामस्वरूप बहुत से बच्चे मानसिक और भावनात्मक तनाव न सहन कर पाने के कारण आत्महत्या का रास्ता अपना रहे हैं या फिर नशे के गर्त में अपने आप को झोंककर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। आज हर मां-बाप को यह समझना होगा और दायित्व निभाना होगा कि किसी भी परिस्थिति में अपनी इच्छाओं को अपने बच्चों पर न थोपें और न ही बालमन पर आवश्यकता से अधिक तनाव और बोझ डालें, क्योंकि उनका जीवन भी अनमोल है।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

हमारे लिए यह अति आवश्यक है कि हम अपने बच्चों में जीवन के प्रति सही समझ और चेतना का विकास करें। बच्चों को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रयास करें। बच्चों में अच्छे संस्कार और स्वस्थ परंपराओं का समावेश करने की कोशिश की जानी चाहिए। हमें अपनी युवा पीढ़ी में उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति रुचि और उत्साह उत्पन्न करना होगा, क्योंकि जीवन के किसी भी क्षेत्र में अच्छे स्वास्थ्य और निरोगी काया का कोई भी विकल्प नहीं है। हम अक्सर समाज में यह देखकर हैरान होते हैं कि ऊंचे-ऊंचे पदों या जीवन में बहुत कामयाब लोग अधिकतर तनावग्रस्त और जीवन के प्रति उदासीन रहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## झुर्रियां



उदयवीर भारद्वाज, मंदिर मार्ग कांगड़ा

*बूढ़ी हुई दीवारों पर दिखती झुर्रियां*
*चुपचाप नहीं, कुछ तो कहती हैं*
*इशारा करती*
*क्या और क्यों*
*कुछ तो था यहां*
*कुछ आकृतियां टूटी-फूटी*
*उकरी अधमिटी इबारतें*
*समझाती कुछ कहानी*
*खुशहाली की*
*दर्द झलकता कभी बदहाली का*
*मौसम माफिक बदलता सब*
*सदियों से खड़े हम*
*अबहेलना होगी*
*कब तक कब तक*
*बूढ़ी हुई दीवारों पर*
*दिखती झुर्रियां*
*चुपचाप नहीं*
*कुछ तो कहती हैं।*

# शिवलिंग में परमाणु अस्त्र जैसी कई टन ऊर्जा

शिवलिंग पर चढ़ाए जल को लांघा नहीं जाता और शिवलिंग की परिक्रमा आधी की जाती है। शिवलिंग पर अर्पित नैवेद्य भी नहीं खाया जाता उसे गो वंश को खिला दिया जाता है, क्योंकि उनमें ही इसकी शक्ति को सहने की क्षमता होती है। भारत का रेडियोएक्टिविटी मैप उठा ले हैरान हो जाएंगे। भारत सरकार के न्युक्लियर रिएक्टर के अलावा सभी ज्योतिर्लिंगो के स्थानों पर सबसे ज्यादा रेडिएशन पाया जाता है। शिवलिंग और कुछ नहीं बल्कि एक न्युक्लियर रिएक्टर्स ही तो है तभी तो उस पर जल चढ़ाया जाता है, ताकि वो शांत रहे, महादेव के सभी प्रिय पदार्थ जैसे कि बिल्व पत्र, आक, धतूरा, गुड़हल आदि सभी न्युक्लियर एनर्जी सोखने वाले हैं, शिवलिंग में अपार ऊर्जा है जो परमाणु अस्त्र के कई टन शक्ति के बराबर है, जिसे पूजन और जल से स्नान कराके नियंत्रण में रिएक्टर की तरह ही शक्तिमान ऊर्जा देता है।

एक प्रकाश जैसा है शिवलिंग पर चढ़ा पानी भी रिएक्टिव हो जाता है। इसलिए तो जल निकासी नलिका को लांघा नहीं जाता है। भाभा एटॉमिक परमाणु रिएक्टर का डिजाइन भी शिवलिंग की तरह ही है, शिवलिंग पर चढ़ाया दूध, दही, मट्ठा व जल नदी के बहते जल के साथ मिलकर औषधि का रूप ले लेता है, तभी तो हमारे पूर्वज हम लोगों से कहते थे कि 'महादेव शिवशंकर' अगर नाराज हो जाएंगे तो प्रलय आ जाएगी, ध्यान दें कि हमारी परंपराओं के पीछे कितना गहन विज्ञान छिपा हुआ है। जिस संस्कृति की कोख से हमने जन्म लिया वो तो चिर सनातन है।

विज्ञान को परंपराओं का जामा इसलिए पहनाया गया, ताकि वो प्रचलन बन जाए और हम भारतवासी सदा वैज्ञानिक जीवन जीते रहे। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में ऐसे महत्वपूर्ण शिव मंदिर है जो 'केदारनाथ' से लेकर 'रामेश्वरम' तक एक ही सीधी रेखा में बनाए गए हैं, आश्चर्य है कि हमारे पूर्वजों के पास ऐसा कैसा विज्ञान और तकनीक थी, जिसे आज का विज्ञान आज तक नहीं समझ पाया, उत्तराखंड का 'श्री केदारनाथ' तेलंगाना का 'कालेश्वरम' आंध्र प्रदेश का 'कालहस्ती' तमिलनाडु का 'एकंबरेश्वर' चिदंबरम और अंतत: 'रामेश्वरम' मंदिरों की भौगोलिक सीधी रेखा में बनाया गया है, यह सारे मंदिर प्रकृति के 5 तत्वों में लिंग की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसे हम आम भाषा में पंचभूत कहते हैं, पंचभूत यानी पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, और अंतरिक्ष, इन्हीं पांच तत्वों के आधार पर इन पांच शिवलिगों को प्रतिष्ठापित किया गया है, जल का प्रतिनिधित्व तिरूवनैकवल मंदिर में है ,आग का प्रतिनिधित्व तिरुवन्नमलाई में है, हवा का प्रतिनिधित्व कालाहस्ती में है, पृथ्वी का प्रतिनिधित्व कांचीपुरम में है और अंत में अंतरिक्ष का प्रतिनिधित्व चिदंबरम मंदिर में है, वास्तु-विज्ञान-वेद के अद्भुत समागम को दर्शाते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ये पांच मंदिर में, भौगोलिक रूप से भी इन मंदिरों में विशेषता पाई जाती है, इन पांच मंदिरों को योग विज्ञान के अनुसार बनाया गया था।

एक दूसरे के साथ एक निश्चित भौगोलिक संरेखण में रखा गया है, इस के पीछे निश्चित ही कोई विज्ञान होगा, जो मनुष्य के शरीर पर प्रभाव करता होगा, इन मंदिरों का करीब पांच हजार वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था। जब उन स्थानों के अक्षांश और देशांतर को मापने के लिए कोई उपग्रह तकनीक उपलब्ध ही नहीं था तो फिर पुरातन विज्ञान इतना गहन था कि इतने सटीक रूप से पांच मंदिरों को प्रतिष्ठापित किया गया था। केदारनाथ और रामेश्वरम के बीच 2384 किमी की दूरी है, लेकिन ये सारे मंदिर लगभग एक ही समानांतर रेखा में पड़ते हैं, आखिर हजारों वर्ष पूर्व किस तकनीक का उपयोग कर इन मंदिरों को समानांतर रेखा में बनाया गया है। यह आज तक रहस्य ही है, श्रीकालहस्ती मंदिर में टिमटिमाते दीपक से पता चलता है वह 'वायु लिंग' है तिरुवन्निका मंदिर के अंदरुनी पठार में जल बसंत से पता चलता है कि यह 'जल लिंग' है।

अन्नामलाई पहाड़ी पर विशाल दीपक से पता चलता है कि वह 'अग्नि लिंग' है। कांचीपुरम के रेत के स्वयंभू लिंग से पता चलता है कि वह 'पृथ्वी लिंग' और चिदंबरम की निराकार अवस्था से भगवान की निराकारता यानी 'आकाश तत्व' का पता चलता है। अब यह आश्चर्य की बात नहीं तो और क्या है कि ब्रह्मांड के पांच तत्वों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच लिगों को एक समान रेखा में सदियों पूर्व ही प्रतिष्ठापित किया गया है। हमें हमारे पूर्वजों के ज्ञान और बुद्धिमत्ता पर गर्व होना चाहिए कि उनके पास ऐसी विज्ञान और तकनीक थी। जिसे आधुनिक विज्ञान भी नहीं भेद पाया है। माना जाता है कि केवल यह पांच मंदिर ही नहीं, अपितु इसी रेखा में अनेक मंदिर होंगे, जो 'केदारनाथ' से 'रामेश्वरम' तक सीधी रेखा में पड़ते हैं, इस रेखा को 'शिवशक्ति अक्श रेखा' भी कहा जाता है। संभवतया यह सारे मंदिर 'कैलाश' को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हो कमाल की बात 'महाकाल' से शिव ज्योतिर्लिंगों के बीच कैसा संबंध है जो पुरातन संस्कृति ने वैज्ञानिक रूप से बनाया जैसे

उज्जैन से सोमनाथ - 777 किमी
उज्जैन से ओंकारेश्वर - 111 किमी
उज्जैन से भीमाशंकर - 666 किमी
उज्जैन से काशी विश्वनाथ - 999 किमी
उज्जैन से मल्लिकार्जुन - 999 किमी
उज्जैन से केदारनाथ - 888 किमी
उज्जैन से त्रयंबकेश्वर - 555 किमी
उज्जैन से बैजनाथ - 999 किमी
उज्जैन से रामेश्वरम - 1999 किमी
उज्जैन से घृष्णेश्वर -555 किमी

सनातनी धर्म हिंदू में बिना कारण के कुछ भी नहीं होता था, यानी उज्जैन पृथ्वी का केंद्र माना जाता है जो सनातन धर्म में हजारों सालों से मानते आ रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार

**नारायण** श्रीधर बेंद्रे प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार थे। उनको पहली सार्वजनिक मान्यता 1934 में मिली, जब उन्हें बाम्बे आर्ट सोसायटी का रजत पदक प्रदान किया गया। 1941 में इसका सर्वोच्च सम्मान स्वर्ण पदक भी उन्होंने प्राप्त किया। 1969 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया था। नारायण श्रीधर बेंद्रे का जन्म मध्य प्रदेश के इंदौर नगर में हुआ। कला की प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने राजकीय कला विद्यालय, इंदौर से प्राप्त की और उच्च शिक्षा 1933 में गवर्नमेंट डिप्लोमा, बंबई (वर्तमान मुंबई) से। पर्यटन की अभिरुचि के कारण उन्होंने अनेक यात्राएं कीं और इन यात्रा दृश्यों को अपनी कलाकृतियों को भिन्न-भिन्न शैलियों में ढाल कर प्रस्तुत किया। उनका समस्त कला जीवन ऐसे अनुभवों से परिपूर्ण है। नारायण श्रीधर बेंद्रे को पहली सार्वजनिक मान्यता 1934 में मिली, जब उन्हें बाम्बे आर्ट सोसायटी का रजत पदक प्रदान किया गया। 1941 में इसका सर्वोच्च सम्मान स्वर्ण पदक भी उन्होंने प्राप्त किया। 1969 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया। 1971 में नारायण श्रीधर बेंद्रे नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय त्रिवार्षिकी के ज्यूरी चुने गए और 1974 में ललितकला अकादमी के सदस्य। 1984 में उन्हें विश्वभारती विश्वविद्यालय के 'अबन गगन' पुरस्कार और मध्य प्रदेश सरकार के 'कालिदास सम्मान' से सम्मानित किया गया। ■



नारायण श्रीधर बेंद्रे
जन्म : 21 अगस्त, 1910
मृत्यु : 19 फरवरी, 1992

## दिलेर हिंदुस्तान



भीम बसेडू राजपूत, महादेव, मंडी

*फौजी बाहुबल यह फौलादी सीना,*
*देश प्रेम से संचारित होता,*
*तीन रंगों का अपना झंडा,*
*केसरी, सफेद और हरा जो है,*
*हमारी राष्ट्रीयता की पहचान,*
*है हर भारतीय का अरमान,*
*ऊंचा ही रहे बस ऊंचा ही रहे,*
*हिंद ध्वजारोहण आसमां ही रहे,*
*यही तो है पताका राष्ट्र का महाभारत का,*
*वतन का है मस्तक सदा ही चमकता ही रहे,*
*फहराता यह गगनचुंबी,*
*अनुशासनीय जीवन का हनुमान,*
*शिव ओम है त्रिशूल भी,*
*साधु है और सैनिक भी,*
*पुरजोर है देशभक्ति का जोश भरा ,*
*ओंकारा -जयहिंद गूंजता यहां,*
*हिंद अग्निवीर बन छिड़कते जी जान,*
*दुश्मन के घर घूसते,बनते मौत का सामान,*
*नहीं मुकाबला यहां रक्षा -सुरक्षा का,*
*सैन्य शक्ति के हाथ ही हैं प्रहार घमासान,*
*लहराए तिरंगा प्यारी है जिसकी शान,*
*गर्व से सर ऊंचा कर करते,*
*जिसका यहां-वहां सब सम्मान,*
*प्रेम भाव से रहते जहां सब मिलजुलकर,*
*वो है वीरों का देश दिलेर हिंदुस्तान,*
*वो है वीरों का देश दिलेर हिंदुस्तान।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बेटियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का प्रयास करे सरकार

जिस प्रकार आए दिन बेटियों के ऊपर अत्याचार की खबरे देखने को मिलती हैं और बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है, इस प्रकार की घटनाएं हमारे देश में कदाचित भी स्वीकार्य नहीं हो सकती, जिस देश में बेटियों को लक्ष्मी का रूप माना जाता है, जो बेटियां आएं दिन हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकल कर हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान देश दुनिया में स्थापित कर रही है, जिन बेटियों को किसी जमाने में घरों से बाहर नहीं भेजा जाता था। वे बेटियां वर्तमान में चांद तक पहुंचने में सफल हो रही है, इससे बढ़कर हम सभी भारतवासियों के लिए क्या फक्र की बात हो सकती है। परंतु जिस प्रकार कोलकाता में एक युवा महिला चिकित्सक के साथ शर्मनाक घटना घटित हुई, वह हम सभी देशवासियों के लिए बहुत ही लज्जा एवं शर्म की बात है।

जिन चिकित्सों को भारतीय पद्धति के अनुसार भगवान का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि ईश्वर के बाद अगर किसी की अहम भूमिका और क्षेत्र माना जाता है तो वह है उन तमाम चिकित्सों की जो मरीजों को एक नया जीवन भी प्रदान करते हैं, अगर समय से उपचार हो जाएं तो, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश में चिकित्सकों की देश के विकास और उत्थान में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिलती हैं, परंतु जिस प्रकार वर्तमान में देशभर में खासकर महिला चिकित्सकों की सुरक्षा और शोषण के मामले सामने आ रहे हैं वह बहुत ही चिंताजनक और गंभीर विषय है, जैसा कि हम सभी को मालूम होता है कि जब भी हमारे क्षेत्र समाज और देश में किसी भी प्रकार की आपदा या स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो देशभर के चिकित्सक एक योद्धा की तरह अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

कोलकाता में हुई डॉ. मोमीता देवनाथ महिला चिकित्सक के साथ घटना घटित हुई, वह बहुत ही शर्मनाक और चिंताजनक है जिसमें पहले महिला चिकित्सक से रेप किया गया और तत्पश्चात उसकी निर्मम हत्या कर दी गई, जिस घटना ने देश-भर में मानों एक ज्वाला पैदा कर दी है, जिसमें देश-भर के चिकित्सक अलग-अलग राज्यों में लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें अलग-अलग अस्पतालों में हड़ताल एवं विरोध-प्रदर्शन के कारण आमजनों एवं मरीजों को देश-भर में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार विभिन्न सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों एवं खासकर महिला चिकित्सकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में कभी किसी महिला चिकित्सकों एवं किसी भी बेटी को इस प्रकार की घटनाओं से न जुझना पड़े, आज यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है कि जहां पर हम आजादी के 78 वर्ष को पूरा कर रहे हैं, तो हमारे भारत देश में आज भी बेटियां क्यों सुरक्षित नहीं है, अर्थात आएं दिन किसी न किसी क्षेत्र से इस प्रकार की दिल दहला देने वाली खबरें आएं दिन देखने एवं सुनने को मिलती हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस गंभीर विषय पर केंद्र सरकार को भी सख्त कानून के तहत संविधान अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाने की परम् आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, जानकारी अनुसार जहां सरकार बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनको आरक्षण की बात करती हैं, तो वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की घटनाओं से महिलाओं एवं बेटियों का सरकार एवं प्रशासन से भी कभी- कभी मानों विश्वास सा उठ जाता है, कोलकाता में हुई घटना के बाद से देशभर के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक एवं परीक्षण ले रहे लाखों युवा चिकित्सक सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन और सरकार से उनकी सुरक्षा को लेकर मांग कर रहे हैं और दोषियों को फांसी की सजा की गुहार लगा रहे हैं। इस प्रकार आज ऐसे संवेदनशील मसलों पर सरकार को संसद में सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं हमारे देश में फिर कभी सुनने एवं देखने को न मिलें। ऐसी उम्मीद और विश्वास करते हैं।

तो वहीं दूसरी ओर हम सभी युवाओं एवं देशवासियों का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम इन तमाम चिकित्सों की उचित एवं जनहित की मांग को किसी न किसी रूप से अपना पूर्णता सहयोग करने का प्रयास करें, ताकि सरकार जल्द से जल्द इस ओर विशेष कदम एक सकारात्मक कदम उठाने का प्रयास करें, क्योंकि हमारे देश में आएं दिन किसी न किसी रूप में किसी न किसी बेटी पर अत्याचार एवं दुर्व्यवहार करने के प्रयास किए जाते हैं, जिसमें अनेक बेटियों के ऐसे मामलों मीडिया में नहीं आ पाते हैं और वह गुमनामी के शिकार हो जाते हैं, यहां फिर कभी-कभी हालातों से समझौता कर लेते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सद्भावना दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने अपने कार्यालय में सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यालय के अधिकारियों- कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक सुरेंद्र कुमार, कानूनगो सुरेंद्र कुमार , लिपिक अमित ठाकुर, धीरज कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### कर्मचारियों को भावनात्मक एकता की शपथ दिलाई



**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में सद्भावना दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर में कर्मचारियों के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित साधारण समारोह में उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग नेहा नेगी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई।

### सद्भावना से कार्य करने की ली प्रतिज्ञा



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई। उन्होंन बिना भेदभाव के सभी भारतवासियों की भावनात्मक इच्छा व सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा ली।

### राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस का आयोजन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** आज उपायुक्त कार्यालय सभागार में देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि इस दिवस पर हम सभी राष्ट्रीय एकता व आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा का प्रतिकार करते हुए लोगों में भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेते हैं।

### एसडीएम कार्यालय पधर में साधारण समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम कार्यालय पधर में आयोजित साधारण समारोह में उपमंडलाधिकारी नागरिक पधर हिमानी शर्मा ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भावनात्मक एकता और सदभावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ भावन वर्मा, तहसील वेलफेयर अधिकारी सरला शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 8 सितंबर तक होगी मतदाता सूची दुरुस्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 अगस्त से 8 सितंबर तक घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी अभियान के सफल संचालन को लेकर आज रावमापा (बाल) सरकाघाट के सभागार कक्ष में बूथ लेवल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमें इस अभियान से जुड़ी विस्तृत जानकारी को साझा किया गया तथा आवश्यक निर्देश जारी किए गए। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि सरकाघाट विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 अगस्त से 8 सितम्बर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बारे बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई।

### एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, गोहर।** उप मंडल अधिकारी कार्यालय में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट के द्वारा कार्यालय के सभी कर्मचारियों को सदभावना दिवस पर शपथ दिलाई गई।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हमें अपने समाज में सदभावना, शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है यह दिन हमें अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर रहने के महत्व को समझने में मदद करता है तथा हमें अपने देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

### स्वयंसेवियों ने किया पौधरोपण




**कविता, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर के एनएसएस स्वयंसेवियों ने पधर अस्पताल के नजदीक के जंगल में 50 पौधे रोपित किए। कार्यक्रम अधिकारी दिग्विजय महंत ने बताया कि स्वयंसेवियों ने अनार, अमरूद, जामुन, हरड, बहेड़े आदि प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में अपना अहम योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ललित कुमार ने की।

# चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर खड़ी बस से हजारों का सामान चोरी

## बस मालिक ने पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज करवाई शिकायत

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आलम यह है कि उपमंडल के सबसे व्यस्त क्षेत्र अंतरराज्यीय बस स्टैंड के समीप एक और चोरी की वारदात सामने आई है।

ताजा घटनाक्रम में चंडीगढ़-मनाली हाइवे पर अंतरराज्यीय बस स्टैंड के समीप रात को पार्क की गई प्राईवेट बस चोरी का शिकार बन गई है। घटना में चोरों द्वारा बस में सेंध लगाते हुए बस मालिक का हजारों रूपयों का नुकसान हो गया है।



पीड़ित बस मालिक भुपेंद्र सिंह रावत पुत्र कर्म सिंह निवासी गांव कपाही तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने अब घटना को लेकर पुलिस थाना सुंदरनगर में लिखित शिकायत दर्ज करवा दी है। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार सांय को सुंदरनगर-घाघस रूट पर चलने वाली रावत ट्रैवल्स बस नंबर एचपी-31ए-4733 को चंडीगढ़-मनाली हाइवे पर बस स्टैंड के समीप पार्क किया गया था। बस को लॉक करने के बाद चालक-परिचालक अपने घर चले गए थे। अगली सुबह जब बस के चालक-परिचालक अपने रूट पर जाने के लिए मौके पर पहुंचे तो बस में सामान की उथल-पुथल देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने जांच करने पर पाया कि बस से जैक, व्हील-पान्ने, टायर लेबर, हब्ब, स्पैंडल, डीजल पंप, चाबी-पाने का सेट, 30 नंबर राड सहित अन्य सामान गायब है। इस पर चालक-परिचालक ने घटना की पूरी जानकारी बस मालिक को दी। बस मालिक ने अब घटना को लेकर पुलिस थाना सुंदरनगर में शिकायत दर्ज करवा दी है।



### सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही

**शिकायतकर्ता** ने बताया कि इस चोरी की घटना में उसका 25 से 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने स्थानीय पुलिस से चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि शिकायतकर्ता बस मालिक द्वारा चोरी की घटना को लेकर शिकायत थाने में दी गई है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### जोगिंद्रनगर में एक और चोरी का मामला आया सामने

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा गांव गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है लेकिन उसके बावजूद शातिर चोर अपने मंसूबों को कामयाब बनाने से पीछे नहीं हट रह रहे हैं। चोरों द्वारा बीती सोमवार रात जोगिन्द्रनगर की नजदीकी पंचायत जिमजिमा के गांव आरठी के बार्ड नम्बर 6 में पप्पू राम के घर मे सेंध लगाते हुए बैड बाक्स में रखे कम्बल चुरा लिए तथा सामान अस्त वयस्त कर दिया।

पप्पू राम ने बताया कि वह घर की उपरली मंजिल पर सोये थे। चोरों द्वारा नीचे की मंजिल में इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। उधर पूर्व जिला परिषद सदस्य तेज सिंह ने कहा कि गांव में यह तीसरी चोरी की घटना पेश आ चुकी है। पुलिस द्वारा घटना स्थल का दौरा करके मौका का जायजा लिया। थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने बताया कि पुलिस गश्त जारी है लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# ढप रही सरकाघाट और धर्मपुर में स्वास्थ्य सेवाएं





सरकाघाट व मंडी में विरोध करते हुए डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डॉक्टरों की हड़ताल का असर अब सरकाघाट और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में पढ़ना शुरू हो गया है सरकारी के साथ-साथ अब निजी अस्पतालों द्वारा भी हड़ताल में शामिल होने का खामियाजा दोनों विधानसभा क्षेत्र की जनता को उठाना पड़ रहा है सोमवार को धर्मपुर क्षेत्र के तहत नागरिक अस्पताल धर्मपुर संघोल मंडप टिहरा जबकि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तहत नागरिक अस्पताल सरकाघाट जमनी और बलद्वाडा मैं पूर्णता हड़ताल रही नागरिक अस्पताल बलद्वाडा में हड़ताल पर बैठे डॉक्टर और स्टाफ ने बाकायदा दिवंगत महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की और मोमबत्तियां जलाकर 2 मिनट का मौन रखा। उधर बीएमओ बलद्वाडा और नागरिक अस्पताल सरकाघाट की प्रभारी डॉक्टर देशराज शर्मा ने कहा कि यह कांड बहुत ही जगन्य हुआ है ।

**वहीं** अखिल भारतीय स्वास्थ्य विभाग लैब टेक्निशिन संघ जिला-मण्डी इकाई ने कोलकता के आरजी मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु चिकित्सक से हुई बर्बरता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। लैब टेक्निशियन संघ जिला मण्डी इकाई के अध्यक्ष अमरजीत शर्मा ने बताया कि लैब टेकनिशियन संघ हिमाचल प्रदेश मेडिकल चिकित्सक संघ की हड़ताल का सर्मथन करता है।

## बरसात ने खोली नगर निगम की पोल

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** शहर की नालियों पर किए गए अतिक्रमण के चलते बरसात में नगर निगम की कार्यप्रणाली की पोल खोल कर रख दी। जरा सी बरसात में नालियां बंद हो जाने से गंदा पानी, पत्थर गंदगी रास्तों व सड़कों पर बिखर गई।

यह हाल पड्डल, पुरानी मंडी, सेंण मोहल्ला, सूहड़ा मूहल्ला, थनेहड़ा मोहल्ला हर कहीं देखने को मिल रहा है। लेकिन नगर निगम ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस परेशानी से निजात भी दिलाई। थनेहड़ा मोहल्ला में नीलकंठ मंदिर से प्रवेश होने वाले रास्ते के नाले में किसी पेड़ का जड़ें अटक जाने से यह नाला रात को बंद हो गया था।

## फल सब्जी विक्रेता दुकान के सामने रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित करें : संजीव

**अनंत ज्ञान, मंडी**

कृषि उपज मंडी समिति, मंडी की बैठक आज यहां ए.पी.एम.सी. के चेयरमैन संजीव गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर मन्डी जिला में समस्त मण्डियों के पंजीकृत आढ़तियों को निर्देश जारी किए गए कि जब सुबह 5.00 से 7.00 बजे तक खुली बोली होती है तो फुटकर विक्रेताओं को (क्यू फार्म) पक्का बिल मौके पर जारी करें, ताकि फुटकर विक्रेता प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर आम व्यक्तियों को अपने फल-सब्जियां बेच सकें।

संजीव गुलेरिया ने कहा कि कृषि उपज मंडी समिति सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति के माध्यम से उत्पादकों तथा विक्रेताओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। एपीएमसी स्थानीय किसानों के उत्पादों को घर के समीप ही बाजार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें इनका उचित दाम भी सुनिश्चित कर रही है।

इस संबंध में समिति के अध्यक्ष ने औचक निरीक्षण कमेटी का गठन किया, जिसमें खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। यह भी निर्देश दिए कि सभी फल-सब्जी विक्रेता दुकानों के सामने रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित करें।

## जोगिंद्रनगर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सनातन धर्म सभा जोगिंद्रनगर में मंगलवार से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कथा व्यास पंडित प्रभु दयाल शास्त्री वृंदावन के द्वारा किया गया।

कथा व्यास प्रभु दयाल शास्त्री ने अपने संबोधन में आए हुए श्रद्धालुओ से कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण वह पुराण है जिसकी कथा सुनने मात्र से ही जीव को जीते जी तो मुक्ति दिलाता है मरणोपरांत भी जीव का कल्याण कर देता है।

उन्होंने कहा कि रामचरितमानस सिखाती है कि जीवन में मरना कैसे हैं जबकि भागवत पुराण सिखाती है कि और जीवन मरण के मध्य मे क्या करणीय है,कर्म कैसे करना है यह श्रीमद् भागवत गीता सिखाती है, इन तीनों ग्रंथो का जिसने आश्रर्य लिया तो जीते जी वह जीव एक जन्म नहीं करोड़ जन्मों का पुण्य कमा लेता है।



जोगिंद्रनगर शहर में भव्य कलश यात्रा में शामिल लोग।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान जुगल किशोर गुप्ता ने कहा कि 20 से 26 अगस्त तक हर रोज भागवत कथा 2.30 से 5.30 तक होगी और इस दौरान सुबह 7:00 से 9:00 तक श्रीमद् भागवत का पूजन किया जाएगा।

## भाजपा शुरू करेगी सदस्यता अभियान : जम्वाल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**




बैठक के दौरान विधायक जम्वाल एवं अन्य ।

हिमाचल प्रदेश में भाजपा का सदस्य अभियान जल्द शुरू होने जा रहा है। इसकी प्रदेश कार्यशाला 22 अगस्त को सुंदरनगर में आयोजित की जाएगी। इसको लेकर मंगलवार को कार्यशाला कार्यक्रम के लिए सुंदरनगर मंडल द्वारा व्यवस्था बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता विधायक राकेश जम्वाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

विधायक जम्वाल ने कहा कि भाजपा पिछले 8 लाख प्राथमिक सदस्य को आगे बढ़ाते हुए बड़े लक्ष्य को ध्यान में रख कर हिमाचल में संगठन के लिए कार्य करेगा।

वहीं प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि संगठन का पर्व सदस्यता अभियान पूरे देशभर में शुरू होने जा रहा है। इस संदर्भ में 17 अगस्त को केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश कार्यशाला 22 अगस्त को संगठनात्मक जिला कार्यालय सुंदरनगर में सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर होनी निश्चित हुई है। इसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्षा रेखा वर्मा विशेषरूप से उपस्थित रहेंगी।

रेखा वर्मा सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी भी है। प्रदेश कार्यशाला के बाद 24 से 26 अगस्त तक जिला कार्यशाला तथा 28 से 30 अगस्त तक मण्डल कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## पुंघ-नौलखा बाईपास निर्माण कार्य में हुए घोटाले की हो जांच

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडलाधिकारी नागरिक सुंदरनगर की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और पुंघ-नौलखा हाईवे के प्रभावित लोगों के मध्य संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व जन संरक्षण समिति हिमाचल प्रदेश के राज्य सलाहकार अमर सिंह राघवा ने एनएचएआई अधिकारियों द्वारा पिछली बैठक में मानी गई विभिन्न मांगों को लेकर जानकारी मांगी गई।

इस पर एनएचएआई द्वारा सकारात्मक जवाब न देने पर उपमंडलाधिकारी ने एक सप्ताह में लिखित रिपोर्ट पेश करने को कहा और पिछली बैठकों में सहमति बने मुद्दों को हल करने के आदेश दिए। वहीं उपमंडलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पुंघ से नौलखा बाईपास निर्माण कार्य में हुए घोटाले की जांच को लेकर भी एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। वहीं अमर सिंह राघवा ने फोरलेन सुंदरनगर बाईपास से संबंधित नगर परिषद व मुरारी देवी, लेदा, कलखर तक क्षेत्र की लगभग 20 ग्राम पंचायतों की मुख्य मांगों को लेकर प्रबंधन के समक्ष मांगें रखी।

## शनि धाम मंदिर मच्छयाल में 23 से होंगे मेले शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मच्छयाल में स्थित शनिदेव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन 23 से 25 अगस्त तक किया जायेगा। शान्ति घाट प्रबंध समिति के प्रधान कर्म चंद ने बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मेलों का आयोजन किया जाएगा इस वर्ष मेले में 23 व 24 अगस्त को रात्रि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिला मंडलों और स्कूली बच्चों के कार्यक्रम भी शामिल होगें। 25 अगस्त को कुश्तियां आयोजित की जाएगीं। उन्होंने लोगों से इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## श्री देव माहूंनाग तरौर का किया कसान व साइगलु पंचायत ने स्वागत

**अनंत ज्ञान, मंडी**

श्री देव माहूंनाग तरौर, माता नैना उग्रतारा कठवाड़ और श्री देव बलाकामेश्वर कसान ने शिरकत की।

पंचायत प्रधान भिंतरा देवी व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने देवताओं का फूल माला सहित भव्य स्वागत किया।देवताओं का महा मिलन हुआ। अब देवता गण मेले में चार दिन विराजमान रहेंगे। 23 अगस्त को तुंगल इलाके में कार बांधकर अपने-अपने गृह क्षेत्र को लौट जाएंगे।



मेले में पहुंचे श्री देव माहूंनाग।

## 22 को विभिन्न जगहों पर बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 22 अगस्त को बीड़ फीडर में पुरानी बिजली की तारों के बदलने और नये बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जायेगा।

यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने देते हुए बताया कि कार्य के दृष्टिगत 22 अगस्त को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक गांव तरनोह, भलेड़, खपरेहड़ा, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के सहयोग की अपील की है।

## छुट्टी के दिन भी सभी रूटों पर बसें चलाए निगम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



आरएम को ज्ञापन सौंपते हुए सभा के सदस्य।

**सरकाघाट और धर्मपुर किसान सभा ने आरएम को सौंपा ज्ञापन**

हिमाचल किसान सभा खंड कमेटी सरकाघाट व धर्मपुर ने आज पथ परिवहन निगम सरकाघाट के क्षेत्रीय प्रबंधक मेहर चंद को आज मांगपत्र सौंपा, जिसमें संडे के दिन बसें न चलाए जाने से जनता को पेश आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और दिनेश काकू ने किया और मेहर सिंह पठानिया, कृष्ण देव, सुरेश शर्मा, बालकृष्ण, रणबीर सिंह और ऋत्विक शामिल हुए। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले डेढ़ दो साल से एचआरटीसी ने आधे से ज्यादा लोकल रूटों पर चलने वाली बसों के रूट बंद कर दिए हैं।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सरकाघाट और धर्मपुर डिपो के 40 प्रतिशत रूटों पर रविवार को बसें नहीं चलती हैं और सवारियों को टैक्सियों में ज़्यादा पैसा खर्च कर आना जाना पड़ रहा है।

किसान सभा ने इस बारे निगम को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया और इस दौरान संडे को बसें न चली तो उसके बाद आरएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

**जवाब** मंडी के विकास का विरोध करने वाले कभी मंडी के हितैषी नहीं हो सकते : अनिल

# खिलाड़ियों के लिए इंडोर स्टेडियम बनाना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के पड्डल में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम का कुछ संस्थाओं द्वारा विरोध करने के बाद सदर विधायक अनिल शर्मा ने इसका जवाब देते हुए प्रैस विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने कहा कि मंडी की बुद्धिजीवी जनता भली भांति जानती है की आज के युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। मैंने हमेशा खेलों को बढ़ावा देना का प्रयास पहले भी किया और आज भी कर रहा ताकि मंडी के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिल सके और यहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकें। खेल विभाग की जमीन पर इंडोर स्टेडियम बनाने का विरोध करना तर्क संगत नहीं है। इसी प्रकार शिवरात्रि और देवी देवताओं के बैठने के स्थान को लेकर भी विरोध की बात सामने आई है तो मैं स्पष्ट करना चाहता हूं की शिवरात्रि के स्वरुप और देवी देवताओं के बैठने के स्थान को लेकर किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा रही।

वहीं देवी-देवताओं को इस इंडोर स्टेडियम में शिवरात्रि के दौरान उचित स्थान देकर बिठाने की व्यवस्था की जाएगी जिससे बारिश से भी बचाव होगा। एक ही छत के नीचे सभी देवताओं के दर्शन आम जनता कर सकेगी। रघुनाथ के पधर में प्रस्तावित खेल परिसर में कुछ निजी जमीन आने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा। और ऐसा ही रती पुल के पास फॉरेस्ट विभाग की तरफ से आपत्ति करने के कारण वहां खेल परिसर बनाना संभव नहीं हो पा रहा और केंद्र सरकार की तरफ से खेलो इंडिया स्कीम के तहत आया पैसा एक साल में नहीं खर्चा गया तो ये पैसा लैपस हो जाएगा।

उन्होंने ये भी कहा कि खेल से जुड़े लोग या खिलाड़ी इसका विरोध करते तो भी ये बात हजम करने लायक होती, परंतु इसका विरोध ऐसे लोग कर रहे हैं जिन्होंने अपने पूरे जीवन काल में मंडी के लिए कुछ नहीं किया और जब ऐसे किसी विकास कार्य की बात होती है तो उसका बेवजह विरोध करना शुरू कर के खुद को मंडी का हितैषी साबित करना चाहते हैं। अगर विरोध करने वाले लोग इतने ही मंडी के हितैषी हैं तो मुझे बताएं मंडी में कहां ऐसा स्थान है जहां बिना पेड़ काटे ऐसा बड़ा इंडोर स्टेडियम बन सके। युवा देश का भविष्य है हमने अपनी ऊमर जी ली है और मैं चाहता हूं की अपने रहते हुए मैं युवाओं के लिए इस तरह की सुविधा अपने जीवन काल में दे पाऊं, ताकि हमारे देश का भविष्य नशे से हट कर खेल के प्रति जागरूक हो और मंडी ही नहीं अपितु देश का नाम रोशन कर सके।

## 22 से 25 तक कपड़ा व्यापारी का सामूहिक अवकाश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्लाथ ऐसोसिएशन कल 22 से 25 अगस्त तक सामूहिक अवकाश पर रहेगा। एसोसिएशन के प्रधान विनोद शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एसोसिएशन चार दिन तक अपने संस्थान बंद रखेगा।



उन्होंने कहा कि निणर्य की अवेहलना करने वालों के विरूध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जोगिंद्रनगर में आए दिन हो रही चोरी की बारदातों पर चिंता जाहिर करते हुए चोरी की बारदातों से निपटने के लिए लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील है।

## शिक्षण संस्थानों में चलेगा नशा मुक्ति अभियान : भुपिंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



बैठक के दौरान मौजूद समिति के सदस्य।

हिमाचल ज्ञान-विज्ञान और मंडी साक्षरता समिति द्वारा शुरू किए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत गठित नशा मुक्ति अभियान समिति की बैठक कैप्टन रमेश तपवाल की अध्यक्षता में खौदा मशरूम फार्म में आयोजित की गई, जिसमें खंड अध्यक्ष एवं एथेलिटक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी के अलावा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अनिल राणा, डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल संजीव ठाकुर, समाजिक कार्यकर्ता अंतिम कुमार, कोट पंचायत के पूर्व प्रधान यशपाल पठानिया आदि ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति धाड़ता क्षेत्र में सरकारी और निजी क्षेत्र में आने वाले 13 शिक्षण संस्थानों में नशे की रोकथाम बारे सवांद संगोष्ठियां आयोजित करेगी, जिसके तहत 24 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय भराड़ी-सजाओपीपलु 27 को टिहरा तथा 29 को चोलथरा में संगोष्ठीयां आयोजित की जाएगी।

डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर ने कहा कि मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चों और अभिभावकों के बीच सवांद नहीं हो रहा है।

## वाटर गार्ड की मौत पर जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मझवाड़ क्षेत्र के गांव बिणु निवासी घनश्याम की 14 अगस्त को हुई संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु पर उनके बेटे भूपेंद्र ने कड़ी जांच की मांग की है।

आज भूपेंद्र के साथ ग्राम पंचायत मझवाड़ के प्रधान अमर सिंह चंदेल, उप प्रधान हरीश कुमार और अन्य गांव वासियों ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक में प्राप्त कर मृतक के परिजनों व प्रतिनिधिमंडल में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों व वकीलों को विश्वास दिलाया कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद ने ज्ञापन मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्षता से छानबीन जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर सलोह में चोरी करने वाला युवक धरा



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** पिछली रात हरोली के सलोह क्षेत्र में रोड के नजदीक बने एक शिव मंदिर में चोरी का वाकया सामने आया था, जिसमें एक आरोपी शिव मंदिर में शिवलिंग के ऊपर लगी घंटी और उसकी चेन को चुराता हुआ नजर आया था। आरोपी सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया था। हरोली पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया है आरोपी की पहचान करके आरोपी को पंजाब के नंगल के पास से पकड़ कर सलाखों के पीछे धकेल दिया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एक मादक पदार्थ का केस थाना हरोली में दर्ज हुआ था, जिस पर आरोपी जमानत पर रिहा हुआ था। आरोपी से पुलिस रिमांड पर पूछताछ की जा रही है जिसमें आरोपी के साथ एक अन्य युवक के होने की बात सामने आ रही है जिसकी तलाश की जा रही है । आरोपी नशा करने का आदी है तथा नशे के पैसे को पूरा करने के लिए ही आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। आरोपी का नाम सूरज राणा पुत्र अशोक कुमार निवासी नंगल (पंजाब) के रूप में हुई है।

### आपदा से निपटने के लिए 28 युवा ट्रेंड : वीरेंद्र



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली विकास खंड में जिला आपदा प्रबंधन ऊना की ओर से छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का अयोजन किया गया। मंगलवार को समापन अवसर पर खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र कौशल ने भाग लिया। इस मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रजनीश शर्मा, कनिष्ठ अभियंता अमनदीप, शिव कुमार व कमल कुमार आदि उपस्थित रहे। आपदा ट्रेनिंग शिविर में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया व आपदा से निपटने के गुर सीखे । बीडीओ हरोली वीरेंद्र कौशल ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है । प्रदेश में हाल ही में आई आपदा व ऊना के बाथड़ी में आई प्रलयकारी बाढ़ में जानमाल के हुए नुकसान से हर वर्ग को संकट का सामना करना पड़ा है, इसलिए भविष्य में ऐसी आपदाओं से पहले हम सब को फ्रंट लाइन में आकर पीड़ित मानवता की सेवा के तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि आपदा से निपटने का मिशन अपने घर से शुरू करना होगा। गांव क्षेत्र में आमजन को जागरूक करना होगा। इस मुहिम में सभी को अपनी जन सहभागिता देनी होगी। किसी भी आपदा की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें।

### भगवती जागरण में सोनिया शर्मा ने बांधा समां



**ऊना।** श्री दुर्गा मंदिर रामपुर साहनी नंगल डैम नजदीक एमपी कोठी में 36वें विशाल भगवती माता जागरण में भजन गायक सोनिया शर्मा दिल्ली ने समां बांध दिया।

### उपमंडलीय अधिकारी बंगाणा ने दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने राष्ट्रीय सदभावना दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई। उन्होंने जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म व भाषा के आधार पर बिना भेदभाव के सभी भारतवासियों की भावनात्मक इच्छा व सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। उन्होंने साथ ही हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद को बातचीत व संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की भी प्रतिज्ञा की।

### चिंतपूर्णी ब्लॉक कांग्रेस ने राजीव गांधी को किया याद



**अनंत ज्ञान, अंब।** पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी ने विश्रामगृह अंब आयोजित कार्यक्रम में भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी देश में संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति और त्रिस्तरीय पंचायतीराज के जनक थे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, चिंतपूर्णी अल्पसंख्यक सैल के अध्यक्ष रशाद खान, प्रदेश ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ठाकुर, एससी सैल के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कुमार सोनू, पूर्व प्रधान दर्शन कुमार, पार्षद रितेश शर्मा, ब्लॉक यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी के निवर्तमान अध्यक्ष शमशेर अली, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष असलम, तनुज ठाकुर, अमन जसवाल, भेजा, काबुल सिंह, अनमोल शर्मा, कुलदीप पठान, सुरेश पाल आदि उपस्थित रहे।

### पंजैन में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, मांगी दुआ



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में रक्षाबंधन के दिन छत्र पूजन के बाद गांव की फेरी और छत्र को धूमाकर रात्रि ठहराव बाबा पहाड़िया मंदिर के गद्दीनशीन एवं प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार के घर हुआ। गांव में बाबा जी के छत्र का हर जगह गांववासियों से स्वागत किया। सोमवार शाम आठ बजे बाबा पहाड़िया के छत्र की आरती हुई और कीर्तन मंडली द्वारा बाबा पहाड़िया की आरती शुरू करते ही सैकड़ों भक्त झूम उठे। हजारों की संख्या में मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं ने विधिवत छत्र के नीचे माथा टेका और सुख समृद्धि की कामना की। वहीं भक्तों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, भजन-कीर्तन हुआ।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंश लि. में भरे जाएंगे 8 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज केयर हेल्थ इंश्योरेंश लिमिटेड में एजेंसी मैनेजर के 8 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 22 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा 23 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय अम्ब में और 24 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 24 से 40 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को 20 से 35 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नम्बर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9023141313 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# चिंतपूर्णी में नहीं रहेगी पानी की कमी

## विधायक बबलू ने पोलियां जसवालां में पेयजल भंडारण टैंक की रखी आधारशिला

**विवेक शर्मा, अंब**



पेयजल भंडारण टैंक की आधारशिला रखने के दौरान पूजा-अर्चना करते विधायक।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मंगलवार को अंब के पोलियां जसवालां में पेयजल भंडारण टैंक की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के उपरांत आधारशिला रखी। करीब 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाले छह लाख पांच हजार लीटर की क्षमता के इस पेयजल भंडारण टैंक के निर्माण में नगर पंचायत अंब के पोलियां जसवालां, मन्सोह टिक्करी, हीरा नगर व हलेड़ के लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से पेयजल समस्या को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विधानसभा के तहत 59 पेयजल व 74 सिंचाई की योजनाएं बनाई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 1107 हैंडपंप लगाए जा चुके हैं, जिससे लोगों के पीने के पानी व सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। पेयजल योजना अंब के मुख्य भंडारण टैंक के निर्माण पर करीब 30 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा में पेयजल की समस्या को देखते हुए जलजीवन मिशन के तहत 79.03 करोड़ रुपए के खर्च किए जा रहे हैं। इसमें सोहारी टकोली, अंब कटौहड़ खुर्द कटौहड़ कलां एवं लडोली, अम्बेहड़ा धीरज, चुरुडू-बड़ूही एवं हंबोली के अलावा डूहल बटभालां कार्य प्रगति पर हैं। आगामी कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपए जल शक्ति विभाग को देने जा रहे हैं।

चिंतपूर्णी के धार क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए 23 करोड़ की मंजूरी चैकडेमो के लिए मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष अधूरे पड़े वर्षा जल संग्रहण डैमों के शेष बचे कार्यों के लिए 17.05 करोड़ की डीपीआर बनाई गई है। इस कार्य के पूरा होने से चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की करीब 279.43 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान होगी।

वहीं, उठाऊ सिंचाई योजना बैहली संतु टिल्ला, कुठेड़ा खैरला, पंजोआ, नंदपुर व टकारला के लिए 11.22 करोड़ की डीपीआर नाबार्ड के तहत तैयार करके स्वीकृति के लिए भेजी जा चुकी है। इन योजनाओं से करीब 302 हेक्टेयर भूमि सींचित होगी। अंब शहर के लिए सीवरेज योजना के तहत 29.16 करोड़ की डीपीआर बनाकर स्वीकृति के लिए सरकार को भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी बहुत जल्द सुखामुक्त क्षेत्र होने जा रहा है और यह हिमाचल का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र होगा, जिसमें पेयजल और सिंचाई की कोई समस्या नहीं रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की मांग पर शिव मंदिर पोलियां की सराये के लिए 50 हजार और पीर बाबा के मंदिर में फर्श डलवाने के लिए 30 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष विकास कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस अल्पसंख्यक सैल के अध्यक्ष रशाद खान, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता होशियार सिंह जस्सल, सहायक अभियंता नीरज धीमान, कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार, पूर्व बीडीसी चेयरमैन ठाकुर मस्तान सिंह, वार्ड पार्षद कुलदीप ठाकुर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# संतोषगढ़ में बनाया जाएगा सिविल अस्पताल : रायजादा



संतोषगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते रायजादा।

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ-साथ आसपास के कई गांवों के हजारों वाशिंदों को सिविल अस्पताल की सौगात जल्द ही मिलेगी। सीएचसी संतोषगढ़ का दर्जा बढ़ाकर इसको सिविल अस्पताल करने की कवायद जल्द शुरू की जाएगी। यह ऐलान ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने सीएचसी संतोषगढ़ का निरीक्षण करने के दौरान किया है।

रायजादा ने समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को निरीक्षण किया। इस मौका पर उनके साथ सीएमओ ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। रायजादा सुबह लगभग साढ़े 11 बजे सीएचसी पहुंचे और उन्होंने यहां माइनर ऑपरेशन थिएटर सहित वार्डों का दौरा किया। इस मौका पर उन्होंने यहां उपचाराधीन मरीजों का भी कुशलक्षेम पूछा, साथ ही उन्होंने भवन का निरीक्षण करते हुए स्टाफ की भी जानकारी ली। सीएचसी संतोषगढ़ में रात के समय सही चिकित्सीय सुविधाएं न मिलने का मुद्दा स्थानीय लोगों ने उठाया और स्टाफ ने रात के समय सुरक्षा व्यवस्था न होने का हवाला दिया।

इसके बाद रायजादा ने सीएमओ को सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया और यहां होमगार्ड की तैनाती करने को कहा ताकि स्टाफ की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। पूर्व विधायक ने स्टाफ सहित चिकित्सकों की समस्याओं को भी जाना और उन्हें भी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। रायजादा ने कहा कि से मुलाकात करके यहां दर्जा बढ़ाकर अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# डीसी ने दिलाई एकता की शपथ



उपायुक्त जतिन लाल स्व. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को सद्भावना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामाजिक सद्भाव एवं एकता की शपथ दिलाई। उपायुक्त कार्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उपायुक्त जतिन लाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म या भाषा के आधार पर भेदभाव किए बिना देश की भावनात्मक एकता और सद्भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे हिंसामुक्त समाज बनाने के साथ एक-दूसरे की सहायता में तत्पर रहें और नेक कार्य करते हुए समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा, डीएसपी अजय ठाकुर, सीपीओ संजय सांख्यान, डीआरओ अजय सहित उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सद्भावना की शपथ ग्रहण की।

# मैड़ी पंचायत ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 71 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, अंब**



ग्राम पंचायत मैड़ी खास ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग ग्राम पंचायत मैडी खास ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 71000/हजार का योगदान दिया। ग्राम पंचायत मैड़ी खास के सभी सदस्यों ने प्रधान रीना ठाकुर के नेतृत्व में यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दी। प्रधान रीना ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में हो रही भयंकर बारिश में हमारे कई साथियों के घर-बार सब कुछ तबाह हो गया है। हम लोग उनका वे सब कुछ तो वापस तो नहीं कर सकते, पर मिलजुलकर उनकी सहायता तो कर सकते हैं ताकि वे दोबारा से अपना आशियाना तो बना सकते हैं।

प्रधान रीना ठाकुर ने बताया कि वह मुख्यमंत्री सुक्खू के उन फैसलों से बहुत प्रभावित हैं, जिससे की आपदा प्रबंधन के तहत प्रभावित लोगों को मकान बनाने के लिए एक लाख साठ हजार की बजाए सात लाख रुपए देना घर बनाने के लिए जगह देना, खुद आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों के साथ खड़े होना, सुखाश्रय योजना उनके दोबारा चलाई गई सबसे महत्वपूर्ण योजना है महिलाओं को 1500 रुपए हर माह देना और भी कई ऐसी योजनाएं है जिससे कि हिमाचल के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रत्यनशील है।

इस मौके पर ग्राम पंचायत मैडी खास के उपप्रधान सुरेंद्र कुमार, वार्ड पंच जगमोहन, पंच मति रक्षा देवी वार्ड 2, पंच रक्षा देवी वार्ड 3 संजय कुमार वार्ड पंच वार्ड 4, मदन लाल वार्ड पंच वार्ड 6, शीतल देवी वार्ड पंच वार्ड 7, मोहिंद्र सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के करीबी और जिला कांग्रेस ऊना के पूर्व सचिव और बीस सूत्री कार्यक्रम जिला ऊना के सदस्य अतुल ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# बंगाणा कॉलेज में अलमुनाई एसोसिएशन का गठन 28 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर की अध्यक्षता मे अलमुनाई एसोसिएशन के गठन के संबंध में बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 28 अगस्त को प्रात: 11 बजे अलमुनाई एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। संबंधित छात्रों को 27 अगस्त 2024 तक अपना मेंबरशिप लेना होगा। इस बैठक में भाग लेने के लिए छात्रों को अपने साथ आधार कार्ड और कॉलेज का कोई फ्रूफ, (मार्क्स कार्ड या कॉलेज रजिस्ट्रेशन) का दस्तावेज साथ लेकर आना होगा। इस एसोसिएशन का उद्देश्य कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए सहायता और सुविधाएं प्रदान करना, छात्रों को सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना, छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना। धन जुटाने की योजनाओं के माध्यम से शारीरिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करना और उनका मार्गदर्शन करना। बैठक में अलमुनाई एसोसिशन के को-ऑर्डिनेटर प्रो. सिकंदर नेगी, सदस्य, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. अनिल शर्मा, प्रो. नंद लाल, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. कृष्ण चंद और कॉलेज सुपरिंटेंडेंट राकेश पाठक मौजूद रहे।

# आज से मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे नोडल अधिकारी

**ऊना।** ऊना जिले में मतदान केंद्रों की सूचियों के युक्तिकरण का कार्य आरंभ हो चुका है। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्ति किए गए हैं, जिन्हें मंगलवार को उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त ने बताया कि नोडल अधिकारी 21 से 31 अगस्त तक वर्तमान मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। मतदान केंद्रों की सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 2 सितंबर को किया जाएगा। प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 8 सितंबर तक आम जनता प्रारूप में प्रकाशित मतदान केंद्रों की सूचियों पर अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकती हैं। इसके अलावा 19 सितंबर तक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव पर अंतिम प्रस्तावनाएं तैयार की जाएंगी। उपायुक्त ने जिला के समस्त जागरूक नागरिकों व राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे 8 सितंबर तक अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# स्व. राजीव गांधी को जयंती पर किया याद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती के दौरान पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सदस्य।

कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर जोगीपंगा में कमेटी अध्यक्ष राम आसरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम करके स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर उनकी जयंती दिवस पर पुष्प अर्पित किए। राम आसरा शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में भारत देश आगे बढ़ा और सुई से लेकर रेलगाड़ी और अन्य हजारों ओद्योगिक क्षेत्र भारत देश में स्थापित हुए।

**कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी ने किए पुष्प अर्पित**

शर्मा ने कहा कि देश की गरीब जनता और परिवारों को लिए कई दर्जनों योजनाओं को धरातल पर उतार कर उन्हें लाभ पहुंचाया है। भारत में गांधी परिवार से पहले देश की आर्यन लेडी के रूप पहचान बनाने बाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और उनके बाद स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ है। शर्मा ने कहा कि आज राज्य में सुक्खू सरकार भी राज्य की गरीब जनता और अनाथ बच्चों के लिए ढाल बनकर खड़ी है और पौने दो वर्ष के कार्यकाल में सुक्खू सरकार ने राज्य की जनता के लिए कई निर्णायक फैसले लेकर जनता को लाभ पहुंचाया है।

इस मौके पर राज्य कांग्रेस सचिव देसराज गौतम, पंचायतीराज अध्यक्ष ओम प्रकाश, भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केवल कृष्ण, पूर्व कर्मचारी बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, राजेश धीमान बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, उर्मिला शर्मा अध्यक्ष जिला कांग्रेस महिला मोर्चा, शोभित गौतम, हरीश, गुरचरण सिंह के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विनोद शर्मा, लठियानी**

किसानों से संबंधित और पंचायत समिति क्षेत्र की समस्याओं पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य को ज्ञापन दिया। इसमें पंचायत तनोह के गांव कड़साई में दशकों से निर्मित सराए का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

आपसे निवेदन है कि सराए को राजस्व विभाग के पास दर्ज करवाया जाए। तहसील बंगाणा की पंचायत तनोह के महाल कनूडा सावका टीका कड़साई का भाग था, जो कि टीका सासन पटवार वृत्त तनोह में शामिल है। टीका कड़साई जिसका महाल कड़साई व महाल डडयार बने हैं। पटवार वृत्त लठियाणी मे शामिल हैं, जबकि उपरोक्त दोनों टीका जात से बना महाल डीपीएफ कनूहड़ा पटवार वृत्त सरोह में शामिल है। पटवार वृत्त सरोह की दूरी महाल सासन से 16 किलोमीटर है।

महाल डीपीएफ कनूहड़ा में महाल सरोह पटवार कार्यालय में दर्ज है, उस भूमि का रिकॉर्ड तनोह पंचायत कार्यालय के अधीन किया जाए, साथ ही किसानों की मांग है कि भूमि की निशानदेही और भूमि बंटवारे के लिए अक्श मुसाबी की मूल प्रति न लेकर उसकी रंगीन प्रतिलिपि ली जाए, क्योंकि एक व्यक्ति को प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अत: किसान हित में फैसला लेकर किसानों को राहत पहुंचाई जाए। (अनंत ज्ञान)

## जानकारी: साइबर लिटरेसी कैंप में विद्यार्थियों को किया जागरूक

# साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना**



साइबर लिटरेसी कैंप में विद्यार्थियों को फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सलोह ऊना में थाना प्रभारी सुनील संख्यान ने साइबर सुरक्षा को लेकर विधार्थियों को जागरूक किया। पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत आने वाले सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान सलोह में साइबर लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। इसमें साइबर घटनाओं से संबंधित सूचना के आदान-प्रदान के लिए और किस तरह साइबर क्राइम से बचना है, किस तरह का साइबर क्राइम हो रहा है। इसके बारे में जानकारी देने के लिए और वक्ता के तौर पर प्रभारी थाना सुनील कुमार को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने साइबर क्राइम की घटनाओं को विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक बतलाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर क्राइम के आरोपियों का मुख्य लक्ष्य पैसा कमाना रहता है। किसी भी फोन कॉल, व्हाट्सऐप कॉल या अन्य मीडिया कॉल के माध्यम से जब भी आपसे कोई बात करता है और उसमें आपको जरा भी अंदेशा लगता है कि आरोपी पैसे, देने या पैसे लेने या पैसे कमाने की बात कर रहा है तो समझ लीजिए कि आप ठगी का शिकार होने जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अपना फोटो, वीडियो सोच समझकर ही सोशल मीडिया ऐप्स पर डालें। किसी भी सोशल मीडिया ऐप को डाउनलोड करते समय ध्यान रखें। अपना ओटीपी किसी से शेयर न करें, अपना बैंक अकाउंट नंबर पासवर्ड और अपना सोशल मीडिया का अकाउंट उसका पासवर्ड, अनजान नंबर से आ रही वीडियो कॉल या व्हाट्सऐप कॉल, ट्रूकॉलर पर दिख रहे पुलिस वाले के नाम से फोटो, अनजान आदमी की फेसबुक या इंस्टाग्राम पर आ रही रिक्वेस्ट या नौकरी के नाम पर अखबारों में छप रहे झूठे विज्ञापनों से हमेशा सतर्क रहें।

अगर आपके साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है तो आप जल्द से जल्द नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।



## न्यूज ब्रीफ

### सद्भावना दिवस पर छात्रों को दिलाई शपथ



**कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय कुल्लू के द्वारा विकास खंड नगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में मंगलवार के दिन सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। शिरढ़ पाठशाला में जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय के नगर खंड के स्वयंसेवी गणेश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सद्भावना दिवस को मनाए जाने के बारे उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि शिरढ़ स्कूल में आज के दिन पाठशाला के सभी विद्यार्थियों के साथ सद्भावना दिवस मनाया गया और इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टूडेंट्स ने प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि वे जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे और बिना हिंसा का सहारा लिए और बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाएंगे।

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**भुंतर।** भुंतर से करीब दो किलोमीटर स्थित शाढ़ाबाई में कांग्रेस नेता बलदेव ठाकुर के निवास स्थान पर पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर के देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सद्भावना दिवस के इस अवसर पर कांग्रेस के दर्जनों नेताओं व समाज सेवियों ने भी राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सम्मान में भारत सरकार 20 को सद्भावना दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को मुंबई में हुआ था। आधुनिक भारत के अग्रणी नेताओं में शुमार राजीव गांधी अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका विज़न हम सबको आज भी प्रेरणा देता है। राजीव ने देश में कंप्यूटर की शुरुआत कर विकास को गति दी थी और इन्होंने ही पंचायतीराज को मजबूत किया। राजीव गांधी पेशे से पायलट थे और राजनीति में इनकी कोई रुचि नहीं थी। 1980 में भाई संजय गांधी की मृत्यु के बाद राजीव 1982 में राजनीति में उतर आए। मां इंदिरा की मौत के बाद राजीव देश के सातवें प्रधानमंत्री बने। 21 मई, 1991 को एक आत्मघाती हमले में इनकी मृत्यु हो गई। भारत सरकार ने इन्हें 1991 में मरणोपरांत भारत र से सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व बागवान मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर, बलदेव सिंह ठाकुर पूर्व मुख्य संगठन हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सेवादल, धनीराम पूर्व जिला परिषद सदस्य, आत्माराम बीडीसी मेंबर आदि मौजूद रहे।

### शिव मंदिर में मनाई राजीव गांधी की जयंती



**कुल्लू।** मनाली विधानसभा कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर शिव मंदिर पतलीकूहल में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व उन्हें याद किया। इस अवसर पर पतलीकूहल सामुदायिक केंद्र में फल आदि भी वितरित किए। इस अवसर पर कांग्रेस जन को संबोधित करते हुए मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि 20 अगस्त, 1944 को मुंबई में राजीव गांधी का जन्म हुआ था उन्होंने कहा कि राजीव गांधी 40 वर्ष की छोटी आयु में ही भारत के प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने भारत के आधुनिकीकरण के लिए दूरदर्शी सोच के कारण अनेक कदम उठाए। मनाली कांग्रेस अध्यक्ष हरी चंद शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी की ओर से भारत में पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूती प्रदान की गई।

### कर अधिनियमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया

**शीला कौल, बंजार।** बंजार में करदाता संवाद अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला कुल्लू द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुरू किए गए करदाता संवाद अभियान के तहत बंजार उपमंडल की नगर पंचायत के बंजार मिनी सचिवालय के सभागार में बंजार, सैंज के व्यापारी वर्ग, प्रैक्टिसनर व करदाताओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में जीएसटी के तहत पंजीकरण, रिटर्न, ई-बिल व अन्य पहलुओं पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही वैट व अन्य कर अधिनियमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस कार्यक्रम में नरेंद्र सेन ने व्यापारी वर्ग के द्वारा बताई गई समस्याओं को सुना व उनका निवारण किया। इसके साथ ही उनसे कर प्रणाली में सुधार के लिए भी अन्य सुझाव लिए गए। (अनंत ज्ञान)



### शमशी में 'सोने का हंस' नाटक का सफल मंचन



**कुल्लू।** जिले के उभरते नाटक ग्रुप 'रंगसभा' के बाल कलाकारों ने मिडल स्कूल शमशी के प्रांगण में 'सोने का हंस' नामक नाटक का सफल मंचन किया। नारायण भक्त द्वारा लिखित तथा परमानंद द्वारा निर्देशित इस नाटक को शमशी राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के छात्रों, अध्यापकों तथा आसपास के गामीणों ने देखा और बच्चों की प्रतिभा का सराहा। परमानंद जो रंगसभा समूह के अध्यक्ष हैं और शमशी क्षेत्र में रंगमंच के नए कलाकारों का एक दल तैयार करने में जुटे हैं और बच्चों की प्रतिभा को निखार रहे हैं। नाटक में राजा की बेटी को स्वप्न होता है, जिसमें उसने सोने के हंस को देखा और राजा को उस हंस को लाने के लिए कहती है, जब राजा कहता है कि यह बुरा स्वप्न था, तो राजकुमारी रूठ जाती है।

### कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ



**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय में सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की आज 80वीं जयंती है और वर्ष 1992 से उनकी जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कुल्लू में अधिकारियों ने सद्भावना की शपथ ग्रहण करते हुए क्षेत्र, धर्म, भाषा के भेदभाव के बिना काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एडीएम ने शपथ दिलाई कि सभी नागरिक जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा के भेदभाव के बिना भारत वासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी सहित अन्य उपस्थित थे।

# पतलीकूहल का सब्जी मंडी कीचड़ दलदल में तब्दील, बागवान परेशान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



पतलीकूहल सब्जी मंडी के आगे बने दलदल का दृश्य।

बागवानों की आर्थिकी में अहम भूमिका निभाने वाली सब्जी मंडी पतलीकूहल इन दिनों दलदल और कीचड़ में तबदील हो गया है।

क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण सब्जी मंडी के प्रांगण ने दलदल का रूप धारण कर दिया है। सेब के सीजन के रफ्तार पकड़ने से सब्जी मंडी में अधिक वाहनों की आवाजाही हो रही है, ऐसे में गाड़ियां दलदल में फंस रही हैं और पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मैदान पर लोगों के जूते और चप्पल फंस रहे हैं। फल सीजन से पहले मैदान की और ध्यान न देना कृषि उपज एवं विपणन समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। एपीएमसी को इस सब्जी मंडी से करोड़ों की आय होती है, परंतु बागवानों, आढ़तियों और व्यापारियों की सुविधा के लिए कुछ नहीं किया जाता। हालांकि पतलीकूहल सब्जी मंडी में गत वर्ष नीलामी मंच का निर्माण कार्य किया गया है। आंशिक रूप से तैयार सब्जी मंडी के प्रांगण पर ध्यान न देने के कारण अब फल सीजन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में सेब बेचने आए बागवानों चमन, राज कुमार, देवी सिंह, राम लाल आदि का कहना है कि सब्जी मंडी ने दलदल का रूप धारण कर लिया है, जिससे उन्हें मुश्किल हो रही है। यदि ऐसा ही हाल रहा, तो सेब सीजन के मध्य में बागवानों को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

> एपीएमसी को इस बारे में कई बार अवगत करवाया गया है और इसके साथ ही स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ की ओर से भी सब्जी मंडी का दौरा किया गया और विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने संबंधित विभाग को सब्जी मंडी के प्रांगण को ठीक करने के निर्देश दिए थे, लेकिन विभाग की ओर से इस पर किसी भी प्रकार की मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है।
>
> **कुंज लाल ठाकुर, प्रधान पतलीकूहल सब्जी मंडी।**

> सब्जी मंडी पतलीकूहल के प्रांगण के कार्य के लिए टेंडर हो गया है यह कार्य 88 लाख रुपए की राशि से दो हफ्तों में किया जाएगा। सब्जी मंडी के प्रांगण में पेवर टाइल बिछाई जाएगी, जिससे बागवानों, आढ़तियों और व्यापारियों को असुविधा नहीं होगी।
>
> **शगुन सूद, एपीएमसी सचिव कुल्लू।**

# हनुमान मंदिर जरड़ में चांदी की जलेरी, राम सिंहासन व छत्र चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**योजनाबद्ध तरीके से दिया चोरी को अंजाम, चेहरा ढककर पहुंचा था शातिर**

कुल्लू में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अभी चार-पांच दिन पहले जहां जिले के नग्गर में माता त्रिपुरा सुंदरी के मंदिर से साढ़े तीन किलो चांदी के आभूषण की चोरी हुई थी और पुलिस इस मामले को भी अभी तक सुलझा नहीं पाई थी कि भुंतर के हनुमान मंदिर जरड़ में भी चोरी हो गई।

मंदिर से शातिर चांदी की जलेरी, राम सिंहासन और छत्र चोरी कर ले गए हैं। उक्त घटना 18 अगस्त रात की है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी की वारदात को योजनाबद्ध तरीके से किया गया। पुलिस के अनुसार प्रकाश चौधरी निवासी जरड़, डाकघर पिपलागे ने पुलिस को शिकायत दी कि 19 अगस्त सुबह जब वह हनुमान मंदिर जरड़ में पूजा करने पहुंचे, तो देखा की चोरी हुई है। शातिर हनुमान मंदिर के साथ बने शिवजी के मंदिर से शिवलिंग पर लगने वाली चांदी, राम सिंहासन और छत्र चोरी कर ले गए हैं। इसकी कीमत करीब सात लाख रुपए आंकी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो यहां लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। इसमें एक कैमरे में शातिर कैद हुआ है। शातिर ने मंदिर में घुसने से पूर्व अपने शरीर को ढक लिया था। साथ ही मुंह भी ढका था। शातिर सीसीटीवी कैमरों को तोड़ते हुए अंदर आया और यहां लगाए गए डीवीआर को भी साथ ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज किया है। जांच की जा रही है। उधर, जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने कहा कि ऐसी घटना देव समाज के लिए खतरनाक हैं। मंदिरों की सुरक्षा के लिए पुलिस और देवसमाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंदिरों में देवी-देवताओं के आभूषणों के चोरी होने से देव समाज चिंतित हो गया।

# अवैध कब्जाधारियों पर फिर कार्रवाई नगर परिषद करवा रहा डिमार्केशन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**





तहसीलदार लोअर ढालपुर में अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए।

अवैध कब्जाधारियों पर नगर परिषद कुल्लू और जिला प्रशासन किसी भी तरह नरमी बरतना नहीं चाहते। मंगलवार को एक बार फिर से नगर परिषद ने तहसीलदार हरि सिंह यादव की अगुवाई में अवैध कब्जाधारियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है।

ढालपुर में नगर परिषद के कर्मचारियों ने सड़क के दोनों ओर लगी हुई दुकानों और भवनों की नाप-नपाई कर डिमार्केशन शुरू की। इस दौरान जरूरी दस्तवेजों की भी जांच की गई। इसी कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों ने लोअर ढालपुर को जाने वाली सड़क पर चेन लगा कर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। गौर रहे कि लोअर ढालपुर में अकसर पैदल चलने वालों की संख्या ज्यादा रहती है और इस बीच वाहन चालकों की वजह से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही लोअर ढालपुर में भी नगर परिषद के कर्मचारियों ने डिमार्केशन जारी रखी और इस दौरान जिन लोगों ने भी अवैध कब्जे कर रखा थे, उन्हें तत्काल उस कब्जे को छोड़ने और अपने सामान को समेटने के आदेश जारी किए गए। पिछले कुछ महीनों से जिस तरह से नगर परिषद कुल्लू ने शहर के अंदर से कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, उससे लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं, कुछ लोग नगर परिषद के इस कार्य से जहां खुश हैं। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो नगर परिषद पर भेदभाव पूर्ण कार्य करने और जबरन कब्जा हटा कर उन्हें सड़कों में लाने का दोषी मान रहे हैं। बेहरहाल नगर परिषद इस बार कब्जाधारियों पर किसी भी सूरत में नरमी दिखाने के मूड में नहीं है।

# शालिनी बनी हिमालयन क्वीन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



पौरी मेले में आयोजित हिमालयन क्वीन प्रतियोगिता के तीनों विजेता प्रतिभागी।

लाहौल-स्पीति के सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थलों में शुमार त्रिलोकनाथ में आयोजित तीन दिवसीय पौरी मेले में विवाहित महिलाओं को समर्पित हिमालयन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लाहौल घाटी की करीब सात प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

प्रतियोगिता के पहले राउंड में लाहौल-स्पीति की पारंपरिक परिधान और वेशभूषा पर आधारित एक राउंड रखा गया, जहां पर सभी प्रतिभागियों ने लाहौली संस्कृति की पहचान बन चुकी पारंपरिक लाहौली परिधान खूबसूरत चोलू और बास्कट को धारण कर ट्रेडिशनल राउंड को पूरा किया, जहां पर शालिनी को परफेक्ट पर्सनालिटी का सब टाइटल दिया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को उनके परिधानों के आधार पर अंक दिए गए। इसके बाद प्रश्नोत्तरी का राउंड आयोजित किया गया, जहां पर पहले राउंड के बाद चुने गई छह प्रतिभागियों के साथ सवाल करते हुए निर्णायक मंडल ने पूछा कि लाहौल-स्पीति की संस्कृति की व्याख्या अपने शब्दों में करें? इस दौरान सभी प्रतिभागियों को केवल 30 सेकेंड के अंदर अपना जवाब निर्णायक मंडल के समक्ष देना था।

इसके बाद निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों के जवाब के आधार पर अंक दिए। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल ने दोनों राउंड के अंकों के आधार पर टैग नंबर पांच की प्रतिभागी शालिनी को हिमालयन क्वीन का ताज पहनाकर विजेता घोषित किया, जबकि प्रश्नोत्तरी राउंड में बेहतरीन जवाब देकर निर्णायक मंडल को प्रभावित करने वाली टैग नंबर-2 राज कुमारी को फर्स्ट रनरअप घोषित किया गया और सेकेंड रनरअप के रूप में टैग नंबर-1 सरिता को सेकेंड रनरअप चुना गया। इस दौरान निर्णायक मंडल में डॉ. अनिता, माया देवी और छेरिंग गटुक ने अहम भूमिका अदा की। इस दौरान मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागियों को ताज पहनाकर सम्मानित किया और सभी को अपनी तरफ से शुभकामनाएं भेंट कीं।

## मनहोंन स्कूल बंद करने के फरमान से ग्रामीणों में आक्रोश

# दुर्गम क्षेत्र में स्कूल को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



मनहोंन के जनप्रतिनिधि विधायक से स्कूल को बंद किए जाने के बारे में बात करते हुए।

बीते दिनों सरकार ने दो किलोमीटर के दायरे में निर्धारित विद्यार्थियों की संख्या से कम संख्या वाले स्कूलों को बंद करने की दिशा में दूसरी सूची जारी कर दी है।

बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत कलवारी के मनहोंन गांव में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय मनहोंन को भी सरकार की ओर से बंद करने का फैसला लिया गया है। सरकार के इस फैसले का ग्रामीणों ने एक सुर में विरोध किया व अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों की ओर से बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी को इस बारे ज्ञापन दिया गया। विधायक शौरी ने कहा कि मनहोंन सुदूर पहाड़ी पर स्थित गांव है, जहां दूसरे स्कूल और मुख्य सड़क से पहुंचने के लिए एक व्यस्क को भी एक घंटे से अधिक का समय लगता है, ऐसे में गांव के छोटे बच्चों की सुविधा के विपरीत इस पाठशाला को बंद करना कतई व्यवहारिक नहीं है। हैरानी की बात है कि इस पाठशाला को बंद करने के लिए विभाग व सरकार ने किस तरह से मापदंडों व व्यवहारिकता को दरकिनार किया है। इससे पहले बंजार क्षेत्र के अंतर्गत लौल स्कूल को भी सरकार ने गैर जिम्मेदाराना तरीके से बंद कर दिया था। विधायक शौरी ने कहा कि अभी हाल में ही प्राथमिक पाठशाला लौल को जारी रखने की बात सरकार के समक्ष उठाई गई थी और अब एक सप्ताह में ही सरकार ने मनहोंन स्कूल को बंद करने का फैसला लिया है। दोनों पाठशालाओं को पुन: खोलने के लिए प्रदेश सरकार से हर स्तर पर मांग रखी जाएगी।

# जटेहड़ में प्रस्तावित कूड़े घर के निर्माण का कटराई की जनता ने किया विरोध



डेलिगेशन के सामने पतलीकूहल की जनता कूड़ाघर को लेकर विरोध जताते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पंचायत कटराई के वार्ड नंबर-3 और 4 की जनता ने जिलाधीश कार्यालय से आए हुए डेलिगेशन के सामने पतलीकूहल के जटेहड़ बिहाल में प्रस्तावित कूड़ा घर के निर्माण को लेकर विरोध प्रदर्शित किया है।

जटेहड़ बिहाल की समस्त जनता का जिलाधीश कार्यालय से आए हुए अधिकारियों के समक्ष यही सुझाव था कि प्रस्तावित जगह कई सामाजिक कार्यों के लिए अनिवार्य जगह है तथा नजदीक ही आंगनबाड़ी केंद्र और अंबेडकर भवन स्थित हैं, जहां पर आए दिन कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं और यहां पर कूड़ा घर बनाए जाने पर इस जगह का उपयोग नहीं हो पाएगा तथा आसपास की जनता पर स्वास्थ्य संबंधी प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ेगा। अत: इस जगह से प्रस्तावित परियोजना को स्थानांतरित कर किसी और जगह पर बनाया जाए, जिसके लिए पूर्व में सुनिश्चित की गई जगह थी उस पर कूड़ा घर के निर्माण की स्थानीय जनता ने स्वीकृति दी है।

# 22, 24 और 26 को इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बताया कि 11 केवी फीडर दियार की मरम्मत और रखरखाव के लिए लोअर बजौरा, कमांद, भाटग्रां, बाहमीनाला दियार और आसपास के इलाकों में 22, 24 और 26 को सुबह के 10 से 5:30 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बिजली न होने की सूरत में जनता को होनी वाली असुविधा के दौरान सहयोग की अपील की है।

# ईको गाड़ी ने तीन लोगों को मारी टक्कर

## घायलों का क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चल रहा इलाज, एक को नेरचौक के लिए किया रेफर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



कुल्लू के पतलीकूहल में हुए दर्दनाक हादसे में तीन व्यक्ति घायल हो गए हैं। हादसा पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जिसमें एक ईको गाड़ी ने तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए।

थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि यह हादसा मनाली से कुल्लू की ओर जा रही ईको गाड़ी एचपी 57 7468 के चालक की ओर से लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल रेफर किया। वहीं, दो व्यक्तियों का उपचार कुल्लू अस्पताल में चल रहा है और तीसरे व्यक्ति राजकुमार को नेरचौक के लिए रेफर कर दिया गया है। वाहन चालक की पहचान कुशाल जो चंबा जिले के सिहुंता गांव का निवासी है, उसके खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी (एफआरआई) दर्ज की है। वहीं, तीनों घायल व्यक्ति जम्मू कश्मीर के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान सोनू पुत्र निशांत सिंह गांव रघवाल, जिला सांभा आयु 32 वर्ष, सोनू पुत्र परमेश सिंह गांव गौन जिला सांभा, राज कुमार पुत्र रतन चंद गांव लोखली, डाक खाना सेड़ा जिला कठुआ, जम्मू-कश्मीर, आयु 40 वर्ष के रूप में हुई है। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुल चंद्रन कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गाड़ी की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खोया और सड़क के किनारे चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**प्रदर्शन** — एबीवीपी ने मनाली और कोलकाता में युवतियों के साथ हुई बर्बरता के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

# दोषियों को सजा और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



एसपी कुल्लू कार्यालय के प्रांगण में धरना-प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

जिस तरह से महिलाओं के साथ आए दिन आपराधिक घटनाएं घट रही हैं और जिस बर्बरता के साथ युवतियों की दुष्कर्म कर हत्या की जा रही है, उसी के विरोध में एबीवीपी कुल्लू ने विरोध जताया।

मंगलवार को ढालपुर में स्थित एसपी कार्यालय के प्रांगण में एबीवीपी के छात्रों ने मनाली में हुई युवती की हत्या और कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता और हत्या के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान एबीवीपी कुल्लू ने प्रशासन और सरकार की लापरवाही और समय पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर जमकर कोसा। एबीवीपी ने सरकार पर समय रहते कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या बात है कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और इस संदर्भ में दोषियों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। एबीवीपी ने कहा कि देश में बेटियां महफूज नहीं हैं और उन्हें सुरक्षित माहौल देने में सरकार नाकाम हो रही है। एबीवीपी ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दोषियों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। विद्यार्थी परिषद में हाल ही में मनाली में हुई युवती की हत्या का हवाला देते हुए कहा कि दोषियों को जल्द सजा दी जाए और सरकार से भी निवेदन किया कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता और हत्या की पीड़िता को न्याय दिया जाए और इस हत्या से जुड़े सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

एबीवीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो एबीवीपी जल्द प्रदेश स्तर पर ओर राष्ट्रीय स्तर पर अपना विरोध जताते हुए उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के 25-30 कार्यकर्ताओं ने मिल कर सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। (अनंत ज्ञान)

# 22 को इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने कहा कि 11 केवी भुंतर फीडर के जरूरी रखरखाव और पेड़ों के काटने के लिए 22 अगस्त को प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक शमशी, राजा कॉलोनी, तेगू बेहड़, जमोट, छोयल, पंडित बेहड़, सेरी बेहड़, बिष्ट बेहड़, अप्पर मौहल पारला, पांगी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी और साथ में उन्होंने बताया कि 11 केवी बजौरा फीडर के अंतर्गत उच्च ताप वाली लाइनों के नीचे पेड़ों के काटने और सामान्य रखरखाव के लिए मणिकर्ण चौक, अमर टैक्स, भुंतर, शुरढ़, परगानु, काली माता मंदिर, शाढ़ाबाई, न्यू एअरपोर्ट गेट भुंतर और आसपास के क्षेत्रों में भी 28 को सुबह 10 से लेकर शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए जनता से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज के नए कैंपस का भवन निर्माण कार्य शुरू



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के नए कैंपस का भवन निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि वर्ष 2017 में कॉलेज की स्थापना के इतने वर्षों बाद भी कॉलेज के पास अपना भवन नहीं है, लेकिन राज्य सरकार के सहयोग से जल्द ही कॉलेज को अपना भवन मिल जाएगा। कॉलेज प्राचार्या के साथ सभी प्राध्यापकों ने भवन निर्माण की साइट विजिट की। प्राचार्या ने पीडब्ल्यूडी विभाग का धन्यवाद किया और भवन निर्माण में गति लाने का आग्रह किया, ताकि जल्द विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस की सुविधा मुहैया करवाई जा सके। उधर, पीटीए अध्यक्ष राजेश गुप्ता व कॉलेज अधीक्षक आईडी शर्मा ने कहा कि दाड़लाघाट कॉलेज के नए कैंपस का भवन निर्माण शुरू होने से कॉलेज व स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी का आभार जताया है।

### राज्यपाल आज सोलन के प्रवास पर



**सोलन।** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 21 अगस्त को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। राज्यपाल दोपहर 2.30 बजे सोलन के कैथलीघाट के समीप नव निर्मित शुंगल टनल का दौरा करेंगे।

# क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में तीसरे दिन भी जारी रही डॉक्टरों की हड़ताल

## आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं; ओपीडी नजर आई खाली, रोगियों को नहीं मिली सस्ती दवाइयां

**आर मोहन चौहान, सोलन**

कोलकाता के अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म की विरोध में चल रही डॉक्टरों की हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखने लगा है।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में डॉक्टरों ने तीसरे दिन भी पेन डाउन हड़ताल की। हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहीं। अस्पताल में सुबह से ही रोगियों का आना शुरू हो गया था, लेकिन सभी ओपीडी खाली नजर आई। वहीं, आपातकालीन ओपीडी में रोगियों की खासी भीड़ रही। यहां पर तीन से चार डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान रोगियों की जांच और परामर्श तो हुआ पर अस्पताल में रोगियों को मिलने वाली सस्ती दवाएं नहीं मिल पाई। (अनंत ज्ञान)






डॉक्टरों की हड़ताल से खाली पड़ी ओपीडी (दाएं) आपातकालीन ओपीडी में लगी रोगियों की लाइन।

### तीन दिन से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित

ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर 24 घंटे की हड़ताल की थी पर सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल में अब सामान्य रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में शिशु, गायनी, मेडिसिन, आँखों, ईएनटी और जनरल ओपीडी में रोज करीब 1500 रोगी उपचार के लिए पहुंचते हैं। डॉक्टरों की हड़ताल से अब दिन में 250 से 300 रोगियों की ही जांच हो पा रही है।

"सोलन अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक संदीप जैन ने बताया कि बुधवार से ओपीडी शुरू होने की उम्मीद है। पर्ची काउंटर और दवा केंद्र भी खुल जाएंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले लोगों को आपातकालीन ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### दवा केंद्र और लैब टेस्ट बंद होने पर उठे सवाल

डॉक्टरों की हड़ताल के साथ अस्पताल में लैब और दवा केंद्र बंद रहे। इससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। हैरानी की बात यह है कि इमरजेंसी वार्ड में रोगियों की जांच के बावजूद अस्पताल का दवा केंद्र बंद रहा। ऐसे में रोगियों को अस्पताल में सस्ती दवाइयां के काउंटर से खाली हाथ लौटना पड़ा। साथ ही बाजार से महंगी दवाएं खरीदने को मजबूर होना पड़ा। इसी तरह आपातकालीन ओपीडी में रोगियों के टेस्ट तो लिखे गए पर अस्पताल की लैब बंद होने से निजी लैब से टेस्ट करवाने पड़े। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि इमरजेंसी ओपीडी में रोगियों की जांच हो रही है, तो लैब टेस्ट और सस्ती दवाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं।

# सिहाड़ी में राहगीर को ट्रक से कुचल कर फरार चालक पटियाला से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के सिहाड़ी में तेज रफ्तार ट्रक से राहगीर को टक्कर मार कर फरार हुए ट्रक चालक को पुलिस ने आखिरकार चार महीने बाद पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार कर लिया है।

इस घटना में घायल राहगीर की मौके पर मौत हो गई थी। इसके बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया था। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में शिकायत दर्ज करवाते हुए कसौली के सिहाड़ी मुसलमाना निवासी पुनीत वर्मा ने पुलिस को बताया था कि 15 अप्रैल को उसके पास काम करने वाला सिहाड़ी निवासी लालचंद कुमारहट्टी में अपने बेटे से मिलने के बाद पैदल अपने घर जा रहा था, तो गांव सिहाड़ी के समीप स्कूल कैंटीन के पास एक ट्रक नं. पीबी-11 सीएल-8371 के चालक ने ट्रक को तेज रफ्तारी व गलत दिशा में चलाकर लाल चंद को टक्कर मारकर कुचल दिया और चालक ट्रक को मौके पर ही खड़ा कर फरार हो गया। इस घटना में लाल चंद की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में लापरवाही से वाहन चलाने की गंभीर गैर जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान वारदात में संलिप्त ट्रक को जब्त कर लिया गया था। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था इसलिए उसकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान ट्रक के मालिक अमरेंद्र सिंह से पता किया, तो चालक का नाम व पता पुलिस को मालूम हुआ। उसने बताया कि घटना के वक्त ट्रक को पंजाब के पटियाला के सुल्ली गांव निवासी गुरजोत सिंह चला रहा था। इसके बाद से ही पुलिस की टीमें कई बार उसके घर व उसके संभावित स्थानों पर दबिश देती रही, लेकिन गुरजोत हर बार पुलिस की पकड़ से बाहर ही रहा। उसने अपना फोन नंबर भी बंद कर दिया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कसौली न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट हासिल करने के बाद धर्मपुर की पुलिस टीम ने उसके स्थायी पते व अन्य संभावित ठिकानों पर तलाश करना जारी रखी। तलाशी अभियान के दौरान कल यानी 19 को पुलिस टीम ने 47 वर्षीय गुरजोत सिंह पटियाला पंजाब से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# सुक्खू ने आठ विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया





मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सोलन जिले के आठ विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को सोलन के एकदिवसीय दौरे के दौरान 23.20 करोड़ रुपए की लागत की आठ विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी देवड़ा (घट्टी) के नवनिर्मित भवन के लिए 3.19 करोड़ रुपए, एससीईआरटी सोलन के प्रशासनिक खंड भवन के लिए 3.30 करोड़ रुपए तथा जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सोलन के 7.51 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने सोलन में हिमाचल प्रदेश पुलिस कल्याण संघ के पेट्रोल पंप का भी लोकार्पण किया। सुक्खू ने सोलन के साधुपुल क्षेत्र में ग्रामीण आवासीय भू-स्खलन शमन एवं बाढ़ प्रबंधन के लिए 75 लाख रुपए तथा शामती में तीन करोड़ रुपए की लागत से भू-स्खलन शमन एवं बाढ़ प्रबंधन, नगर निगम सोलन में अग्निशमन विभाग भवन के समीप 2.67 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग तथा नगर निगम सोलन के अंतर्गत ठोडो मैदान के समीप 2.80 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग की आधारशिला रखी।

# बद्दी पुलिस ने विभिन्न थाना परिसरों में दिलाई सद्भावना प्रतिज्ञा



बद्दी पुलिस जिला के विभिन्न थाना परिसरों में शपथ लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस जिला बद्दी में सद्भावना दिवस विशेष कार्यक्रम से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी की 79वीं जयंती के अवसर पर मनाया गया।

सद्भावना दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य हिंसा को अस्वीकार करना और जनता के बीच सद्भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर बद्दी पुलिस के सभी कार्यालयों में सुबह 11 बजे सभी कर्मचारियों को सद्भावना प्रतिज्ञा दिलवाई गई। इस प्रतिज्ञा में पुलिसकर्मियों ने जाति, संप्रदाय, धर्म या भाषा के आधार पर किसी भी भेदभाव से मुक्त रहने और सद्भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त अधीक्षक अशोक वर्मा ने कहा कि सद्भावना दिवस हमें समाज में शांति, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की याद दिलाता है। सभी पुलिस स्टेशनों में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और समाज में शांति और सद्भावना को बनाए रखने के लिए अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया।

# अर्की में पुराने खोखों को तोड़ने पर हंगामा

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के पुराने बस स्टैंड में मंगलवार को माहौल उस समय गर्म गया, जब प्रशासन व लोकनिर्माण विभाग लगभग 45 वर्ष पुराने खोखों को तोड़ने लगा। स्थानीय व्यापारी की पुत्री भारती ठाकुर, तरुण गुप्ता व अन्य पीड़ित व्यापारियों का प्रशासन व लोक निर्माण विभाग पर आरोप था कि उनकी गुजर बसर इन खोखो से ही होती थी तथा आजतक उनके इन खोखो से किसी को कोई असुविधा नहीं हुई, लेकिन आज लोकनिर्माण विभाग व राजस्व विभाग अचानक उठकर आए तथा उनके खोखों को गैरकानूनी कह कर तोड़ने लगे।

उनका कहना है कि यह किसी राजनेता द्वारा अपने चहेते को लाभ देने के कारण किया गया है। तरुण गुप्ता का कहना है कि जिस खसरा नंबर को बताकर उनके खोखे तोड़े जा रहे हैं। वह गलत है एवं राजस्व



अर्की में खोखों को तोड़ने का विरोध जताते लोग।

विभाग व लोक निर्माण विभाग गलत नंबर दिखा कर उनकी रोजी रोटी छीन रहा है। उनका कहना है कि यदि वह गैरकानूनी है, तो राजस्व विभाग व लोक निर्माण विभाग को खर्यावन से अस्पताल तक नपाई करनी चाहिए एवं कितने गैरकानूनी निर्माण हैं उनके खिलाफ भी ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए। केवल मात्र चार खोखों को तोड़कर यह विभाग सड़क को जाम मुक्त करने का जो ड्रामा कर रहा है। वह क्यों व किसके कहने पर हो रहा है। सब जानते हैं। उनका कहना है कि जहां सरकार बेरोजगारों व महिलाओं को रोजगार देने के लिए वचनबद्धता दिखती है, वहीं जो लोग इन खोखों से अपना परिवार पाल रहे हैं। उन्हें सड़क पर ला रही है। विपिन तहसीलदार अर्की ने कहा कि इन लोगों को पहले ही विभिन्न माध्यमों से सूचित किया गया था कि लोक निर्माण विभाग के एक्ट के तहत आपके खोखे गैरकानूनी हैं, लेकिन इन्होंने अनसुना कर दिया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है और अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई चलती रहेगी।

# स्व. राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**सोलन।** भारतवर्ष के सातवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के 80वी जयंती को संपूर्ण राष्ट्र ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। सोलन कांग्रेस ने इस मौके पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में कार्यक्रम का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कांग्रेस के महासचिव शिवदत्त ने कहा कि 20 अगस्त को संपूर्ण राष्ट्र भारत के महान सपूत, देश के अभूतपूर्व प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए विकास कार्यो को याद किया। राष्ट्र के प्रति स्वर्गीय राजीव गांधी के समर्पण को याद कर उनकी पावन स्मृतियों में श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए। गांधी की जयंती पर सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें कोटि-कोटि नमन किया और उनकी स्मृतियों में श्रद्धा सुमन समर्पित किए।

# सरकार जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के प्रति समर्पित : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में वन अधिकार अधिनियम-2006 को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला में राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में भूमिहीन एवं उपेक्षित वर्गो को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनजातीय जिलों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में वर्तमान राज्य सरकार प्रयास कर रही है।

राजस्व मंत्री ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम-2006 पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की देन है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में नौतोड अधिनियम-1968 प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ यंशवंत सिंह परमार की देन



है। इस एक दिवसीय कार्यशाला में किन्नौर जिला के पंचायत जनप्रतिनिधि, राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने भाग लिया और राजस्व मंत्री के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और वन अधिकार अधिनियम-2006 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# सहकारी बैंक नौहराधार शाखा में कार्यरत सात कर्मी निलंबित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्य सहकारी बैंक ने सिरमौर की नौहराधार शाखा में चार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले की सीबीआई से जांच करवाने का फैसला लिया है। बैंक प्रबंधन ने मामले की विस्तृत जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी को पूरी जानकारी दे दी है। मामला संज्ञान में आते ही प्रबंधन ने नौहराधार शाखा में कार्यरत सात कर्मचारी निलंबित कर दिए हैं।

दस कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। शाखा का अन्य स्टाफ भी बदल दिया गया है। सभी कर्मचरियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। प्रारंभिक विभागीय जांच में पता चला कि नौहराधार शाखा के सहायक प्रबंधक ने फर्जी ऋण खाते खोलकर गबन किया है। चार करोड़ से अधिक राशि के घोटाले के आसार हैं। असल राशि को जानने के लिए विभगीय अधिकारी जुटे हुए हैं। राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं बैंक के लिए बेहद चिंतनीय व अस्वीकार्य हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार अभी तक 4.02 करोड़ रुपए के लगभग की गबन राशि का पता चला है। विस्तृत विभागीय जांच जारी है। जांच पड़ताल के उपरांत ही सही पता चल पाएगा कि संबंधित कर्मचारी ने कितनी राशि की हेराफेरी की है।

बैंक प्रबंधन ने इस मामले को अति संवेदनशील मानते हुए तथा नाबार्ड द्वारा तय मानदंडों के अनुरूप इसकी जांच सीबीआई से करवाने का निर्णय लिया है।

### जमा की गई पूंजी पूरी तरह से सुरक्षित

बैंक अध्यक्ष ने सभी ग्राहकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा बैंक में जमा की गई पूंजी पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैंक अपने ग्राहकों के प्रति पूरी निष्ठा रखता है और समर्पित भाव से उन्हें सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। बैंक के प्रबंध निदेशक श्रवण मांटा ने कहा कि बैंक कर्मचारी संस्था की रीढ़ है। उनके द्वारा इस प्रकार की धोखाधड़ी को अंजाम देना बैंक व ग्राहक समुदाय के साथ जघन्य विश्वासघात है। इस प्रकार के कृत्यों को अंजाम देना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगा।

# फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते सलोगड़ा में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्रिय अस्पताल सोलन से पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना मिली कि एक व्यक्ति विजय को सलोगड़ा से उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है, जिसे चिकित्साधिकारी ने मृत घोषित कर दिया है, जिस सूचना पर थाना सदर सोलन की पुलिस टीम तुरंत क्षेत्रिय अस्पताल सोलन पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति आपातकालीन कक्ष में बैड पर मृत पड़ा था तथा उसके परिवार वाले भी वहां पर मौजूद थे। तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति का नाम व पता विजय कुमार निवासी गांव सलोगड़ा जिला सोलन उम्र 27 वर्ष मालूम हुआ। मृतक के परिवार वालों के समक्ष उसके शव का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मृतक के गले के पास फंदे के निशान के ईलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर कोई भी चोट/ खरोच के निशान आदि न पाए गए। समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतक के शव का क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में पोस्टगार्टम करवाया गया। मृतक के परिजनों के ब्यान लेखबद्ध किए गए। उसके उपरांत थाना सदर सोलन की टीम द्वारा घटनास्थल सलोगड़ा जहां पर मृतक विजय ने फंदा लगाकर आत्महत्या की थी उसका गहनता से निरीक्षण किया तथा कमरा में लगे पंखे में लटकी बैल्ट निवार के टुकड़ा, जिससे मृतक ने फंदा लगाया था व अन्य साक्ष्यों को कब्जा में लिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक के शव को अंतिम दाह संस्कार के लिए उसके परिजनों के हवाले किया गया। मृतक के विसरा व अन्य ब्रामद साक्ष्यों को रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा भेजा जा रहा है।

# अर्की स्कूल में छात्रों को दी एचआईवी एड्स की जानकारी



**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय अर्की में अर्की स्वास्थ्य खंड अधिकारी तारा चंद नेगी की अध्यक्षता में 12 तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय यूथ दिवस के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्कूली स्टूडेंट्स को स्वास्थ्य परामर्श विशेषज्ञ विजय कुमार शांडिल द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें क्योंकि कुछ नशे जिसमें आज के युवा सिरिंज का प्रयोग कर रहे हैं। वह एचआईवी या एड्स की चपेट में आ सकते हैं।

# क्लश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महायज्ञ शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सनातन धर्म मंदिर राजगढ़ में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंगलवार से आरंभ हो गई। सनातन धर्म मंदिर कमेटी की ओर से पिछले लगभग 14 सालों से आम जनता के सहयोग से विश्व शांति एवं विश्व की प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा एवं क्षेत्र की सुख-शांति व आम जन मानस के कल्याण के लिए मंदिर परिसर में भागवत का आयोजन करता आ रहा है।

इस बार इस भागवत महायज्ञ में कथा का व्याख्यान भागवताचार्य विजय भारद्वाज के द्वारा मुखारविंद से किया जा रहा है। आचार्य ने कहा कि इस विश्व



में सभी सुखी और रोगमुक्त रहें और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े, इसी उद्देश्य से समस्त जीव जगत के कल्याण के लिए भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन सनातन धर्म मंदिर में करवाया जा रहा है। इस ग्रंथ में धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष चारों पुरुषार्थ को प्राप्त करवाने का सामर्थ्य है। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को हमारे जीवन में प्रविष्ट करवाने का यह सर्वोपरि श्रेष्ठ ग्रंथ है इस ग्रंथ से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त होता है। कलयुग में मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल तरीका इसी ग्रंथ में बताया गया है। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ क्लश यात्रा व शौभायात्रा के साथ हुआ। यह क्लश यात्रा व शौभायात्रा सनातन धर्म मंदिर से शिरगुल देवता मंदिर से आरंभ होकर उसके बाद पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैड व सब्जी मंडी होते हुए वापस शहर की परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर पंहुची। इस बार इस क्लश यात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी विशेष आर्कषण रही।

# बिल्लांवाली में किराये के मकान के ताले तोड़कर कैश व ज्वेलरी लेकर फरार हुए चोर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के लेबर चौक स्थित बिल्लांवाली में एक किराये के मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। शातिर घर में रखा कैश व ज्वेलरी लेकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार शुभम पुत्र भूपिंदर निवासी सुरजपूर निवासी देहरा जिला कांगड़ा, जो कि बद्दी के बिल्लांवाली किराये के मकान में रहता है, बीते दिन अपने परिवार के साथ ससुराल गया था और जब अगले दिन वापस लौटा तो घर के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित ने बताया कि घर में कैश समेत पत्नी का मंगलसूत्र, सोने की बालियां व अगुंठी समेत कई सामान था, जिसकी सूचना पुलिस थाना बद्दी को दे



दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस घर के आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों को पकड़ा जा सके। जिला बद्दी पुलिस के एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि घर में चोरी की शिकायत मिली थी। पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द आरोपी हिरासत में होंगे।

**समापन** अंडर-14 छात्र वर्ग प्रतियोगिता में 37 स्कूलों के 462 छात्र खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, दयाल प्यारी ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

# सनौरा स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब, कबड्डी में सनौरा विजेता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनौरा में आयोजित शिक्षा खंड राजगढ़ की छात्र वर्ग की अंडर-14 खंड स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनौरा को बेस्ट स्कूल चुना गया। समापन समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव दयाल प्यारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास होने के साथ-साथ उनमें



सनौरा स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीमें ट्रॉफियों के साथ।

अनुशासन, परिश्रम और प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। विद्यालय की परीक्षा कक्ष की मांग को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर विजेता और उपविजेता छात्र खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और अपनी ओर से 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इससे पहले मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य देशराज पुंडीर ने मुख्यातिथि और विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 37 स्कूलों के 462 छात्रों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के प्रभारी पीईटी सुखदेव भारद्वाज ने बताया कि वॉलीबाल का खिताब सनियो दीदग के नाम रहा, जिसने फाइनल मुकाबले में मिडल स्कूल पाब को पराजित किया। खो-खो में उच्च विद्यालय धरोटी ने दुधम मतियाना को पराजित कर ट्राफी अपने नाम की। कबड्डी में सनौरा विजेता और छोगटाली स्कूल उपविजेता रहा। बैडमिंटन में सनौरा ने पहला और गुरुकुल पीच वैली स्कूल राजगढ़ ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। योगा में सनौरा पहले और मानवा खनियुड़ स्कूल दूसरे स्थान पर रहा।

जूडो में छोगटाली स्कूल पहले और मांडियाघाट दूसरे स्थान पर रहा। कुश्ती में मांडियाघाट ने प्रथम तथा कोटला बांगी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कुश्ती मुकाबलों में 41 किलो वर्ग में मांडियाघाट के रोहित, 44 किलोवर्ग में मांडियाघाट के ईशान चौहान, 48 किलोवर्ग में ज्ञानकोट के आदर्श, 52 किलोवर्ग में कोटला बांगी के कुनाल कंवर और 57 किलोवर्ग में कोटला बांगी के रूद्र ने प्रथम स्थान हासिल किया।

चेस प्रतियोगिता में धरोटी प्रथम और नेहर बाग दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लोक नृत्य में दुधम मतियाना स्कूल विजेता रहा। समूहगान में गुरुकुल पीच वैली प्रथम और एसवीएन स्कूल राजगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरुकूल पीच वैली स्कूल राजगढ़ के अभिजय ने भाषण में और कुनाल ने एकल गायन में प्रथम स्थान हासिल किया।

# टैंक रोड में व्यर्थ बह रहा पेयजल पांच दिन बाद मिल रहा पानी

**भावना, सोलन**

सोलन शहर में एक तरफ लोगों को पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। वहीं, लीकेज समस्या निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ी कर रही है।

शहर में लोगों के घरों में पांच दिन बाद पानी आ रहा है। लीकेज की समस्या के चलते निगम के वार्ड-9 के टैंक रोड में पेयजल व्यर्थ बह रहा है, जिससे शहर में पांच दिन बाद लोगों को पानी दिया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही के कारण पानी सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार लीकेज को लेकर नगर निगम को शिकायत दी चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। जल शक्ति विभाग और नगर निगम शहर में पुरानी और खराब हो चुकी पाइप को बदलने के दावे करते हैं, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिपुरा में भू-स्खलन, पांच लोगों की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा में लगातार बारिश के कारण तीन स्थानों पर हुए भू-स्खलन में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य ग्रामीण लापता है। शांतिरबाज़ार के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अभेदानंद बैद्य ने बताया कि दक्षिण त्रिपुरा जिले के देबीपुर में सोमवार रात भीषण भू-स्खलन से एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान त्रिशंकर चकमा, उनकी पत्नी रजनी और उनकी बेटी बिनीता के रूप में हुई है। वहीं, कारबुक इलाके में भूस्खलन में 52 वर्षीय मौई रियांग की मौत हो गई, जबकि एक अन्य ग्रामीण लापता हो गया।19 अगस्त को खोवाई जिले के चम्पलाई इलाके में एक 14 वर्षीय लड़के के घर पर मिट्टी का ढेर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### जेल से भागे चार कैदियों में से तीन गिरफ्तार



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की नामसाई जेल से भागे चार कैदियों में से तीन को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कैदियों की पहचान मिनेश्वर डिहिंगिया (37), गोपाल मुंडा (23), अर्जुन कंधा (27) और रॉबिन सुरीन (45) के रूप में हुई है, जो रविवार को रात करीब साढ़े बारह बजे जेल से भाग गए थे। कैदियों ने ड्यूटी पर तैनात संतरी पिंटू इंशा पर वेंटिलेटर की ग्रिल तोड़कर हमला कर दिया था और भागे थे।

### 'आप' सांसद संजय की गिरफ्तारी के आदेश



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। 23 साल पुराने एक मामले को लेकर यूपी में सुल्तानपुर की एक अदालत ने संजय सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश जारी कर दिया है।

### माता-पिता के बेटे के लिए मांगी इच्छामृत्यु

नई दिल्ली। एक बुजुर्ग माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 30 साल के बेटे के लिए इच्छा मृत्यु की मांग की है। अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। कोर्ट ने मानवीय आधार पर एएसजी ऐश्वर्या भाटी से 30 साल के युवक को समुचित सुविधाजनक जगह में रखने के इंतजाम तलाशने को कहा है।

### पीडीपी के प्रमुख प्रवक्ता सोहेल बुखारी ने छोड़ी पार्टी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बड़ा झटका लगा है। पीडीपी के प्रमुख प्रवक्ता सोहेल बुखारी ने पार्टी को छोड़ दिया है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आठ विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की सूची जारी की। बिजबिहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इल्तिजा मुफ्ती विधानसभा चुनाव से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करेंगी। लोकसभा चुनाव में मां के लिए प्रचार में उतरने के साथ ही उनके चुनावी अखाड़े में उतरने की चर्चाएं तेज हो गई थीं।

### के. कविता की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। अब अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी। के. कविता की जमानत अर्जी पर ईडी 22 अगस्त तक जवाब दाखिल करेगी। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ को बताया कि मामले में सीबीआई का जवाबी हलफनामा पहले ही दाखिल किया जा चुका है।

### दिल्ली के कई अस्पतालों को बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कई अस्पतालों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले, जिससे प्राधिकारियों को अस्पताल परिसरों की तलाशी शुरू करनी पड़ी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि नांगलोई में एक अस्पताल से दोपहर एक बजकर चार मिनट पर और दिल्ली के चाणक्य पुरी स्थित प्राइमस हॉस्पिटल से दोपहर एक बजकर सात मिनट पर सूचना मिली कि उन्हें बम की धमकी वाले ई-मेल मिले हैं। का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने वाले दस्ते तथा पुलिस को मौके पर भेजा गया है।

### दक्षिण गाजा में छह बंधकों के शव मिले

**यरूशलम।** इसराइल की सेना ने कहा कि पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए छह लोगों के शव बरामद किए हैं। सेना ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसके सैनिकों ने दक्षिण गाजा में सोमवार को रात अभियान के दौरान ये शव बरामद किए हैं। सेना के मुताबिक, मृतकों की पहचान यागेव बुश्ताब, एलेकजेंडर डैनकिग, अवराहम मंडर, योराम मेत्सगर, नदाव पोपलवेल और हाइम पेरी के रूप में हुई है। हालांकि सेना ने यह नहीं बताया कि उनकी मौत कब और कैसे हुई।

### कांग्रेस नेता दिग्विजय कोरोना से संक्रमित



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को बताया कि उनका कोविड-19 परीक्षण 'पॉजिटिव' आया है। उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेरा कोविड टेस्ट 'पॉजिटिव' आया है। मुझे पांच दिन आराम करने के लिए कहा गया है, इसलिए मैं कुछ समय तक किसी से नहीं मिल पाऊंगा। क्षमा करें। आप सभी भी कोविड से बचने के लिए अपना ख्याल रखें।

### खालिदा जिया के बैंक खातों पर लगी रोक हटी

**ढाका।** बांग्लादेश में कर अधिकारियों ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया के बैंक खातों पर 17 साल पहले लगी रोक को हटाने का फैसला किया है। राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) ने सोमवार को बैंकों को बीएनपी अध्यक्ष जिया के खातों पर लगी रोक हटाने का निर्देश दिया। अगस्त 2007 में एनबीआर के केंद्रीय खुफिया प्रकोष्ठ ने बैंकों को बीएनपी अध्यक्ष के खातों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था।

### इमरान लड़ेंगे ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर का चुनाव



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में एक साल से बंद इमरान खान ने ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में चांसलर बनने के लिए आवेदन किया है। इमरान के सलाहकार सैयद जुल्फिकार बुखारी ने सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी। बुखारी ने कहा कि इमरान चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी चांसलर इलेक्शन 2024 का आवेदन फॉर्म जमा कर दिया है। यह चुनाव 28 अक्तूबर को होगा।

### रूस की 92 बस्तियों पर यूक्रेन का कब्जा: जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि यूक्रेनी सेना ने पश्चिमी रूस के कुर्क क्षेत्र में 92 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। जेलेंस्की ने सोमवार को 'एक्स' पर कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने 1,250 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा रूसी क्षेत्र पर कब्जा क लिया है। यूक्रेनी सेना कुर्क क्षेत्र के निर्दिष्ट क्षेत्रों में अपना सैन्य अभियान जारी रखे हुए हैं।

### भारत में घुसे 3 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने सोमवार रात त्रिपुरा से भारत में अवैध घुसपैठ करने वाले तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, बाद में उन्हें वापस बांग्लादेश की तरफ भेज दिया गया। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने 'एक्स' पर जानकारी दी। तीन बांग्लादेशी नागरिक त्रिपुरा की तरफ से भारत में घुसे थे।

### इमरान पर तोशाखाना भ्रष्टाचार का तीसरा मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया। यह तोशाखाना का तीसरा मामला है, जिसमें पहला मामला पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा खान के खिलाफ दायर किया गया था, जबकि दूसरा मामला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा 71 वर्षीय खान और 50 वर्षीय बीबी दोनों के खिलाफ दायर किया गया था।

# अब हर सार्वजनिक शौचालयों में तैनात होगा एक महिला और एक पुरुष कर्मचारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**




चंडीगढ़ में करीब 300 सार्वजनिक शौचालय हैं। अधिकतर सार्वजनिक शौचालय स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और स्थानीय मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) की ओर से चलाए जाते हैं। चंडीगढ़ के सार्वजनिक शौचालयों को चलाने के लिए नगर निगम ने नई नीति तैयार की है। नगर निगम की तरफ शौचालयों को चलाने के लिए एमडब्ल्यूए-आरडब्ल्यूए को 30 हजार की जगह अब हर महीने 52,217 रुपए दिए जाएंगे, लेकिन अब शौचालय पर एक महिला-एक पुरुष कर्मी तैनात करना होगा।

डीसी रेट देने के साथ पीएफ भी जमा कराना होगा। इसके साथ अगर शौचालय में गंदगी मिलेगी तो 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। नए नियम व शर्तें तय करने के लिए मेयर कुलदीप कुमार ने एक कमेटी का गठन किया, जिसमें आयुक्त आनंदिता मित्रा, चीफ इंजीनियर, पब्लिक हेल्थ के एसई, हॉर्टिकल्चर के एसई के साथ पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी, जसबीर बंटी, प्रेम लता, दमनप्रीत सिंह, महेशइंदर सिंह सिद्धू और कंवरजीत राणा शामिल रहे। सोमवार को कमेटी की बैठक हुई, जिसमें नई नियमों पर फैसला लिया गया।

सार्वजनिक शौचालय को चलाने में आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए को समस्या न आए, इसे देखते नगर निगम ने प्रति इस्तेमाल पर दो से पांच रुपए वसूलने की इजाजत दे दी है। ये पैसे आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के पास ही रहेंगे। तय किया गया है कि अगर शौचालय पर तैनात कर्मचारी किसी के साथ बदतमीजी करता है तो उसे निकालने की छूट होगी। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालयों को लेकर भी नियमों में बदलाव किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### आरडब्ल्यूए-एमडब्ल्यूए को ही कराने होंगे छोटे मरम्मत कार्य

**कमेटी** की बैठक में तय हुआ है कि जिस भी आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए की ओर से शौचालय चलाया जा रहा है, उन्हें सार्वजनिक शौचालय पर तैनात कर्मचारियों को डीसी रेट देना होगा। वर्दी और पीएफ भी जमा कराना होगा। हर महीने सात तारीख तक वेतन देना होगा। इसके साथ अन्य श्रम कानूनों का भी पालन करना होगा। शौचालय को सबलेट नहीं कर सकते। इसकी निगरानी नगर निगम करेगा। शौचालय पर बिजली-पानी का कनेक्शन अनिवार्य होगा और इसका बिल नगर निगम की ओर से जमा कराया जाएगा। टॉयलेट पर जो छोटे-मोटे मरम्मत के कार्य होंगे उसे आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए को ही करना होगा लेकिन अगर रेनोवेशन और बड़े मरम्मत की जरूरत होगी तो उसे नगर निगम की ओर से किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर प्रसारित दूध में मिलावट की रिपोर्ट्स झूठी और तथ्य विपरित: दलजीत सिंह

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रगतिशील डेयरी किसान संघ (पीडीएफए) ने कहा कि देश में दूध में मिलावट से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही रिपोर्ट्स झूठी और तथ्यों के विपरीत हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीडीएफए के अध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि दूध की शुद्धता महत्वपूर्ण है और लोगों को शुद्ध दूध मिले, इसके लिए सरकार को मिलावट की जांच करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दूध उत्पादन के बारे में गलत जानकारी फैलाई जा रही है।



सिंह ने दूध उत्पादन के आंकड़ों पर विस्तार से बताते हुए कहा कि यह गलत बताया जा रहा है कि पंजाब में 16 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में पीक सीजन के दौरान रोजाना 3 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है, जिसमें से 75 लाख लीटर संगठित क्षेत्र में जाता है और 75 लाख लीटर असंगठित क्षेत्र में जाता है। शेष 1.5 करोड़ लीटर का उपभोग घरों में होता है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के कमजोर मौसम में दूध का उत्पादन घटकर आधा रह जाता है। पिछले 15 वर्षों में गायों का दूध उत्पादन तीन गुना बढ़ गया है।

पीडीएफए अध्यक्ष ने इस बात पर कड़ी आलोचना की कि कैसे सोशल मीडिया पर तथाकथित विशेषज्ञों को आमंत्रित करके दूध उत्पादन के आंकड़ों में हेराफेरी की जा रही है, जिन्हें जमीनी हकीकत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं उन सभी से अपील करता हूं जिन्होंने दूध की गुणवत्ता और इसके उत्पादन के बारे में अफवाहें फैलाई हैं, उन्हें तथ्य सामने लाकर स्पष्टता लानी चाहिए, अन्यथा पीडीएफए ऐसे विचार के खिलाफ कानूनी कदम उठाएगा।

उन्होंने कहा कि मिलावटी पनीर पर कोई अंकुश नहीं है और घटिया पनीर बनाने वाले विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले बताया था कि फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड (एफएसएसएआई) के परामर्श से विभाग में इस मामले की जांच पहले ही हो चुकी है। भारत में डब्ल्यूएचओ के कार्यालय ने एफएसएसएआई को पुष्टि की है कि डब्ल्यूएचओ ने भारत सरकार को दूध में मिलावट के बारे में कभी कोई सलाह नहीं दी है। (अनंत ज्ञान)

## खरड़ में मॉल को उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के खरड़ में स्थित एक मॉल को बम होने की धमकी मिलने के बाद मॉल को खाली करा लिया गया, लेकिन बाद में पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। मोहाली के पुलिस अधीक्षक (देहात) मनप्रीत सिंह ने कहा कि बम की धमकी की सूचना के बाद दोपहर के समय मॉल में तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।



मनप्रीत सिंह ने कहा कि मॉल के अधिकारियों को ई-मेल मिला, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों को मौके पर भेजा गया तथा मॉल को खाली करा लिया गया। मनप्रीत सिंह ने कहा, "वीआर मॉल में गहन तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।" उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

## सीएम धामी ने रूद्रप्रयाग को दी कई योजनाओं की सौगात

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मौसम खराब होने के चलते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अगस्त्यमुनि रुद्रप्रयाग में आयोजित रक्षाबंधन एवं जनमिलन कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्मय से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी बहनों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी तथा शीघ्र रुद्रप्रयाग पहुंचने का वादा कार्यक्रम में शामिल मातृशक्ति से किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद को आठ घोषणाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने अगस्त्यमुनि नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने, जनपद में तकनीकि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भणज में आईटीआई खोलने, तुंगनाथ महोत्सव मक्कू को जिला स्तरीय मेला घोषित किए जाने, मयाली बसुकेदार गुप्तकाशी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण-हॉटमिक्स किये जाने, गुप्तकाशी पीएचसी को उच्चीकृत कर सीएचसी बनाए जाने, महर्षि अगस्त्यमुनि मंदिर का सौंदर्यीकरण किये जाने, यात्रा मार्ग पर घोड़े एवं खच्चरों की अचानक मृत्यु होने पर दाह किए जाने एवं दफनाने की व्यवस्था बनाए जाने के साथ ही विजयनगर-पठालीधार मार्ग के हिस्से का पुननिर्माण किए जाने हेतु 5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किए जाने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महिला सशक्तिकरण आधारित योजनाओं से हमारा प्रयास महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं, स्वयं को, परिवार एवं राज्य को आत्मनिर्भर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्य सरकार ने महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर दायित्वधारी चंडी प्रसाद भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमंत तिवाड़ी, भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा नौटियाल ने भी महिलाओं को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी एवं सरकार द्वारा महिलाओं के हित चलाई जा रही योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, एसएसपी लोकेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती सहित महिलाएं उपस्थित थी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## बागेश्वरधाम जा रहे यूपी के लोगों का ऑटो ट्रक से टकराया, सात की मौत

**एजेंसी, छतरपुर**




उत्तर प्रदेश के छतरपुर जिले में बागेश्वरधाम दर्शन करने जा रहे दर्शनार्थियों से भरे ऑटो और ट्रक में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सात लोगों की ही मौत हो गई। पांच लोग मौके पर ही मारे गए। दो इलाज के दौरान मृत घोषित किए गए। 6 घायलों में 4 की हालत गंभीर घायल हैं।

घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया है। घायलों और मृतकों में बच्चे और बूढ़े सभी शामिल हैं। वहीं मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यह हादसा मंगलवार तड़के सुबह एनएच 39 पर हुआ। बताया जा रहा है कि ऑटो सवारी पासिंग से 4 गुना ज्यादा लोड थी और ऑटो वाले ने ही ट्रक में पीछे से टक्कर मारी है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से ट्रक के पीछे बराबर से चल रही टैक्सी पीछे से टकरा गई और यह भीषण हादसा हो गया।

### पहला चरण: जम्मू कश्मीर में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। यहां पहले चरण में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्याशियों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 27 अगस्त है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त और मतदान की तिथि 18 सितंबर है। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्रों और जम्मू क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। राहुल और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने 'वीर भूमि' जाकर पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।



## पुणे पोर्श दुर्घटना मामला: ब्लड सैंपल बदलने के मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, पुणे**

**महाराष्ट्र** के पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में एक नया मोड़ आया है। हादसे के बाद पुलिस जांच के दौरान आरोपी नाबालिग के खून का सैंपल बदले के मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों की पहचान आदित्य सूद और आशीष मित्तल के रूप में हुई है। संदिग्ध नाबालिग आरोपी के साथ ही दो अन्य नाबालिगों के खून की अदला-बदली की गई। इन दोनों को पुणे क्राइम ब्रांच ने सोमवार रात को गिरफ्तार किया। वे गिरफ्तार मुख्य नाबालिग आरोपी के दो दोस्तों के ब्लड सैंपल बदलने में कथित तौर पर शामिल थे, जो दुर्घटना के समय कार में मौजूद थे। 18 मई की आधी रात को पुणे के कल्याणीनगर इलाके में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार लग्जरी पोर्शे कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे युवक-युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

## ओलंपिक खिलाड़ियों ने की सीएम धामी से मुलाकात

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में पेरिस ओलंपिक में प्रतिभाग कर लौटे खिलाड़ियों अंकिता ध्यानी, परमजीत सिंह एवं सूरज पंवार ने भेंट की।

मुख्यमंत्री ने पेरिस ओलंपिक में प्रतिभाग पर तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## भारत और मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मलेशियाई** समकक्ष अनवर इब्राहिम भारत दौरे पर हैं। हैदराबाद हाउस में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अनवर इब्राहिम ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा की।

मोदी और इब्राहिम वार्ता का मुख्य फोकस व्यापार और निवेश का विस्तार करना और नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग तलाशना था। पीएम मोदी ने कहा कि हमने तय किया है कि भारत-मलेशिया साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं।



वहीं, मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम ने पीएम मोदी को दोस्त और भाई बताया।

उन्होंने कहा कि भारत, मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने कई समझौतों पर दस्तखत किए, जिनमें से एक श्रमिकों की भर्ती और स्वदेश वापसी, जबकि एक अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने से संबंधित है। इब्राहिम तीन दिवसीय भारत दौरे के तहत सोमवात रात दिल्ली पहुंचे। यह बतौर प्रधानमंत्री उनका पहला भारत दौरा है। मोदी और इब्राहिम की बातचीत मुख्य रूप से व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने और नए व उभरते क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर केंद्रित थी।

### सेंसेक्स 378 अंक चढ़कर 80,802 के स्तर पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स मंगलवार को 378 अंक 0.47 फीसदी की तेजी के साथ 80,802 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 126 अंक (0.51 प्रतिशत) की तेजी रही। ये 24,698 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा तेजी बजाज फिनसर्व में रही। ये 3.26 फीसदी चढ़कर 1602 रुपए पर बंद हुआ। सेंसेक्स का टॉप लूजर एयरटेल रहा। ये 1.30 फीसदी गिरकर 1450 रुपए पर बंद हुआ। सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.68त्न चढ़कर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, मेटल और हेल्थकेयर इंडेक्स भी करीब आधा फीसदी चढ़े। सरस्वती साड़ी डिपो का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 31.21 फीसदी चढ़कर 209.95 रुपए पर बंद हुआ।

## पीएम की आगामी यूक्रेन यात्रा एक अच्छा संकेत: शशि थरूर

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की आगामी यात्रा एक अच्छा संकेत है और इसकी सराहना की जाएगी।

मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता करने के लिए यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे।

थरूर ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि यह अच्छी बात है कि भारत दोनों युद्धरत देशों रूस और यूक्रेन के प्रति कुछ हद तक चिंता दिखा रहा है।

पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने कहा, "कई लोगों का मानना है कि भारत आज दुनिया के अधिकांश संघर्षों को लेकर तटस्थ भूमिका में है। दोनों पक्षों के लिए कुछ हद तक चिंता दिखाना अच्छा होगा, जैसा कि उन्होंने (मोदी ने) मास्को में किया था। अब उस देश जाकर राष्ट्रपति जेलेंस्की का अभिवादन करना एक बहुत अच्छा संकेत होगा।"

हालांकि, उन्होंने कहा कि शांति कायम करने में भारत की कोई भूमिका केवल युद्धरत देशों के अनुरोध पर ही हो सकती है। थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री का यूक्रेन जाना अपने आप में एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ अच्छा होता है तो यह और भी बेहतर होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सौरव गांगुली ने ब्लैक की अपनी डीपी



**नई दिल्ली।** कोलकाता रेप एवं मर्डर कांड पर दिए गए अपने बयान के बाद आलोचना का शिकार होने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अपना रुख बदल लिया है। इसके खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शन के साथ अपनी एकजुटता जाहिर करने के लिए एक्स पर अपनी डीपी बदल ली है। उन्होंने प्रोफाइल पिक्चर की जगह ब्लैक डॉट लगाया है। गांगुली ने कहा कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। दरअसल, गत 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 31 साल की ट्रेनिंग डॉक्टर से हुए रेप और फिर उसके मर्डर पर गांगुली ने प्रतिक्रिया दी। इस घटना को उन्होंने अत्यंत विभत्स तो बताया ही लेकिन उन्होंने इसे स्ट्रे एक्सिडेंटयानी की एकाध घटना से जोड़ दिया। इस बात के लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर आलोचना होने लगी। अपने इस बयान पर सफाई देते हुए गांगुली ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि रविवार को जो मैंने बात कही उसका कैसे गलत मतलब निकाला जा रहा है। मैं पहले भी कह चुका हूं कि यह बहुत भयावह घटना है। जो भी हुआ वह बहुत शर्मनाक है।'

### सबालेंका को सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**मेसन (अमेरिका)।** महिलाओं में विश्व नंबर-2 आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीता।



# युवराज सिंह के जीवन पर फिल्म बनाएगी 'टी-सीरीज'

## फिल्म लोगों को चुनौतियों से निपटने के लिए करेगी प्रेरित

**एजेंसी, मुंबई**

भूषण कुमार की निर्माण कंपनी 'टी-सीरीज' ने भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह पर फिल्म बनाने की मंगलवार को घोषणा की। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। भूषण कुमार की 'टी-सीरीज' के बैनर तले इसका निर्माण किया जाएगा, जबकि रवि भागचंदका इसके सह-निर्माता होंगे।

फिल्म में युवराज सिंह के क्रिकेट करियर तथा निजी जीवन के महत्वपूर्ण पल दिखाएं जाएंगे। इसकी कहानी 2007 के टी-20 विश्वकप में छह गेंद पर छक्के लगाने, उनकी कैंसर से लड़ाई और फिर 2012 में दोबारा क्रिकेट की दुनिया में लौटने के इर्द-गिर्द होगी। युवराज सिंह ने 13 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी।

उन्होंने कहा कि वह उम्मीद कर रहे हैं कि उनके जीवन पर आधारित यह फिल्म लोगों को चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित करेगी।

पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, "मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि भूषण और रवि दुनिया भर में मेरे लाखों प्रशंसकों को मेरी कहानी दिखाएंगे। क्रिकेट से मुझे सबसे अधिक प्यार है और सभी उतार-चढ़ावों के दौरान यह ताकत का स्रोत रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म लोगों को अपनी चुनौतियों से उबरने और जुनून के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।"

भूषण कुमार ने कहा कि वह युवराज सिंह के प्रेरणादायक सफर को बड़े पर्दे पर लाने को लेकर उत्साहित हैं। भूषण कुमार ने कहा, "युवराज सिंह का जीवन दृढ़ता, जीत और जुनून की एक बेमिसाल कहानी है। क्रिकेट की पिच से असल जिंदगी का 'हीरो' बनने तक का उनका सफर वाकई प्रेरणादायक है।"

निर्माताओं ने अभी फिल्म के निर्देशक और कलाकारों से जुड़ी जानकारी साझा नहीं की है।



## और इधर... युवी के रिकॉर्ड की बराबरी, एक ओवर में बने 39 रन

**नई दिल्ली**

समोआ के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरियस विसेर ने एपिया में टी-20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र क्वालीफायर में वनातु के खिलाफ एक ओवर में 39 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया।

विसेर ने तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में छह छक्के मारे। इस ओवर में तीन नोबॉल भी शामिल थीं जिससे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड बन गया। इस 28 वर्षीय बल्लेबाज का यह केवल तीसरा टी-20 मैच था। उन्होंने 62 गेंदों में पांच चौकों और 14 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए। इससे पहले पांच अवसरों पर किसी गेंदबाज ने एक ओवर में 36 रन दिए। इन गेंदबाजों में स्टुअर्ट ब्रॉड (2007), अकिला धनंजय (2021), करीम जन्नत (2024),



कामरान खान (2024) और अजमतुल्लाह उमरजई (2024) शामिल हैं। विसेर इस प्रारूप में शतक बनाने वाले समोआ के पहले बल्लेबाज हैं। उनकी इस पारी के बावजूद समोआ की टीम 174 रन पर आउट हो गई वनातु की टीम ने इसके जवाब में अच्छी चुनौती पेश की, लेकिन आखिर में वह नौ विकेट पर 164 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब बचाने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक-2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब नई शुरुआत को बेताब है। चीन के हुलुनबुइर में 8 से 18 सितंबर तक खेली जाने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के बाद भारतीय खिलाड़ियों का पहला अभियान होगी।

आठ सितंबर को भारतीय टीम खिताबी बचाव की शुरुआत मेजबान चीन के खिलाफ करेगी। पीआर श्रीजेश के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा, जिसमें गोलकीपर के तौर पर किशन पाठक, सूरज करकेरा और कर्नाटक के एचएस मोहित पर सभी की निगाहें होंगी।



आठ से 18 सितंबर तक चीन में होगी प्रतियोगिता

### प्रमुख खिलाड़ियों को मिल सकता है आराम

**स्ट्राइकर** मंदीप सिंह और ललित उपाध्याय जैसे कुछ खिलाड़ियों ने आराम के लिए अनुरोध किया है। ये खिलाड़ी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद नेशनल कैंप से जुड़ेंगे। वहीं टीम का नेतृत्व कप्तान हरमनप्रीत सिंह की ओर से किए जाने की संभावना है। हालांकि कंधे की चोट की वजह से टीम को प्रमुख मिडफील्डर हार्दिक सिंह की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।

## अशिमता जापान ओपन से बाहर

**एजेंसी, योकोहामा (जापान)**

भारत की अशिमता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं।



अशिमता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है। वह पहले दौर में दक्षिण कोरिया की किम गा यून का सामना करेगी। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता में नहीं खेल रहा है।

### क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे चोटिल मेसी



**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेसी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं। अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय एंजेल डि मारिया भी टीम में नहीं हैं। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर है।

### तीन टीमें सुब्रतो कप से डिस्क्वालीफाई

**बेंगलुरु।** अधिक उम्र के खिलाड़ियों को मैदान पर उतारने के कारण 63वें सुब्रतो कप सब-जूनियर लड़कों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट से तीन टीमों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। असम के दीमा हसाओ के नाजरथ मॉडल हाई स्कूल, बिहार के जमुई के नेहरू पब्लिक स्कूल और मणिपुर के बिष्णुपुर में उल्टोउ गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल को टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित किया गया। इस आशय की आधिकारिक घोषणा वायुसेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में काम करने वाली 'सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी' ने की। तीन अयोग्य टीमों द्वारा पहले दिन खेले गए मैचों के परिणाम शून्य घोषित कर दिए गए। पिछले टूर्नामेंट में अधिक आयु के खिलाड़ियों को मैदान में उतारने के कारण 16 टीमों को टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित किया गया था।

### बांग्लादेश को शाकिब पर भरोसा

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में बुधवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तो उसे तेज गेंदबाजों की चुनौती से निपटने के लिए अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हरफनमौला शाकिब अल हसन से 'विशेष प्रदर्शन' की उम्मीद होगी। पूर्व कप्तान शाकिब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शुमार है जो वामहस्त बल्लेबाजी और गेंदबाजी से अपने दम पर टीम को जीत दिलाने का माद्दा रखते है। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने कहा, "वह (शाकिब) काफी लंबे समय से खेल रहे हैं। उन्हें अपनी भूमिका के बारे में पता है। वह जानते हैं कि खुद को कैसे तैयार करना है, इसलिए मैं उनके राजनीतिक करियर के बारे में नहीं सोच रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि वह इस सीरीज में कुछ खास करेंगे।"

## पंजाब एफसी ने विडाल के साथ किया अनुबंध

**मोहाली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब पंजाब एफसी ने मंगलवार को 2024-25 सत्र के लिए पांचवें विदेशी खिलाड़ी के रूप में अर्जेंटीना के मिडफील्डर नॉर्बर्टो एजेक्विल विडाल के साथ अनुबंध की घोषणा की।

अर्जेंटीना का यह फुटबॉलर इससे पहले इंडोनेशिया की शीर्ष टीम पर्सिटा टैंगेरंग के लिए खेल रहा था। अर्जेंटीना के बाहिया ब्लैंका में जन्मा यह 29 वर्षीय खिलाड़ी मुख्य रूप से मिडफील्डर या विंगर के रूप में खेलता है।

उन्होंने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2011 में अपने गृहनगर के क्लब ओलिम्पो से की। उन्होंने इस क्लब के साथ आठ साल बिताए और 45 मैच में तीन गोल किए। वह 2022 में इंडोनेशिया के क्लब से जुड़े जिसकी तरफ से उन्होंने 60 मैच में 17 गोल किए।

## टेनिस प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे सुमित नागल

**एजेंसी, मुंबई**

दिग्गज भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और फ्रांस के ह्यूगो गेस्टन यहां तीन से आठ दिसंबर तक होने वाली छठी टेनिस प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग में मुख्य आकर्षण होंगे। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में होने वाले इस टूर्नामेंट के दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की मेग्डा लिनेट और आर्मेनिया की दुनिया की 52वें नंबर की एलिना एवानेस्यान महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी होंगी। यह टूर्नामेंट 25 अंक प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पांच मुकाबले मिलेंगे।



दो फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल मैच होंगे जिसमें कुल 100 अंक दांव पर लगे होंगे। प्रत्येक वर्ग का मैच 25 अंक का होगा।

प्रतियोगिता में सात फ्रेंचाइजी पीबीजी पुणे जैगुआर्स, बंगाल विजार्ड्स, पंजाब पैटरियट्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स, मुंबई लियोन आर्मी और गत चैंपियन बेंगलुरु एसजी पाइपर्स खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

## पहले ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी करेगा सऊदी अरब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ई-स्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए सऊदी अरब की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ साझेदारी की है। इससे पहले ओलंपिक कार्यकारी बोर्ड ने ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक खेलों की शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद आईओसी ने यह कदम उठाया।

यूएनआईवी स्पोर्टटेक के संस्थापक और एफईएआई (फेडरेशन ऑफ ई-स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया) के संस्थापक सदस्य अभिषेक इस्सर ने कहा, "अब प्रत्येक देश ई-स्पोर्ट्स को ओलंपिक पदक जीतने के अवसर के रूप में देखेगा। यह इस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है।" ई-स्पोर्ट्स श्रेणी में खिलाड़ी 2021 और 2022 के बीच चार गुना बढ़ गए और भविष्य के अनुमानों के अनुसार 2027 के अंत तक यह संख्या 15,00,000 तक पहुंच जाएगी।

## पहलवान रौनक दहिया अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, अम्मान (जोर्डन)**

भारत के रौनक दहिया अंडर-17 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान रहे जबकि पांच अन्य पहलवान प्रतिष्ठित कैडेट स्पर्धा के पहले दिन अपने-अपने ड्रॉ में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करते रहे। रौनक ने 110 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए आर्तुर मैनवेलियन पर 8-1 से जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद डेनियल मसलाको पर तकनीकी दक्षता से शानदार जीत हासिल की।

दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले रौनक का अगला मुकाबला हंगरी के जोल्टन जाको से होगा। रौनक के अलावा निशांत फोगाट (80 किग्रा) एकमात्र अन्य भारतीय रहे जिन्होंने जीत हासिल की।

उन्होंने क्वालीफिकेशन दौर में अल्जीरिया के मोहम्मद अबादी के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल की,



**पांच अन्य पहलवान प्रतिष्ठित कैडेट स्पर्धा के पहले दिन अपने-अपने ड्रॉ में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करते रहे**

लेकिन मोलदोवा के निचिता अपोस्टोल से हार गए। बिकाश कच्छप (48 किग्रा) प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं लेकिन अनुज (65 किग्रा) और समर्थ गजानन (55 किग्रा) अपने भाग्य को जानने के लिए सेमीफाइनल के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।

### बबीता के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं विनेश



**नई दिल्ली।** रेसलर विनेश फोगाट अपनी चचेरी बहन बबीता फोगाट के खिलाफ हरियाणा विधानसभा के चुनाव लड़ सकती हैं। यह दावा एक न्यूज एजेंसी ने विनेश के पारिवारिक सूत्रों के हवाले से किया है। फोगाट परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया, 'हां, क्यों नहीं ? संभावना है कि हरियाणा विधानसभा में विनेश फोगाट बनाम बबीता फोगाट और बजरंग पूनिया बनाम योगेश्वर दत्त मुकाबला देखने को मिले।'

### यानिक सिनर ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**मेसन (अमेरिका)।** विश्व के नंबर-1 पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीता। शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4), 6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मर्रे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।



मर्रे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था। सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

**खेलकूद** भारी वर्षा के कारण प्रतियोगिताओं को करना पड़ा था स्थगित

# अंडर-19 लड़के और लड़कियों का खेल कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपनिदेशक उच्च शिक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण जिला में लड़के व लड़कियों की अंडर-19 की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्थगित कर दी गई थी।

उन्होंने बताया कि जोनल जिला स्तरीय अंड़र-19 लड़के व लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता का नया कैलेंडर जारी कर दिया गया है। लड़कियों के जोनल टूर्नामेंट वालीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडीमैंटन प्रतियोगिताएं 1



सितंबर से 3 सितंबर तक, लड़कों की जोनल टूर्नामेंट वालीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडीमैंटन प्रतियोगिताएं 6 सितंबर से 8 सितंबर, लड़कों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं (मेजर गेम्स) 12 सितंबर से 15 सितंबर और लड़कियों के जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 18 सितंबर से 21 सितंबर तथा लड़कों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं (माइनर गेम्स) 23 सितंबर से 25 सितंबर तथा लड़के तथा लड़कियों की जिला स्तरीय एथलीट प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 30 सितंबर तथा लड़के तथा लड़कियों की जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 3 अक्तूबर से 5 अक्तूबर 2024 तक आयोजित होंगी।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं और कोचिंग कैंप की तिथि, स्थान का निर्धारण बाद में किया जाएगा।

